पेज 06 रंग-बिरंगी होती है राजस्थान में होली
पेज 08 नीतीश और राबड़ी में जमकर ...
पेज 12




पारा आपडेट
मैक्सिमम 35.00 | मिनीमम 21.00
सूर्यास्त (आज) ▶ 17.56
सूर्योदय (कल) ▶ 06.01

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत 2081

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, गुरुवार 13 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 249 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### मणिपुर में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के 11 सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने विभिन्न अभियानों में अलग-अलग उग्रवादी संगठनों से जुड़े 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इंफाल ईस्ट जिले के खोरे चिंगंगबम लैकै इलाके से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो सक्रिय कैडर खोंगबामतबम नानाओ मैतेई उर्फ खंगानबा और क्षेत्रिमयुम रोशन सिंह उर्फ किलर को गिरफ्तार किया। इसी तरह, मणिपुर पुलिस और 5/9 जीआर ने इंफाल ईस्ट जिले के संजेमबम खुल्लेन गांव के पास से केवाईकेएल के एक सक्रिय सदस्य कोन्जेंगबम इबोतोंचा मैतेई को गिरफ्तार किया। वह जबरन वसूली में संलिप्त था। उसके पास से 7.62 एमएम की एके राइफल की 45 गोलियां, एक मोबाइल फोन और एक वॉलेट जब्त किया गया।

### जलीय कृषि करने वाले किसानों को बीमा के लिए एकमुश्त प्रोत्साहन

**नई दिल्ली।** मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय वित्त वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक चार वर्षों की अवधि के लिए वर्तमान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना (पीएम-एमकेएसएसवाई) नामक एक नई केंद्रीय क्षेत्र उप-योजना को कार्यान्वित कर रहा है। इसका अनुमानित परिव्यय 6000 करोड़ रुपये है। इसमें 3000 करोड़ रुपये सार्वजनिक वित्त और 3000 करोड़ रुपये निजी निवेश से है। यह जानकारी मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी। उप-योजना के चार घटकों में मात्स्यिकी क्षेत्र का औपचारिकीकरण और कार्यशील पूंजी वित्तपोषण के लिए भारत सरकार के कार्यक्रमों तक मात्स्यिकी सूक्ष्म उद्यमों की पहुंच को सुविधाजनक बनाना और जलीय कृषि बीमा को अपनाने में सुविधा प्रदान करना, फिशरीज सेक्टर वैल्यू चैन एफिशिएंसी में सुधार के लिए सूक्ष्म उद्यमों को सहायता प्रदान करना है।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को एम्स से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी मिल गई है। बुधवार को एम्स द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हृदय संबंधी बीमारियों के कारण 9 मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था। एम्स में चिकित्सा दल द्वारा आवश्यक देखभाल के बाद उनकी स्थिति में संतोषजनक सुधार हुआ और 12 मार्च को उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्हें अगले कुछ दिनों तक पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई है। उल्लेखनीय है कि 9 मार्च को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उपराष्ट्रपति को सीने में दर्द के बाद एम्स में भर्ती कराया गया।

### सीमा पार से हुई गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल

**राजौरी।** राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में बुधवार को सीमा पार से हुई गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल हुआ है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि नौशेरा सेक्टर में सीमा पर कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी गई। इसके बाद सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान चलाया। इसी बीच सीमा पर से एक संदिग्ध स्नाइपर हमले में सेना का एक जवान गोली लगने से घायल हो गया है। घायल जवान को तुरंत उधमपुर के कमांड अस्पताल ले जाया गया है। उसकी पहचान मन कुमार बेगा के रूप में हुई है।

# भारत-मॉरीशस के बीच साझेदारी को 'उन्नत रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा देने पर बनी सहमति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पोर्ट लुईस में कहा कि भारत-मॉरीशस साझेदारी को उन्नत रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम और मैंने भारत-मॉरीशस साझेदारी को उन्नत रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। हमने यह भी निर्णय लिया है कि भारत मॉरीशस में एक नए संसद भवन के निर्माण में सहायता करेगा, जो मॉरीशस को 'लोकतंत्र की जननी' की ओर से एक उपहार होगा।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा मॉरीशस में 100 किलोमीटर लंबी पानी की पाइपलाइन के आधुनिकीकरण के लिए एक परियोजना शुरू की जाएगी। सामुदायिक विकास परियोजनाओं के दूसरे चरण में 500 मिलियन मॉरीशस रुपये की नई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। अगले पांच वर्षों में मॉरीशस के 500 सिविल सेवक भारत में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। हम स्थानीय मुद्रा में द्विपक्षीय व्यापार लेनदेन को निपटाने के लिए भी सहमत हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित एवं संरक्षित हिंद महासागर भारत-मॉरीशस की साझी प्राथमिकता है। हम मॉरीशस के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा में पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वैश्विक दक्षिण हो, हिन्द महासागर हो, या अफ्रीका भू-भाग, मॉरीशस हमारा महत्वपूर्ण साझेदार है। दस वर्ष पहले विजन सागर यानी क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास की आधारशीला यहीं मॉरीशस में रखी गई थी। इस पूरे क्षेत्र की स्थिरता और समृद्धि के लिए हम सागर विजन लेकर चले हैं। वैश्विक दक्षिण के लिए हमारा विजन रहेगा- महासागर, यानी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति। इसमें विकास के लिए व्यापार, सतत विकास के लिए क्षमता निर्माण तथा साझा भविष्य के लिए पारस्परिक सुरक्षा की भावना समाहित है।

प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ भारतीयों की ओर से मॉरीशस के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत और मॉरीशस न केवल हिंद महासागर के जरिए बल्कि साझा सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों से भी जुड़े हुए हैं। हम आर्थिक और सामाजिक दोनों मामलों में मजबूत साझेदार हैं। प्राकृतिक आपदा हो या कोविड की विपदा, हमने हमेशा एक दूसरे का साथ दिया है। रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्पेस सहित हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में हमने अपने संबंधों में कई नए आयाम जोड़े हैं। विकास सहयोग और क्षमता निर्माण में नए कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान

मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजधानी पोर्ट लुइस में देश के सर्वोच्च सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी को मिला यह 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। प्रधानमंत्री ने पूर्ण विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करते हुए पुरस्कार को भारत से सदियों पहले मॉरीशस आए पूर्वजों और उनकी सभी पीढ़ियों को समर्पित किया। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान सम्मानित प्रधानमंत्री ने हार्दिक आभार प्रगट करते हुए कहा कि यह सिर्फ उनका नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और मॉरीशस के बीच के रिश्ते के सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधनों को सम्मान है। साथ ही प्रधानमंत्री ने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया कि भारत-मॉरीशस रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का हर संभव प्रयास करते रहेंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम ने कल एक सामुदायिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी को उनके देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी सम्मान के वास्तविक अधिकारी हैं। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत सरकार की ओर से राष्ट्रपति और उनकी पत्नी मीना को ओवरसीज सिटिजन आफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड प्रदान किया था। यह कार्ड भारत में आवाजाही की वीजा सुविधा प्रदान करता है और भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों को दिया जाता है।



### राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ सीएम ने की बैठक

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिए निर्देश, पर्व त्योहारों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि होली, सरहुल, ईद, रामनवमी सहित अन्य त्योहारों के दौरान राज्य में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों का उत्सव अपराधमुक्त वातावरण में, आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए।

बुधवार को झारखंड मंत्रालय में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव या विवाद उत्पन्न न हो। पुलिस को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश देते हुए उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में शांति समिति के साथ निरंतर बैठक कर समन्वय स्थापित करें। भीड़-भाड़ वाले जगहों, धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करें तथा शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पर्व-त्योहारों के समय सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखें। अफवाह



फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अभियान एवी होमकर, पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय मनोज कौशिक सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

#### मुख्यमंत्री ने ये दिये निर्देश

- आगामी पर्व-त्योहार (होली, ईद, रामनवमी, सरहुल) के मद्देनजर अपेक्षित निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
- विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए दण्डाधिकारी/बलों की उपलब्धता एवं प्रतिनियुक्ति करें।
- धार्मिक स्थलों के आस-पास की सुरक्षात्मक कार्रवाई और सीसीटीवी का लगाने एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलास की व्यवस्था की जाए।
- जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें।
- जुलूस मार्गों में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों और अन्य संवेदनशील स्थानों में दण्डाधिकारी- बलों की प्रतिनियुक्ति एवं विडियोग्राफी-ड्रोन के जरिये एरियल सर्विलांस की व्यवस्था सुनिश्चित करने।
- जुलूस के साथ दण्डाधिकारी -बलों की प्रतिनियुक्ति एवं क्यूआरटी क्यूआरटीएस की व्यवस्था करने।
- जुलूस मार्गों में लगातार प्रकाश और लाउड स्पीकर की व्यवस्था करने।
- संयुक्त नियंत्रण कक्ष और आपातकालीन योजना सुनिश्चित करने।
- जिला स्तरीय थाना की ओर से शांति समिति की बैठक करने।
- जिलों में दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों, दंगा रोधी वाहन, वॉटर केनन की उपलब्धता का सत्यापन और एंटी रॉयट कन्ट्रोल ड्रील की व्यवस्था करने।
- अवैध मादक पदार्थों-शराब के विरूद्ध छापेमारी करने
- डीजे सहित अन्य साउण्ड सिस्टम के जरिये उत्तेजक भडकाउ गानों के प्रसारण पर रोक लगाने।
- सुरक्षा बलों के लिए भोजन,आवास और पानी की व्यवस्था करने।
- पर्व-त्योहार के दौरान आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने।

# झारखंड : कैबिनेट की बैठक में 31 प्रस्तावों पर लगी मुहर

### उत्पाद सिपाही के अभ्यर्थियों को अब दौड़ना होगा सिर्फ 16 सौ मीटर

एजेंसी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक प्रोजेक्ट भवन में हुई। बैठक में कुल 31 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि कैबिनेट में उत्पाद सिपाही की दौड़ में संशोधन पर सहमति दी गई है। उत्पाद सिपाही की दौड़ में संशोधित नियमों के मुताबिक अब अभ्यर्थियों को 10 किलोमीटर नहीं दौड़ना होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अब 10 किमी की जगह 16सौ मीटर की दौड़ छह मिनट में पूरी करनी होगी। इसके अलावा महिला अभ्यर्थियों को पूर्व की तरह 16 सौ मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी, लेकिन अब इसके लिए समय को घटाकर 10 मिनट कर दिया गया गया है।

उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने खनिजों पर भी सेस दर बढ़ाने का फैसला लिया है। खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक 2024 की समीक्षा की गयी तो पता चला कि अन्य खनिज बहुल राज्यों की तुलना में झारखंड में सेस दर काफी कम है। इसी वजह से सेस दर में बढ़ोत्तरी करने का फैसला लिया गया है। खनिज धारित भूमि पर सेस से ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक वसूलने का लक्ष्य रखा जा रहा है। वर्तमान में कोयला और लौह अयस्क धारित भूमि पर 100 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से सेस लिया जाता है।



#### सेविका सहायिका चयन नियमावली में संशोधन

इसके अलावा झारखंड में सेविका सहायिका चयन नियमावली और चिकित्सा महाविद्यालय में तीन वर्षों के आवश्यक सेवा नियमावली में भी बदलाव किया गया है। अब जनजातीय इलाकों में दो किमी के दायरे में रहनेवाली महिलाओं का चयन सेविका और सहायिका के रूप में हो सकेगा। पूर्व में यह दायरा केवल एक किमी ही था, जिसे बढ़ाया गया है। वहीं, पीडीएस दुकानों में ई पोश मशीनों के लिए कंपनी की सेवा में विस्तार दिया गया है। साथ ही साथ आंधी तूफान और लू को भी आपदा में शामिल करने का निर्णय लिया गया है।

#### बिरसा जैविका उद्यान में लगेगी धरती आबा की प्रतिमा

रांची के ओरमांझी स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में भगवान बिरसा की नौ फीट ऊंची प्रतिमा लगाया जाएगा। मूर्ति लगाने के निर्णय को कैबिनेट से मंजूरी दी गई। प्रतिमा लगाने पर कुल 25 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। वहीं एल ख्यांगते को जेपीएससी का अध्यक्ष बनाए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई।

# स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने 161 अभ्यर्थियों के बीच बांटे नियुक्ति पत्र

संवाददाता

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने रांची के नामकुम स्थित आईपीएच परिसर में बुधवार को 161 चयनित अभ्यर्थियोंको नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमें कई विशेषज्ञ डॉक्टर्स शामिल हैं। इससे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री इरफान ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आईपीएच सभागार नामकुम में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मंत्री इरफान अंसारी ने 161 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव अजय सिंह उपस्थित थे। जहां मंत्री ने इसमें विशेष चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी ,ओटी टेक्नीशियन, दंत चिकित्सक को नियुक्ति पत्र दिया गया है। जिसमें विशेष चिकित्सा पदाधिकारी 56, चिकित्सा पदाधिकारी-41
असिस्टेंट-57, डेंटल सर्जन-11 को नियुक्ति पत्र मिला।



### म्यांमार में फंसे भारतीयों को वापस लाया गया, पूछताछ के दौरान पीड़ितों ने कई बातें बतायी

# कई देशों से म्यांमार में फंसे लोग मजबूरन कर रहे साइबर ठगी

**▶▶ 530 भारतीयों को को सकुशल भारत वापस लाया गया है**

एजेंसी

**नईदिल्ली।** विदेश में अच्छी नौकरी का झांसा देकर म्यांमार बुलाकर साइबर ठगी के जाल में फंसाए गए 530 भारतीयों को को सकुशल भारत वापस लाया गया है। इनमें से 64 उत्तर प्रदेश के हैं, जो अन्य जिलों के रहने वाले हैं। इन लोगों से यूपी एसटीएफ, समेत सुरक्षा जांच एजेंसी की टीमों ने पूछताछ की।

भारतीय नागरिकों ने बताया कि म्यांमार में साइबर ठगी कराई जाती थी और पूरे दिन में एक भी शिकार उनके हाथ नहीं लगता था तो उन्हें कई तरह से प्रताड़ित किया जाता था। चार घंटे सोने को और बाकी समय काम कराया जाता था। उन्होंने म्यांमार में अपने साथ हुई बर्बरता की आपबीती बयां की। कुछ लोग तो अपने ऊपर हुए सितम की दास्ता बयां करते हुए रोने लगते थे।



अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कानून व्यवस्था व एसटीएफ अमिताभ यश के नेतृत्व में टीमों ने म्यांमार से भारत लाए गए लोगों से पूछताछ की। इस दौरान इन लोगों ने बताया कि टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से अन्तरराष्ट्रीय संगठित गिरोह, साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के सम्पर्क में आये थे। उन्हें अधिक वेतन का झांसा देकर कम्प्यूटर डाट आपरेटर, कॉल हैडलर समेत कई विभिन्न प्रकार की नौकरियां बतायी गई थी। इसके लिए ऑनलाइन इंटरव्यू लिया और पास होने पर व्हाट्सएप, टेलीग्राम और मेल के जरिए नियुक्ति पत्र भेजा गया था।

बैकांक पहुंचने पर गिरोह के लोगों उन्हें म्यांमार बार्डर के एक होटल में ठहराया गया। अगले दिन गिरोह के दूसरे लोग म्यांमार थाईलैंड बार्डर की नदी पार करके एक स्थान पर ले जाया गया। यहां पर रहने के लिए हॉस्टल, ट्रेनिंग सेंटर बना रखे थे। उन लोगों के यहां पर पहुंचने पर उनके पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज छिपा लेते थे। इसका विरोध करने वालों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाता था। काम के बदले उन्हें थाई करेंसी मिलती थी, जिसे वे मनी एक्सचेंजर के जरिए अपने परिजनों को भेजते थे। भारत के अलावा कई देशों के नागरिकों को म्यांमार ले जाकर उनसे साइबर ठगी कराई जा रही है। एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि इनसे अब तक मिली जानकारी की गहनता से जांच की जा रही है।

# उभरती सुरक्षा चुनौतियों के मुकाबले वायु सेना की क्षमता बढ़ाने पर जोर

### वायु सेना प्रमुख ने तीनों सेनाओं के परिचालन तालमेल को आवश्यक बताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भू-रणनीतिक परिदृश्य में उभरती सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तेजी से क्षमता वृद्धि की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए तीनों सेनाओं के बीच एकीकृत प्रशिक्षण और परिचालन तालमेल को आवश्यकता बताया।


उन्होंने सुरक्षा खतरों के लिए तेजी से क्षमता वृद्धि, संयुक्त कौशल और अनुकूल रणनीतियों पर जोर दिया।



एयर चीफ मार्शल बुधवार को रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी), वेलिंगटन में स्थायी संकाय के साथ 80वें स्टाफ कोर्स में भाग लेने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के छात्र अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दो दिवसीय डीएसएससी के दौरे के आखिरी दिन अपने संबोधन में कोर्स अधिकारियों से बदलाव को अपनाने, उभरते खतरों का गंभीरता से आकलन करने और भविष्य के संघर्षों के लिए अनुकूल रणनीति तैयार करने का आग्रह किया। उनकी इस यात्रा ने एकीकृत संचालन और भविष्य के लिए तैयार नेतृत्व के लिए भारतीय वायु सेना की प्रतिबद्धता को पुष्ट किया।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से विभिन्न संगठनों के शिष्टमंडल मिले



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को विभिन्न संगठनों के शिष्टमंडलों ने राजभवन में मुलाकात की और विभिन्न मांगों को लेकर पहल करने का आग्रह किया। महिपाल महतो के नेतृत्व में प्रशिक्षित शिक्षक संघ के शिष्टमंडल ने राज्य में जेटीईटी परीक्षा के आयोजन को लेकर राज्यपाल से पहल करने का अनुरोध किया। वहीं, हरेन्द्र कुमार महतो के नेतृत्व में एक अन्य शिष्टमंडल ने कुर्मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एस़.टी.) का दर्जा देने की मांग को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की।इसके अलावा, नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने एन.सी. कर्जी के नेतृत्व में राज्यपाल से भेंट कर वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### वित्त आयोग के अध्यक्ष एपी सिंह ने राज्यपाल को सौंपी प्रथम रिपोर्ट




**रांची।** राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एपी सिंह ने बुधवार को राज भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को झारखंड राज्य के पांचवें वित्त आयोग का प्रथम प्रतिवेदन समर्पित किया।

### व्यवसायी विपिन मिश्रा फायरिंग में अमन गिरोह के तीन अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

**रांची।** जिले की पुलिस ने सात मार्च को व्यवसायी विपिन मिश्रा पर फायरिंग करने वाले अमन साहु गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से पिस्टल गोली मैगजीन और बाइक जब्त किया है। जिले के पुलिस कप्तान सह डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा ने घटना के बाद अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए शहर के कई थानों की पुलिस के साथ कई अलग अलग टीमें बनायी थी, सभी टीमें एक दूसरे के साथ तालमेल कर अपने अपने क्षेत्र में काम कर रही थी, जिसमें पुलिस ने अपने खुफिया तंत्रों की मदद से अमन साहु के ईशारे पर किसी की भी जान ले लेने वाले तीन शूटरों को धर दबोचा। पुलिस गिरफ्त में आये शूटरों में रातू थाना के कमड़े निवासी समीर बाग्ची उर्फ कल्लू बंगाली,सिकिदीरी थाना के ग्राम सोसो नावागढ़ निवासी अजय सिंह और मांडर थाना के कनभीठा निवासी वसीम अंसारी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को अपने गिरोह के बारे कई अहम जानकारियां दी है जिस पर पुलिस आगे की कार्रवाई में लग गयी है। एसएसपी श्री सिन्हा के मुताबिक इनमें से समीर बाग्ची के खिलाफ 3 मामला, अजय सिंह के खिलाफ 14 और वसीम के खिलाफ 4 अपराधिक मामले दर्ज हैं।

### संत मरिया महागिरजाघर चर्च में आध्यात्मिक साधना आज से



**रांची।** पुरूलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजा चर्च में तीन दिवसीय आध्यत्मिक साधना 13 मार्च से शुरू हो रहा है जो 15 मार्च तक चलेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। सुबह नौ बजे से कार्यक्रम शुरू होगा जो शाम पांच बजे तक चलेगा। इसमें बड़ी संख्या में फादर, सिस्टर और विश्वासी शामिल होंगे। सिमडेगा पडरी पानी चर्च के फादर मुख्य वक्ता फादर जार्ज किंडो (सीएसएसआर) होंगे। बुधवार को अपने वाहन से रांची पहुंचेंगे जहां वे पेरिस बंगला में ठहरेंगे। आध्यात्मिक साधना में विश्वासियों को क्रुस रास्ता के 14 घटनाओं के बारे में बताया जाएगा। ईश्वर से मेल मिलाप करने का विनती भी सुनाई जाएगी। साधना में पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो, प्रफुत टोप्पो, नीलम तिडु, एजेकेएल टोप्पो, डिकन निरज कंडुलना, सिस्टर, धर्म बंधु और विश्वासी शामिल होंगे।

आश्रम हत्या कांड

# मुख्य आरोपित ने पुलिस की पिस्टल छीनने का किया प्रयास, गोली लगने से घायल

संवाददाता

**रांची।** रांची के चान्हो थाना क्षेत्र स्थित आनंद मार्ग आश्रम में छह मार्च की रात हुई डकैती के दौरान साधु मुकेश साह और राजेंद्र यादव की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित मो. प्रिंस को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आरएन चौधरी ने बुधवार को बताया कि रांची पुलिस ने मंगलवार देर रात बीआईटी थाना क्षेत्र से प्रिंस को पकड़ा था। उसकी निशानदेही ही पर पुलिस हत्या में प्रयुक्त हथियार का खोजबीन कर रही थी, इसी दौरान प्रिंस पुलिस की अभिरक्षा से भगाने के उद्देश्य से हथकड़ी पकड़े



सिपाही को धक्का देकर चान्हो थाना प्रभारी का पिस्टल छिनने का प्रयास किया। डीएसपी ने बताया कि इस दौरान पिस्टल से गोली चलने से अपराधी प्रिंस के बांये पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस की टीम के जरिये उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएसपी ने बताया कि इस घटना में शामिल चार अपराधियों को पुलिस ने सात मार्च को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं एक अपराधी ने बीते 10 मार्च को पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया था।

गिरफ्तार आरोपितों में मो. प्रिंस, गुलाम गौस, जितेन्द्र यादव, अरविंद यादव, सूरज पाहन और अफरोज अंसारी शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक 12 हजार रुपये नकद, एक चांदी की सिकड़ी, एक देशी पिस्तौल, तीन जिंदा गोली, दो मैगजीन लगा पिस्टल, एक स्कार्पियों सहित अन्य सामान बरामद किये गये हैं। डीएसपी ने बताया कि सभी अपराधियों ने पातकोई जंगल में बैठकर आश्रम में लूटपाट करने की योजना बनाई थी, इसके बाद सभी आश्रम पहुंचे।

इसके बाद अपराधियों ने साधु मुकेश साह और राजेंद्र यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। राजेंद्र को तीन गोली मारी गई है, जबकि मुकेश को एक गोली मारी गई है। राजेंद्र यादव कुछ दिनों से आश्रम में साधु मुकेश साह के साथ ही रहता था। घटना के वक्त दोनों मृतक आश्रम की दूसरी मंजिल में साथ में थे।

## नगर निगम कर्मियों का अनशन आठवें दिन समाप्त, अप्रैल से मिलेगी फैमिली पेंशन

संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम कर्मियों का 5 मार्च से शुरू अनिश्चितकालीन अनशन बुधवार को आठवें दिन समाप्त हो गया. निगम प्रशासन के अप्रैल से फैमिली पेंशन देने के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने अपना अनशन खत्म किया। निगम प्रशासन संदीप सिंह की ओर से उप प्रशासक गौतम प्रसाद, सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार और अन्य अधिकारियों ने अनशन स्थल पर पहुंचकर कर्मियों को गन्ने का जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। नगर निगम प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि अप्रैल से सभी पात्र कर्मियों को फैमिली पेंशन दी जायेगी।

यह पेंशन झारखंड हाईकोर्ट के निर्देशों के आलोक में पहले तीन कर्मचारियों को दी गयी पेंशन की तर्ज पर ही मिलेगी। मालूम कि हाईकोर्ट के आदेश के तहत पहले तीन कर्मचारियों को फैमिली पेंशन मिलनी शुरू हो चुकी है। उसी प्रक्रिया के तहत अब अन्य पात्र कर्मियों को भी पेंशन दिए जाने की बात कही गयी है।

**कर्मियों ने सामूहिक आत्मदाह करने की घोषणा की थी**

मंगलवार को अनशनकारी कर्मियों ने घोषणा की थी कि यदि उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो वे बुधवार को सामूहिक आत्मदाह करेंगे। इसके बाद नगर निगम प्रशासन हरकत में आया और कर्मियों से बातचीत कर समाधान निकाला। अब निगम कर्मियों को उम्मीद है कि अप्रैल से उन्हें पेंशन मिलनी शुरू हो जाएगी और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

## सीएम हेमंत सोरेन से जेपीएससी अध्यक्ष ने की शिष्टाचार भेंट



संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अध्यक्ष एल खियांग्ते ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। यह शिष्टाचार भेंट कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्य सचिव एल खियांग्ते को 27 फरवरी को जेपीएससी का नया अध्यक्ष बनाया गया था। राज्य सरकार ने एल. खियांग्ते के नाम का प्रस्ताव भेजा था, जिस पर तत्काल निर्णय लेते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने इस पर मुहर लगा दी थी। जेपीएससी अध्यक्ष का पद छह माह से खाली था। 22 अगस्त 2024 को डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा के रिटायर होने के बाद जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई थी। एल. खियांग्ते झारखंड कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। उन्होंने 1987 में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा पास की थी। मूल रूप से मिजोरम के रहने वाले एल खियांग्ते आदिवासी समुदाय से आते हैं। वह झारखंड के मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) रह चुके हैं। इसके अलावा कई प्रमुख पदों पर भी उन्होंने काम किया है। एल खियांग्ते प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान (एटीआई) के महानिदेशक भी रहे हैं।

## मतदाता पहचान पत्र के लंबित आवेदनों का जल्द से जल्द करें निष्पादित : के. रवि



संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता पहचान पत्र से संबंधित सभी आवेदनों को ससमय निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को मतदाता पहचान पत्र पंजिकरण से संबंधित कोई शिकायत न रहे। के. रवि कुमार बुधवार को सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के डाटा इंट्री ऑपरेटरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का सख्त निर्देश है कि मतदाता पहचान पत्र बनाने में जीरो एरर के लक्ष्य से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि विगत के चुनावों में मतदाता सूची के निर्माण एवं मतदाताओं के पंजिकरण के लिए बेहतर कार्य हुए हैं। उस कार्यप्रणाली को अभी भी एक्टिव रखें ताकि ससमय मतदाताओं के समस्याओं का निराकरण होता रहे। उन्होंने एनजीएसपी पोर्टल पर किसी भी मतदाता के शिकायत पेंडिंग न रहे सभी शिकायतों का ससमय निराकरण करते हुए संबंधितों को सूचित करें।

इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### गोशाला धाम में 9 दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ 17 से



**रांची।** रांची गोशाला न्यास के हुटुप गोशाला धाम परिसर में 17 से 25 मार्च तक श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रभारी वासुदेव भल्ला और मुकेश काबरा बुधवार को बताया कि नौ दिवसीय श्रीराम कथा की कथा व्यास संगीता किशोरी दोपहर तीन से छह बजे तक कथा का वाचन करेंगी। उन्होंने कहा कि रांची के हुटुप गोशाला धाम में आयोजित होने वाली श्रीराम कथा न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह समाज में सत्य, प्रेम और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने का एक प्रयास भी है। इस प्रकार के आयोजनों से हमें जीवन में श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलेगी। महिलाओं की ओर से 17 मार्च को सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी।


## होली के बाद झारखंड का मौसम बदलेगा पश्चिमी विक्षोभ का दिखेगा असर

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड का मौसम होली के बाद बदलने वाला है। रांची समेत झारखंड में अगले चार दिनों के दौरान गर्मी बढ़ने के आसार हैं। वहीं, 14 से मौसम में बदलाव के साथ बादल छाएंगे, जो 17 तक कायम रहेंगे। इसके चलते रांची समेत पूरे राज्य के अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री तक वृद्धि हो सकती है। हालांकि, होली के बाद झारखंड का मौसम बदलने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखेगा और तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।

**अगले एक हफ्ते तक झारखंड का मौसम कैसा रहेगा**

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 14 मार्च तक आसमान साफ रहेगा। झारखंड और पड़ोसी राज्यों में भी ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। ऐसे में तेज धूप के चलते पारा अगले 3 दिन के दौरान तेजी से



बढ़ेगा। लेकिन 14 के बाद बादल छाने से इसमें गिरावट आएगी। 14 मार्च को देश के पश्चिमोत्तर भाग में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने से मौसम में बदलाव होगा।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची समेत राजधानी में अगले तीन दिनों के दौरान गर्मी बढ़ने की संभावना है। इस दौरान तीन से पांच डिग्री तक अधिकतम तापमान में उछाल दर्ज किया जा सकता है। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य में 14 से मौसम बदलाव का पूवार्नुमान व्यक्त किया गया है।

**कब होगी बारिश**

होली के मौके झारखंड का मौसम काफी गर्म रहेगा। इस दौरान तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी। इसके बाद झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा। पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य के कई इलाकों में बारिश हो सकती है। बारिश के बाद तापमान में कमी देखने को मिलेगी। हालांकि, यह दौर ज्यादा समय तक नहीं चलेगा। जैसे-जैसे मार्च बीतेगा प्रदेश का मौसम गर्म होता जाएगा और तापमान बढ़ता जाएगा।

## महिलाएं श्रृष्टि रचयिता : ममता कुमारी

संवाददाता

**रांची।** बाल कल्याण संघ एवं अळरएउ झारखंड चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में होटल कैपिटल हिल, रांचीमें एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य झारखंड निजी नियोजन अभिकरण एवं घरेलू कामगार विनियमन विधेयक 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक संशोधनों और सुझावों पर चर्चा करना था।

बैठक की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार की सदस्य श्रीमती ममता कुमारी ने कहा कि यह विधेयक झारखंड की लाखों महिलाओं के जीवन को सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब हर क्षेत्र में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित कर रही हैं, इसलिए समाज को चाहिए कि वह महिलाओं के योगदान को प्रोत्साहित करे और उन्हें सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करने की दिशा में सार्थक



कदम उठाए। संयुक्त श्रमायुक्त प्रदीप लकड़ा ने विधेयक के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राज्य सरकार इस पर गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विधेयक के अनुसार, निजी नियोजन कंपनियों का पंजीकरण अनिवार्य होगा और घरेलू कामगारों से 8 घंटे से अधिक कार्य नहीं लिया जा सकेगा। यदि अतिरिक्त समय कार्य लिया जाता है, तो नियोजक को दोगुना पारिश्रमिक देना होगा। यह प्रावधान घरेलू कामगारों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके शोषण को रोकने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

बाल कल्याण संघ के संस्थापक संजय मिश्र ने कहा कि इस विधेयक के क्रियान्वयन से झारखंड के लाखों घरेलू कामगारों को कानूनी संरक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार इसे मंत्रिपरिषद में पारित कर जल्द से जल्द लागू करने की दिशा में कार्य कर रही है। यह अधिनियम न केवल सुरक्षित पलायन को सुनिश्चित करेगा बल्कि मानव तस्करी पर भी प्रभावी रोक लगाने में मदद करेगा।

रांची › होली पर खून जैसा लाल दिखेगा चांद

# हर तरफ छा जाएगा अंधेरा, जानें ब्लड मून के पीछे का रहस्य

संवाददाता

**रांची।** ब्लड मून एक खगोलीय घटना है, जिसमें चांद धीरे-धीरे सुर्ख लाल या तांबे के रंग में बदलने लगता है। ये नजारा दुनिया के कई हिस्सों में देखने को मिलेगा। बता दें कि जब धरती की छाया सूरज के प्रकाश को रोक देती है तब हमारे वातावरण में मौजूद गैस, धूल और अन्य कणों के कारण चांद लाल रंग का दिखने लगता है।

पूर्ण चंद्रग्रहण तब होता है जब चांद पूरी तरह से जमीन की छाया के सबसे गहरे वाले हिस्से में आ जाता है। इस दौरान सूरज की रोशनी चांद तक सीधे नहीं पहुंच पाती हैं, जिससे चांद में कुछ



समय के लिए अंधेरा छा जाता है, हालांकि ये पूर्ण रूप से काला तो नहीं होता, लेकिन इसमें लालिमा जरूर छा जाती है। जब चांद धरती की छाया में होता है तब सूरज की सीधी रोशनी उस तक नहीं पहुंच पाती है, हालांकि हमारी पृथ्वी का वातावरण सूरज के प्रकाश को मोड़कर चांद तक पहुंचाता है। इस दौरान वातावरण नीले प्रकाश को बिखेरता है और सिर्फ नारंगी और लाल रंग की लाइट को ही गुजरने देता है, जिस कारण चांद गहरे लाल रंग का दिखने लगता है। इसे ही 'ब्लड मून' कहा जाता है।

ब्लड मून के दौरान अगर वातावरण में ज्वालामुखी, धुआं या धूल से निकले कण ज्यादा होंगे तो चांद और भी अधिक गहरा लाल या तांबे के रंग का दिखाई दे सकता है. 'एनएएसए' के मुताबिक यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे पूरी धरती में सूर्यास्त और सूर्योदय के समय का प्रकाश चांद पर पड़ रहा हो

ब्लड मून के दौरान अगर आसमान में हल्की नमी होगी ता आपको मूनबो भी देखने को मिल सकता है। यह चांद की रोशनी से बनने वाला एक इंद्रधनुष है। पृथ्वी की छाया में होने के कारण इसकी चमक और भी ज्यादा देखने को मिलेगी।

पूर्ण चंद्रग्रहण यानी ब्लड मून मुख्य रूप से पश्चिमी गोलार्ध वाले देशों में देखा जा सकता है। इनमें कनाडा, अमेरिका, मेक्सिको और साउथ अमेरिका के कुछ देश हैं, जहां यह बिल्कुल साफ दिखाई देगा।

भारत में यह पूरी तरह देखने को नहीं मिल पाएगा, हालांकि अगर मौसम साफ रहता है तो आपको इसका आंशिक प्रभाव देखने को मिल सकता है।

## जागरूकता कर जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही उद्देश्य : स्वीकृति विनाया

वरीय संवाददाता

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान का शुभारम्भ दिनांक 15 दिसंबर 2024 से हो हुआ था, जिसका समापन सोमवार को हो गया हैं। इसी कड़ी में अंतिम दिन मांडर प्रखंड के बिसाहा खटंगा गांव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वीकृति विनाया, पीएलवी सोनी कुमारी बिनिता कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

एलएडीसी सहायक स्वीकृति विनाया ने झालसा प्रोजेक्ट आत्मनिर्भरता, मानवता व शक्ति



पर फोकस किये। इसके अलावा उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के समर्पित पीएलवी सभी प्रखंडों में तैनात है। किसी भी तरह का समस्या हो तो आप सम्पर्क कर सकते है। इसके अलावा स्वीकृति विनाया ने डायन बिसाही, नशा उन्मूलन, बाल विवाह, बाल श्रम पर फोकस किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को ज्ञात हो कि 10 मई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में डालसा के पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### रोटरी क्लब बोकारो ने बेसहारा बच्चों के साथ मनाई होली



**बोकारो।** रोटरी क्लब, चास के सदस्यों ने सहयोग विलेज में बच्चों के साथ होली मनाई। रोटरी क्लब के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा सहयोग विलेज के बच्चों के साथ होली मनाना एक बहुत ही नेक और खुशी देने वाला कार्य है। इससे न सिर्फ बच्चों को खुशी मिलती है, बल्कि आपके अंदर भी संतोष और आनंद का एहसास होता है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि गुलाल से बच्चों के साथ रोटरी सदस्यों ने होली खेली तथा बच्चों ने आपस में एक दूसरे को अभी लगाकर उत्साह का प्रदर्शन किया। दीवा बैद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए स्वादिष्ट खाने एवं मिठाई के पैकेट के साथ कॉपी, पेन, चॉकलेट और बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ललिता चोपड़ा, पूजा बैद, डिंपल कौर, ज्योति अग्रवाल, भाग्यश्री बैद, श्रुति बैद, मनोज सिंह, विजय अग्रवाल, प्रेम शंकर सिंह, अर्चना सिंह, नरेंद्र सिंह, डॉ श्रवण, किरण कुमार, पूर्वी केजरीवाल, रितु अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा।

### डीवीसी के मेंबर टेक्निकल का बोकारो थर्मल दौरा



**बोकारो।** डीवीसी के मेंबर टेक्निकल एस. के. पांडा बुधवार की दोपहर बोकारो थर्मल के दौरे पर पहुँचे। उनके साथ ईडी सिस्टम दिनेश कुमार सिंह, वरीय जीएम ट्रांसमिशन जयंतो दत्ता सहित अन्य अभियंता भी थे। बोकारो थर्मल आगमन पर डीवीसी के निदेशक भवन में एचओपी सुशील कुमार अरजरिया ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद मेंबर टेक्निकल पावर प्लांट पहुँचे और एचओपी, जीएम ओ एंड एम, जीएम विद्युत, डीजीएम प्रशासन सहित सभी वरीय अभियंताओं के साथ 630 मेगावाट वाले स्क्रैप पावर प्लांट के कटिंग स्थल का निरीक्षण किया। कार्य कर रही कंपनी राधा स्मेल्टर्स का कार्य वर्तमान इलेक्ट्रिकल के मेन कंट्रोल रूम के कारण बाधित हो रहा है, जिसे लेकर स्थान बदलने की योजना बनाई गई। इस संबंध में निरीक्षण भी किया गया। इसके पश्चात, डीवीसी पावर प्लांट के तकनीकी भवन स्थित सभागार में एचओपी सहित सभी अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बोकारो थर्मल में नए पावर प्लांट को लेकर चर्चा की गई, जिसमें कहा गया कि वर्तमान में सर्वे का कार्य जारी है। सर्वे पूरा होने के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### अधिवक्ता संघ भवन में होली मिलन समारोह आयोजित



**तेनुघाट/ बोकारो।** तेनुघाट स्थित अधिवक्ता संघ भवन में बुधवार 13 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय प्रेमनाथ पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारा का त्योहार है। इसे हमें मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमारी परंपरा है कि होली के दिन हम पुराने गिले शिकवे भूल कर एक दूसरे से गले मिल कर रंग अबीर लगाते हैं, जिससे हमारी आपसी मिलन बराबर बना रहे। जिला जज तृतीय फहीम किरमानी ने कहा कि होली के साथ-साथ पाक रमजान का भी त्योहार चल रहा है। इसलिए सभी सौहार्दपूर्ण ढंग से इस त्यौहार को मिलकर शांत वातावरण में मनाए। अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने कहा कि यह हमारी पुरानी परंपरा है कि होली मिलन समारोह में अधिवक्ता संघ के साथ न्यायिक पदाधिकारी भी आते हैं और हम मिलकर होली की बधाई देते हैं। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा ने कहा कि होली आपसी भाईचारा का त्योहार है और हमें इसे मिलजुल कर मानना चाहिए। अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि होली मिलन समारोह में आज हम सब मिलकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगा रहे हैं। कहा कि होली के साथ-साथ पाक रमजान त्योहार के भी दोनों समुदाय को बहुत-बहुत बधाई। होली मिलन समारोह में उपरोक्त के अलावा मुंसिफ शिवराज मिश्रा, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष वेंकट हरि विश्वनाथन, संयुक्त सचिव प्रशासन शंकर ठाकुर, संयुक्त सचिव पुस्तकालय राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव सहित अधिवक्ता संघ के सदस्य गण मौजूद थे।

### दामोदर बचाओ आंदोलन फुसरो नगर समिति की हुई बैठक

**फुसरो/ बोकारो।** राजेंद्र स्मृति भवन फुसरो में मंगलवार को दामोदर बचाओ आंदोलन फुसरो नगर समिति की बैठक दयानंद बरनवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दामोदर बचाओ आंदोलन के जिला संयोजक सुरेंद्र सिन्हा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आगामी 22 मार्च को बोकारो के आशालता केंद्र सेक्टर-5 में विश्व जल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन होना है। संगोष्ठी के कार्यक्रम को युगांतर भारती नेचर फाउंडेशन, स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट, दामोदर बचाओ आंदोलन जल जागरुकता अभियान एवं दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में होना तय हुआ है। कहा कि उक्त संगोष्ठी में जल संरक्षण के उपाय एवं इसपर पड़ रहे संकट के बारे में विशेषज्ञों द्वारा प्रकाश डाला जायेगा। इस कार्यक्रम में फुसरो नगर समिति के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। मौके पर बेरमो अनुमंडल संयोजक मधुसूदन सिंह, संरक्षक भाई प्रमोद सिंह, पंकज पांडे, बैभव चौरसिया, नगर संयोजक भरत कुमार वर्मा, दिनेश सिंह, विद्यार्थी पांडेय, शंकर गोयल, राकेश सिंह, शिवपूजन चौहान, रूपेश सोनी, प्रेम शंकर पांडेय, संतोष चंद्रवंशी, अजय गिरि, विक्की यादव, सूर्य नारायण ठाकुर, सूरज कुमार, कन्हैया वर्मा आदि मौजूद थे।

SAHYOGINI
At- Bahadurpur (Jaina) Dist- Bokaro, – 829301 (Jharkhand)
Email- sahyoginiho@gmail.com, Mob. No.-9431145778
EXPRESSION OF INTEREST
SAHYOGINI is a registered Trust Act, has received grant-in-aid from Ministry of Textiles, GOI, O/o DC(Handicrafts) to distribute 50 sets of improved toolkits to Cane & Bamboo artisans. SAHYOGINI invites EOI from the agencies / firm for supply of Tool Kits for Cane & Bamboo Craft as per the detailed specifications given in the scope of work/Terms of Reference (TOR). Interested agencies may submit EOI along with financial quotes on above address. Last date for submission of EOI shall be within 07 days from this publication.

## तीन माह बाद भी नहीं हुई फटी पाइपलाइन की मरम्मत

# तीसरी पाइप फटी तो बंद करना होगा पावर प्लांट

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो थर्मल के निशन हाट पुलिया से मुर्गी फार्म होकर नूरी नगर स्थित डीवीसी के ऐश पॉन्ड को जाने वाली फटी पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य तीन माह बाद भी गोविंदपुर के रैयतों के विरोध के कारण नहीं किया जा सका है। इस बीच, एक सप्ताह पूर्व मुर्गी फार्म के समीप पाइपलाइन की एक और पाइप फट गई है, जिसकी मरम्मत का कार्य भी नहीं करने दिया जा रहा है। डीवीसी प्रबंधन का मानना है कि यदि एक और पाइप फट गई तो मजबूरन 500 मेगावाट वाले ए पावर प्लांट को बंद करना पड़ जाएगा। उक्त पाइपलाइन की एक पाइप 10 दिसंबर को फट गई थी और फटी पाइप से धान के खेतों में ऐश (छाई) का बहाव हो गया था, जिससे खेतों में छाई जमा हो गई थी तथा धान की फसल को भी नुकसान पहुंचा था।

फटी पाइप की मरम्मत को लेकर गोविंदपुर के रैयतों एवं डीवीसी प्रबंधन के बीच जारी गतिरोध को समाप्त करने के लिए कई दौर की वार्ता हुई, परंतु कोई समाधान नहीं निकल सका। बाद में मामला बेरमो एसडीएम मुकेश मछुआ एवं बोकारो डीसी के संज्ञान में भी गया था।

बेरमो एसडीएम की अध्यक्षता में डीवीसी प्रबंधन एवं रैयतों के बीच हुई वार्ता का भी कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। एसडीएम द्वारा घोषित मुआवजे की राशि को भी रैयतों ने स्वीकार नहीं किया। नतीजतन, मामला विगत तीन माह से लंबित है। इस बीच, पाइपलाइन की एक और पुरानी पाइप मुर्गी फार्म के समीप फट गई, परंतु रैयतों ने उसकी मरम्मत का कार्य भी रोक दिया। यदि पुरानी हो चुकी पाइपलाइन की तीसरी पाइप फटती है, तो डीवीसी प्रबंधन को मजबूरन पावर प्लांट बंद करना पड़ सकता है। विभागीय डीजीएम एन. मुरस्कर ने भी ऐसी संभावना जताते हुए लिखित पत्र एचओपी को भेजा है। इस संबंध में डीजीएम बी. जी. होलकर से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि तीन माह बीतने के बाद भी पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि डीवीसी ने पाइपलाइन के लिए जमीन सीसीएल प्रबंधन से ली थी, जबकि उस जमीन पर गोविंदपुर के रैयत अपना दावा कर रहे हैं।

## ओएनजीसी के हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने गुदगुदाया



संवाददाता

**बोकारो।** ओएनजीसी की सीबीएम परिसम्पत्ति इकाई की ओर से मंगलवार देर शाम सेक्टर-5 स्थित आशालता केन्द्र में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित कवियों ने एक से बढ़कर एक काव्य रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया और हंसते-हंसते लोटपोट होने को विवश कर दिया।

आमंत्रित कवियों में चिराग जैन, मनीषा शुक्ला, अभिनव शंकर अनिकुल, महेन्द्र अजनबी और रमेश मुस्कान ने काव्य-फुहारों की बौछार की। विशेषकर अभिनव शंकर ने कविताओं के साथ-साथ शेरो-शायरी की झड़ी लगाकर सबकी भरपूर सराहना बटोरी। क्यों जायका बिगाड़े हम कुछ खराब पी के, कौन बोतल छूए इन लबों की शराब पी के..., धर्म से, अधर्म से और मानवता के मर्म से, मंच के कथ्य से, ओझल नेपथ्य से, और कविताएं चुराता हूँ मै उस अंतिम सत्य से... आदि सुनाकर समां बांधा दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओएनजीसी की स्थानीय इकाई के कार्यकारी निदेशक, परिसम्पत्ति प्रबंधक आदित्य जौहरी ने साहित्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उक्त आयोजन की महत्ता बताई।

## पांच लाख रुपये तक प्रति डिसमिल बेची जा रही सीसीएल गोविंदपुर की जमीन

संवाददाता



**बोकारो।** सीसीएल कथारा एरिया अंतर्गत सीसीएल गोविंदपुर परियोजना की अधिग्रहित जमीन इन दिनों दो से पांच लाख रुपये प्रति डिसमिल की दर से बेची जा रही है। आश्चर्यजनक रूप से, यह खरीद-फरोख्त महज नॉटरी के एफिडेविट या आपसी समझौते के आधार पर की जा रही है। चूंकि यह जमीन सीसीएल द्वारा अधिग्रहित की गई थी, इसलिए इसकी विधिवत रजिस्ट्री नहीं हो सकती। बावजूद इसके, जमीन की खरीद-फरोख्त के बाद उस पर घरों का निर्माण भी धड़ल्ले से किया जा रहा है। बताया जाता है कि सीसीएल ने इस भूमि का अधिग्रहण कर रैयतों को नौकरी एवं मुआवजा प्रदान कर दिया था। जिन लोगों की जमीन अधिग्रहित हुई थी, वे या तो सीसीएल से नौकरी करके सेवानिवृत्त हो चुके हैं या दिवंगत हो चुके हैं। अब उनके परिजन सीसीएल की खाली पड़ी जमीन, जिसमें से कोयले की निकासी अंडरग्राउंड माइंस के माध्यम से की जा चुकी है, को बेचने का कार्य कर रहे हैं।

**क्या कहते हैं खान प्रबंधक**

सीसीएल गोविंदपुर के खान प्रबंधक अंजनी कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जब भी उन्हें या पूर्व प्रबंधकों को जमीन बेचे जाने या बेची गई जमीन पर घर बनाए जाने की सूचना मिली, उन्होंने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज करवाने का प्रयास किया। हालांकि, थाना द्वारा मामला दर्ज नहीं किए जाने की स्थिति में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस एवं प्रशासन से सहयोग न मिलने के कारण ही सीसीएल की अधिग्रहित जमीन की खरीद-फरोख्त बिना रजिस्ट्री के जारी है।

## रामनवमी त्योहार धूमधाम से मनाने हेतु केंद्रीय अखाडा कमेटी करगली बाजार की हुई बैठक

संवाददाता



**बेरमो/ बोकारो।** केंद्रीय अखाड़ा कमेटी करगली बाजार की बैठक बुधवार को स्थानीय सत्यनारायण दुर्गा मंदिर में समाजसेवी जुगेश तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी छह अप्रैल को रामनवमी का त्योहार भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। कमेटी के अध्यक्ष राजन साव ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी केंद्रीय अखाड़ा कमेटी द्वारा रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जायेगा। साथ ही जुलूस व आकर्षक झांकी निकाली जाएगी तथा बाजार में साज सज्जा किया जायेगा। कहा कि चार अप्रैल को रामनवमी सप्तमी को सत्यनारायण दुर्गा मंदिर तथा शिवनारायण मंदिर में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्रीराम ध्वजारोहण किया जायेगा। पांच अप्रैल अष्टमी की संध्या को करगली बाजार से आमंत्रण जुलूस निकाला जायेगा। जो ढोरी स्टाफ क्वार्टर, पुराना बीडीओ ऑफिस, रहीमगंज, रानीबाग, मेन रोड फुसरो होते हुए नया रोड तक जाकर वापस लौटेगी। इसमें सारे अखाड़ा कमेटी को रामनवमी के दिन केंद्रीय अखाड़ा करगली बाजार आने हेतु निमंत्रित किया जायेगा। कहा कि आमंत्रण जुलूस को भव्य और सुसज्जित तरीके से निकाला जायेगा। जिसमें कई तरह की आकर्षक झांकियां आदि भी शामिल रहेगी। कमेटी के लोगों ने कहा कि केंद्रीय अखाड़ा कमेटी द्वारा कला का बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले, भव्य झांकियां, उंचे ध्वज सहित अखाड़ा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान लाने वाले कमेटी व खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। मौके पर राकेश सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, राजन साव, श्रवण अग्रवाल, रघुवीर प्रसाद, अजय साव, कुल्ला राव, एसएन सिंह, प्रेम गुप्ता, संदीप कुमार सिंह, बिट्टू रवानी, तरुण कुमार बनर्जी, सीएस प्रसाद, अजय कुमार साव, टिंकू कुमार, नंदकिशोर सिंह, श्यामलाल साव, बिजय साव, कौशल किशोर, भूषण यादव, गोपाल सिंह, जितेंद्र कुमार साव, दिलीप कुमार दत्ता, विजय ठाकुर आदि मौजूद थे।

## होली के पहले बच्चों ने पूल लंच में की मस्ती



### शेयरिंग-केयरिंग और एकजुटता का सीखा पाठ

संवाददाता

**बोकारो।** रंगोत्सव होली के पहले डीपीएस बोकारो के नन्हे छात्र-छात्राओं पर मस्ती का रंग खूब चढ़ा। मौका था पूल लंच का, जिसमें विद्यार्थियों ने खेल-खेल में शेयरिंग और केयरिंग के साथ-साथ आपसी एकजुटता बनाए रखने का पाठ सीखा। बुधवार को विद्यालय की प्राथमिक इकाई में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने साथ खेला-कूदा, पूरे उत्साह के साथ अपने-अपने घरों से लाए भांति-भांति के व्यंजनों का आनंद लिया तथा गीत-संगीत पर जमकर धमाल मचाया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी कक्षाओं को बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर रंग-बिरंगे गुब्बारों और आकर्षक कलाकृतियों से सजाया। गीत-संगीत के बीच पूरा वातावरण उत्सवमय बना रहा। साथ मिलकर बिताए गए खुशियों के इस पल में विद्यार्थियों के शिक्षक भी शरीक हुए। खास तौर से प्राचार्य डॉ० ए. एस. गंगवार ने विभिन्न कक्षाओं में बच्चों संग मिलकर केक काटे और उन्हें इस अवसर की बधाई दी। छात्र-छात्राओं ने भी अपने प्राचार्य का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें अपने हाथों से तैयार पूल लंच के शुभकामना पत्र भेंट किए। प्राचार्य डॉ० गंगवार ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई का तनाव और दबाव न हो तथा उन्हें जीवन में आनंदयुक्त भाव से रहने की प्रेरणा दी जाय, इस दिशा में पूल लंच जैसे आयोजन काफी महत्वपूर्ण हैं।

## माइंसों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सीआईएसएफ व सीसीएल अधिकारियों की हुई बैठक

संवाददाता



**बेरमो/ बोकारो।** सीसीएल के ढोरी एरिया के माइंसों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर मंगलवार को ढोरी जीएम कार्यालय में जीएम रंजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सीआईएसएफ व सीसीएल अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में सीआईएसएफ व सीसीएल द्वारा कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से किये जा रहे कोयले की छापेमारी, क्यूआरटी की नियमित रूप से गश्ती, महिला बल सदस्यों द्वारा किये जाने वाली गश्ती, ड्रोन से एरिया की निगरानी, इकाई के असूचना अनुभाग से प्राप्त इनपुट तथा चेक पोस्ट व कांटाघर पर तैनात बल सदस्यों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। सीआईएसएफ द्वारा नियमित रूप से किये गये कोयला छापेमारी के दौरान जब्त किये गये कोयला व स्थानीय पुलिस को सुपूर्द किये गये मोटरसाईकिल की जानकारी दी गयी। माइंस की सुरक्षा व्यवस्था का आधुनिकीकरण के तौर पर वर्तमान में उपलब्ध सीसीटीवी, वाहन ट्रेकिंग प्रणाली के अलावा अन्य आधुनिक उपकरण जैसे आरएफआईडी, एएनपीआर सॉफ्टवेयर यथाशीघ्र स्थापित किये जाने की जानकारी साझा की गयी। साथ ही माइंस एरिया के स्टोर, कांटाघर पर पर्याप्त रोशनी व अतिसंवेदनशील जगहों पर उच्च गुणवत्ता की सीसीटीवी स्थापित करने पर भी सहमति बनी। सीसीएल प्रबंधन के उच्च अधिकारियों द्वारा सीआईएसएफ को सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने व कोयला ट्रांसपोर्टिंग के कार्य को निर्वाध रूप से क्रिन्यावित किये जाने में आने वाली बाधाओं को यथाशीघ्र दूर करने पर चर्चा की गयी। सीसीएल प्रबंधन ने सीआईएसएफ के अधिकारियों व जवानों द्वारा कोल इंडिया के कोयला उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने में दिये जा रहे योगदान की सराहना की गयी और कोयला चोरी की रोकथाम में किये जा रहे कार्य को निरंतर जारी रखने की बात कही गयी।

बैठक में केऔसुब, स्थानीय पुलिस, सीसीएल सुरक्षा गार्ड द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की कार्रवाई किये जाने पर चर्चा हुई तथा इस प्रकार की बैठक आगे भी किये जाने पर सहमति बनी। क्यूआरटी द्वारा सघन एवं विस्तारित रूप से सीआईएसएफ, सीसीएल, स्थानीय पुलिस के द्वारा रेड करने हेतु एवं प्राथमिकता के आधार पर अवैध माइनिंग को डोजरिंग करने की जानकारी साझा की गयी। मौके पर ढोरी महाप्रबंधक ढ़ोरी रंजय कुमार सिन्हा, एएडीओसीएम पीओ राजीव कुमार सिंह, सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक सुमंत सिंह, वरिष्ठ कमांडेंट शशि रंजन, महाप्रबंधक सुरक्षा मेजर मनीष, सहायक कमांडेंट पटेल कार्तिक शरद, अक्षय नायर, केवी अनंथा श्रीधर, एरिया सुरक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह, संतोष कुमार तिवारी, कारो, खास महल, अमलो, कल्याणी के अधिकारी मौजूद थे।

# होली कनक भवन में खेलत सिया रघुवीर...

### संस्कार भारती बोकारो जिला इकाई द्वारा होली मिलन आयोजित

संवाददाता



**बोकारो।** भारतीय साहित्य व ललित कलाओं को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई द्वारा मंगलवार की शाम होली मिलन का आयोजन सेक्टर 4 डी स्थित शिव-हनुमान मंदिर परिसर में किया गया। संस्कार भारती के बोकारो जिला इकाई के महामंत्री स्वरूप शेखर पाण्डेय ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अबीर लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलाकारों ने होली गीत, भजन व नृत्य प्रस्तुत कर सबको आनंदित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत संस्कार भारती के ध्येय गीत के समवेत गायन से हुई। तत्पश्चात कवि, गायक व संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के साहित्य प्रमुख अरुण पाठक ने होली कनक भवन में खेलत सिया रघुवीर व बिरज में होली खेलत नंदलाल की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभा मोहनन, रजनी पाढ़ी, रुपक पांडेय आदि ने भी होली गीतों व भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को आनंदित कर दिया। हारमोनियम पर शुभम, तबले पर रेवंत जे पाढ़ी व बासुरी पर मुकेश दास ने अच्छी संगति की। उसके बाद नृत्य प्रमुख रजनी पाढ़ी के निर्देशन में श्रुति, आदित्य, नाहिद, जयश्री, प्रियांशु, ऋषभ, सान्वी, अन्वी, प्रणवी, पिहु व अन्य बच्चों ने होली पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर सबकी तालियां बटोरी। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए स्वरूप शेखर पांडेय ने आयोजन में सहयोग के लिए मंदिर के प्रमुख पंडित के के एन तिवारी सहित सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर मुख्य रूप से संस्कार भारती झारखंड इकाई के सह चित्रकला प्रमुख, सरोज कुमार मिश्रा, बोकारो चित्रकला प्रमुख नागेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रमुख ने की शालीनता से होली मनाने की अपील



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दीं और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। इसे पूरी शालीनता और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे त्योहार के दौरान अपने बच्चों को बाइक की चाबी न दें, क्योंकि इससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है और त्योहार की खुशियां गम में बदल सकती हैं। होली मिलन समारोह के दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी लिया और होली के रंग में सराबोर हो गए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव, अंचल अधिकारी अरुण मुंडा, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, बीपीआरओ योगेश कुमार शर्मा, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, डुमरी पंचायत मुखिया पिंटू सिंह, डाहा पंचायत समिति सदस्य योगेंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद थे।

### रोहड़ाबाध रैयत विस्थापित मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**सिंदरी।** सिंदरी में रोहड़ाबाध रैयत विस्थापित मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता धनबाद ग्रामीण भाजपा जिला मंत्री प्रकाश बाउरी ने की। बैठक में 24-25 की फ&फ पॉलिसी के तहत प्रत्येक प्रभावित परिवार को 2.75 डिसमिल जमीन पर पक्का मकान दिलाने और 18 वर्ष से अधिक उम्र के बेरोजगार युवाओं को सेल टासरा केटीएमपीएल प्रोजेक्ट में रोजगार सुनिश्चित कराने को लेकर चर्चा की गई। मोर्चा के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि यदि सेल महाप्रबंधक द्वारा इन मांगों पर सहमति नहीं बनी, तो विस्थापित रैयत उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सेल प्रबंधन की होगी। रोहड़ाबाध रैयत विस्थापितों ने 2025 में मकान और जमीन का अधिग्रहण किया था। हालांकि, सेल प्रबंधन ने जमीन और मकान का मुआवजा दिया था, लेकिन 18 वर्ष से अधिक उम्र के बेरोजगार युवाओं को अब तक रोजगार नहीं मिला। मोर्चा के सदस्यों ने जोर देकर कहा कि कंपनी को इन युवाओं को भी रोजगार देना होगा। बैठक में बड़ी संख्या में रैयत विस्थापित शामिल हुए, जिनमें उत्तम मंडल, राजू मंडल, संजय सिंह, तापस मंडल, मिंटू मंडल, अजय मंडल, विमल मंडल, विनोद मंडल, मुकेश मंडल, बैद्यनाथ मंडल, दीपक मंडल, किस्टो पदो, मनोज मंडल, आस्तिक मंडल, उज्जवल मंडल, सुजल मंडल, देवनाथ मंडल और गोविंद मंडल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### होली को लेकर सिंदरी पुलिस प्रशासन सतर्क



**सिंदरी।** होली के त्योहार को लेकर सिंदरी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में थाना क्षेत्र सिंदरी में थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह मार्च रोहड़ाबाध होते हुए शहरपुरा बाजार तक निकला, जिसमें पुलिस अधिकारियों और जवानों ने क्षेत्र में शांति और सौहार्दपूर्ण होली मनाने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की और हिंदू-मुस्लिम एकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्कता बनाए रखें और कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी को रोका जा सके। पुलिस ने नागरिकों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कस्बे में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इस फ्लैग मार्च में सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार, शंभु शरण ठाकुर, गौतम राय, देवचंद हसदा, महादेव बाउरी और सुमित एक्का सहित कई पुलिस अधिकारी शामिल रहे।

### होली महापर्व को देखते हुए चतरा उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, कई स्थानों पर छापेमारी



**चतरा।** होली महापर्व को ध्यान में रखते हुए जिले में अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए चतरा उपायुक्त रमेश घोलप के निदेशार्नुसार उत्पाद विभाग की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। पितिज, अंबातरी, मयूरहंड और सोकी क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया, जहां अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा था। इस दौरान सात अवैध महुआ चुलाई शराब की भट्ठियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध शराब और जावा महुआ जब्त किया गया। करीब 120 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब को जब्त कर नष्ट कर दिया गया, जबकि 800 किलोग्राम जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट किया गया।

# विभिन्न जगहों पर होली मिलन समारोह का आयोजन

चंद्रिका मार्तंड









**बेरमो/ बोकारो।** फुसरो शहर के विभिन्न संगठनों द्वारा बुधवार को जगह-जगह होली मिलन समारोह का आयोजन कर लोगों ने दी एक दूसरे को बधाई। बडकीटांड ढोरी बस्ती में भाजपा किसान मोर्चा फुसरो मंडल अध्यक्ष दीपक गिरि द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यहां मुख्य अतिथि गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय शामिल हुए। यहां पूर्व सांसद श्री पांडेय ने लोगों को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बेरमो का शुरू से सौहार्दपूर्ण वातवरण का इतिहास रहा है। यहां लोग एक से बढकर एक होली के गीतों पर झूमे और व्यंजनों का आनंद लिया। मौके पर बैभव चौरसिया, दीपक गिरि, अजय गिरि, भरत वर्मा, शिवलाल रवि, रामेश्वर महतो, दिनेश यादव, कन्हैया कुमार, प्राण गिरि, संतन गिरि, लालमोहन महतो, रंजीत गिरि, मुकेश गिरि, गणेश महतो, पिंटू, छोटू गिरि, दिलीप महतो, चंद्रिका विश्वकर्मा, आलोक, ओम, जय, रौशन आदि मौजूद थे। इधर कल्याणी में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष जितेंद्र दुबे ने की। मुख्य अतिथि जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, प्रेम और एकता का प्रतीक भी है।

यह पर्व हमें भेदभाव मिटाकर आपसी भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने का संदेश देता है। इस दौरान यूनियन में आस्था रखते हुए माइनिंग सरदार श्रीराम कुमार ने सदस्यता ली। जिसे जेबीसीसीआई सदस्य श्री महतो सहित यूनियन के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। यहां लोग होली के गीतों पर झूमें। मौके पर जवाहरलाल यादव, सुरेश प्रसाद शर्मा, भीम महतो, शंकर ठाकुर, राजेंद्र रविदास, नरेश महतो, जितेंद्र महतो, राजू महतो, रामनारायण महतो, अशोक, मुन्ना लोहार, बुधन सिंह, शिव नारायण, बानेश्वर महतो, बुटल महतो, गणेश महतो, रवींद्र गिरि आदि मौजूद थे। इधर पेटरवार प्रखंड के पिछरी उत्तरी पंचायत सचिवालय पिछरी के ग्रामीणों द्वारा आयोजित होली मिलन में मुख्य अतिथि विस्थापित नेता काशीनाथ सिंह शामिल हुए। उन्होंने लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां के ग्रामीण हमेशा से एकता का परिचय देते आये है। इसी तरह से लोग एकजुट होकर होली मनाने का काम करें। मौके पर संजय मल्लाह, आशीष पाल, काली सिंह, मनोज सिंह, बिनोद महतो, रोहित सिंह, अशोक महतो, मुकेश सिंह, सरकारी सिंह, अर्जुन सिंह, सुरेश तुरी, रोहन रजवार, कन्हाई मिश्रा, देवीन मल्लाह, नीलकंठ दास, भदर मिश्रा, बजरंगी मिश्रा आदि मौजूद थे। इधर अमलो चेक पोस्ट के समीप अमलो विस्थापित ट्रक ऑनर अमलो बस्ती द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यहां लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। स्थानीय कलाकारों ने एक से बढकर एक फगुआ गीत प्रस्तुत कर लोगों को खुब झूमाया। मौके पर अमलो विस्थापित ट्रक ऑनर अमलो बस्ती के सभी सदस्य आदि मौजूद थे।

## सत्यम शिवम सुंदरम +2 उच्च विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना होली मिलन समारोह

संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा जिले के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया पंचायत में स्थित सत्यम शिवम सुंदरम +2 उच्च विद्यालय में बुधवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुखदेव हजाम, वरिष्ठ शिक्षक आशीष मिस्त्री, प्राचार्य रामकृष्ण मेहता, शिक्षक सुबोध कुमार विश्वकर्मा, रतन कुमार, अरुण कुमार, शिक्षिका ममता कुमारी सहित अन्य शिक्षकों ने विद्यालय परिवार को होली की ढेरों शुभकामनाएं दीं। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया और हैप्पी होली, सेफ होली का संदेश प्रसारित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक सुखदेव हजाम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होली एक लोकप्रिय और प्राचीन हिंदू त्योहार है, जिसे रंगों का त्योहार भी कहा जाता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, क्योंकि यह हिरण्यकश्यप पर भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार की जीत का उत्सव भी है। उन्होंने कहा कि होली एक ऐसा त्योहार है जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाते हैं और यह समाज में भाईचारे का संदेश देता है। वरिष्ठ शिक्षक आशीष मिस्त्री ने कहा कि प्यार और सौहार्द से भरे रंगों से सजा यह पर्व जाति, धर्म और संप्रदाय के बंधनों को तोड़ता है और समाज में एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस दिन सभी लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को गले लगाते हैं और गुलाल लगाकर खुशी मनाते हैं।प्राचार्य रामकृष्ण मेहता ने कहा कि होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और यह सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि होली भारतीय संस्कृति की एक अनूठी पहचान है।

## 15वें वित्त 2025-26 योजना चयन को लेकर पंचायत समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता



**हंटरगंज।** प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 2025-26 की योजनाओं के चयन पर विशेष चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रमुख ममता कुमारी ने की, जबकि संचालन बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप ने किया।

बैठक के दौरान पंचायत समिति के सदस्यों ने विभिन्न योजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं प्रमुख ने योजनाओं के चयन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इस बैठक में यह तय किया गया कि प्रखंड स्तर पर कौन-कौन सी योजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी और किन कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी योगेश शर्मा, पंचायत समिति सदस्य योगेंद्र यादव, शालिग्राम यादव, वकील खान, लखन दास, सतेंद्र भारती, वीरेंद्र भारती, मोहन दास, सतेंद्र दास सहित प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने विचार रखते हुए क्षेत्र में विकास योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने की बात कही। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ऐसी योजनाओं का चयन करना था, जो आम जनता को सीधा लाभ पहुंचा सकें। पंचायत समिति के सदस्यों ने जल आपूर्ति, सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास और महिला सशक्तिकरण जैसी योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर अधिकारियों ने भी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और समिति के सदस्यों को सुझाव दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दें। यह बैठक विकास योजनाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी और इससे प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आधारभूत संरचना के विकास को बढ़ावा मिलेगा। पंचायत समिति के सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि चयनित योजनाओं का कार्यान्वयन समय पर और प्रभावी ढंग से किया जाएगा ताकि स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

## चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल तक सुझाव मांगे

### 21 मार्च को कोडरमा में बैठक

संवाददाता

**कोडरमा।** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, मजबूत और निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक अपने सुझाव देने की अपील की है। आयोग ने एक आधिकारिक पत्र जारी कर यह जानकारी दी है, जिसमें कहा गया है कि राजनीतिक दल अपने किसी भी अनसुलझे मुद्दे को लेकर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पास अपने सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि वह मौजूदा कानूनों के दायरे में रहते हुए चुनावी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने के लिए राजनीतिक दलों के सुझावों पर विचार करेगा। आयोग ने यह भी बताया कि वह राजनीतिक दलों के अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से समय-समय पर बातचीत करने के लिए तैयार है, ताकि चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। इससे पहले, पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों, जिला निर्वाचन पदाधिकारियों और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित रूप से संवाद स्थापित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से संबंधित किसी भी सुझाव को कानूनी दायरे में हल करने का प्रयास किया जाए और 31 मार्च, 2025 तक इस पर कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत की जाए। भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों से इस विकेंद्रीकृत भागीदारी तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का अनुरोध किया है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक सशक्त बनाया जा सके। इसी संदर्भ में झारखंड राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव के निर्देशानुसार 21 मार्च, 2025 को अपराह्न 12:00 बजे जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, कोडरमा में एक बैठक आयोजित की जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

संवाददाता



**हंटरगंज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के बारा सिविल विद्यालय परिसर में एक विशेष होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व पांडेपुरा क्लस्टर की अलका कुमारी ने किया और इसमें जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में हंटरगंज भाग-7 की जिला परिषद सदस्य निशी कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए और समाज में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए अभिभावकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि कम उम्र के बच्चे तेजी से नशे के शिकार हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने नृत्य और संगीत के माध्यम से होली के उल्लास को प्रकट किया और इस पावन अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान, नर्सिंगदत्त सिंह, शिबू राणा, सुमन सिंह, तेजनारायण, मुखिया प्रतिनिधि प्रभु यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। महिलाओं ने इस कार्यक्रम को बेहद खास बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता और एकजुटता बढ़ती है।

## होली मिलन समारोह में गूंजे भोजपुरी और नागपुरी गीत



**लावालौंग।** प्रखंड क्षेत्र के हेडुम पंचायत के कल्याणपुर चौक और कटिया पंचायत के मुखिया आवास में होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे माहौल में रंग और गुलाल की बौछार के साथ होली की उमंग देखने को मिली। हेडुम पंचायत के मुखिया संतोष राम द्वारा आयोजित कल्याणपुर चौक के होली मिलन समारोह में ग्रामीणों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मिठाइयों का वितरण किया गया और लोग होली के रंग में डूबे नजर आए। इसी दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें जोरी हंटरगंज से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भोजपुरी और नागपुरी होली गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।।कटिया पंचायत के मुखिया पति मिथिलेश चौबे के आवास पर भी होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ होली की खुशियां बांटी। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य प्रदीप तुरी, पूर्व मुखिया पति राम कुमार गंझु, धीरू यादव, संतोष भोक्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पतंजलि महिला योग समिति और कीड़ा भारती का संयुक्त होली मिलन

संवाददाता



**चतरा।** होली के रंगों में एकता और सौहार्द्र का संदेश देने के उद्देश्य से चतरा के जलछाजन स्थित गंदौरी मंदिर के समीप पतंजलि योग समिति एवं खेल संघ द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पतंजलि योग समिति के संगठन मंत्री और खेल संघ के अध्यक्ष पंकज दुबे ने की। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से विकास केसरी ने सभी को अबीर-गुलाल लगाकर होली और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का पर्व भी है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इस अवसर पर पुराने मतभेदों को भूलकर नए सिरे से रिश्तों को मजबूत करें।विकास केसरी ने इस अवसर पर होलिका दहन की पौराणिक कथा का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि जब भक्त प्रह्लाद को जलाने के लिए होलिका अग्नि में बैठी थी, तब प्रह्लाद ने भगवान विष्णु और नरसिंह भगवान का मंत्र जाप किया, जिससे वे सुरक्षित रहे। इस घटना के बाद से ही होलिका दहन की परंपरा चली आ रही है, जिसे हिंदू नववर्ष की शुरूआत के रूप में भी माना जाता है। उन्होंने कहा कि हमें भी इस पावन अवसर पर बड़ों का आशीर्वाद लेना चाहिए और अपने परिवार तथा समाज में प्रेम और सौहार्द्र बनाए रखना चाहिए। इस कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। होली के गीतों पर सभी ने नृत्य किया और इस पर्व को पूरे आनंद के साथ मनाया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसमें लोगों ने खुलकर भाग लिया।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पतंजलि महिला योग समिति चतरा की रीना देवी, चंपा देवी, सारिका देवी, जिला महामंत्री पूनम देवी, भानु देवी, संतोषी सत्यवती देवी, सुरज कुमार, देवानंद कुमार, विवेक सिंह, विकास कुमार केसरी, संजीत मिश्रा, जुगल कुमार, पीयूष कुमार, वर्षा कुमारी, श्रेया कुमारी, पलक कुमारी, आकृति कुमारी, मान्या कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में भाईचारा बढ़ाना, योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना तथा होली के रंगों के माध्यम से आपसी संबंधों को मजबूत करना था। उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे हर वर्ष आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की।

## ग्रामीणों ने आम्रपाली प्रबंधन और दलालों को खदेड़ा, पुतला दहन का लिया फैसला

संवाददाता

**चतरा।** आम्रपाली प्रबंधन द्वारा सरादु वन भूमि और रैयतों की निजी जमीन पर हाई टेंशन पोल गाड़ने की योजना ग्रामीणों के विरोध के कारण विफल हो गई। ग्रामीणों को जब इस बात की जानकारी मिली कि प्रबंधन और उनके दलाल नौकरी का झांसा देकर भूमि अधिग्रहण की साजिश कर रहे हैं, तो उन्होंने मोर्चा संभालते हुए उन्हें खदेड़ दिया।ग्रामीणों का कहना है कि आम्रपाली प्रबंधन नियमों को ताक पर रखकर वन भूमि और निजी जमीन का अवैध रूप से इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है। सुबोध सिंह और महेश सिंह ने बताया कि प्रबंधन की ओर से वन भूमि पर पोल लगाने के बदले स्थानीय युवाओं को नौकरी देने का लालच दिया जा रहा था, लेकिन ग्रामीणों ने इस साजिश को नाकाम कर दिया। सुभान मियां ने कहा कि जब हमारी जमीन का अधिग्रहण नहीं हुआ, कोई डायवर्जन नहीं हुआ और न ही किसी प्रकार की एनओसी ली गई, तो आम्रपाली प्रबंधन को नियम विरुद्ध कार्य करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जल्द ही एक बड़ी बैठक बुलाई जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कोयले की कमी को लेकर असंगठित मजदूरों ने पांच घंटे ट्रांसपोर्टिंग ठप की

**धनबाद।** धनबाद के धनसार विश्वकर्मा कोलडंप में ट्रक लोडिंग के लिए कोयला नहीं मिलने से नाराज असंगठित मजदूरों ने सोमवार को पांच घंटे तक ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह से बंद कर दी। मजदूरों का आरोप था कि बीसीसीएल द्वारा उत्पादित कोयले को केवल ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों को दिया जा रहा है, जिससे ट्रक लोडिंग के लिए कोयला नहीं मिल पा रहा है। जब इस बात की सूचना प्रबंधन को मिली तो धनसार कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे और मजदूरों से बातचीत की। वार्ता के दौरान प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि जब तक डीओ ट्रक लोडिंग के लिए कोलडंप में खड़ा रहेगा, तब तक सूखे पैच से निकले कोयले को ट्रांसपोर्टिंग के लिए नहीं भेजा जाएगा। केवल गीले पैच के कोयले को ट्रांसपोर्ट किया जाएगा। यदि डीओ ट्रक वहां नहीं होगा, तो दोनों प्रकार के कोयले की ट्रांसपोर्टिंग जारी रहेगी।।मजदूरों ने कोलडंप में पड़े कोयले में लगी आग का मुद्दा भी उठाया, जिस पर परियोजना पदाधिकारी ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही फायर फाइटिंग के माध्यम से इस समस्या का समाधान किया जाएगा। इस प्रदर्शन का नेतृत्व जश्रसं की सुमन हांसदा ने किया और उनके साथ फूलचंद भुइयां, मनोज भुइयां, बंटी गुप्ता, बोधा भुइयां, दुखनी देवी समेत कई मजदूर मौजूद रहे।

### अवैध कोयला रखने के मामले में कारू यादव की जमानत अर्जी खारिज



**धनबाद।** धनबाद में चोरी का कोयला जमा करने और उसका व्यापार करने के मामले में आरोपी कारू यादव की जमानत अर्जी सत्र न्यायालय ने मंगलवार को खारिज कर दी। इससे पहले 11 जनवरी को मधुबन थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आशाकोठी खटाल बस्ती स्थित कारू यादव के घर के पास से 90 टन अवैध कोयला जब्त किया था। इस मामले में पुलिस ने कारू यादव को इस पूरे अवैध कोयला कारोबार का सरगना बताया है। उसके अलावा जय प्रकाश यादव, सुंदर यादव, प्रदीप यादव, मन्नू यादव, राहुल यादव, संदीप पासवान, बंदन यादव, विनोद शर्मा, द्वारिका यादव, राजकुमार यादव, दिलीप यादव और बाल्मीकि यादव के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। कारू यादव की जमानत अर्जी खारिज होने के बाद पुलिस अब इस पूरे रैकेट की जांच को और तेज करने की तैयारी में है ताकि अवैध कोयला व्यापार पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

### मुराईडीह में हाइवा और पिकअप वैन की जबरदस्त टक्कर, तीन लोग घायल



**धनबाद।** कतरास बरोरा के मुराईडीह क्षेत्र में मंगलवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें हाइवा और पिकअप वैन की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घटना उस वक्त हुई जब फुसरो के कारो से कोयला लोड कर एमपीएल निरसा जा रही हाइवा अचानक असंतुलित हो गई और विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन से जा टकराई। इस टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि हाइवा का चालक स्टेयरिंग में फंस गया। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। पिकअप वैन निचितपुर से मजदूरों को लेकर गोमो जा रही थी। सभी मजदूर निचितपुर रेलवे हाल्ट से अपना काम खत्म कर घर लौट रहे थे। दुर्घटना में गोमो निवासी मजदूर विरेंद्र मुंडा और हाइवा चालक भोला साव गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही बरोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। साथ ही दोनों वाहनों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### सिजुआ में होली पर्व पर निजी वाहन चालकों का सम्मान



**धनबाद।** कतरास सिजुआ क्षेत्र स्थित ऑफिसर्स क्लब में होली पर्व के अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें निजी वाहन चालकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रज्वला महिला समिति, सिजुआ क्षेत्र के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मिली दत्ता थीं, जिन्होंने सिजुआ क्षेत्र में कार्यरत निजी वाहन चालकों को फुलपैंट, शर्ट का कपड़ा, रंग-गुलाल और खाद्य सामग्री वितरित की।।कार्यक्रम की शुरूआत में प्रज्वला महिला मंडल सिजुआ क्षेत्र की अध्यक्ष शशि प्रसाद ने मुख्य अतिथि श्रीमती मिली दत्ता, उपाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, पूर्विता रमैया और नमिता सहाय का तिलक और पुष्पों की वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद महिला मंडल की सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि श्रीमती मिली दत्ता ने प्रज्वला महिला मंडल, सिजुआ क्षेत्र की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण का एक सुंदर उदाहरण है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में समरसता और सौहार्द को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं।

# पंचायत के हर बच्चे को स्कूल भेजने का मुखिया लें संकल्प : डीडीसी

संवाददाता



**धनबाद।** पंचायत के हर बच्चे को स्कूल भेजने का हर मुखिया संकल्प लें। इसमें सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाएं। मनुष्य के विकास और सफलता में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है।।यह बातें उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने बुधवार को न्यू टाउन हॉल में झारखंड शिक्षा परियोजना, धनबाद द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि बच्चों को शुरू से अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए। इसके लिए मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता आवश्यक है। मुखिया को हर महीने विद्यालयों का भ्रमण करना चाहिए। वहां जो भी कमी है उसे दूर करनी चाहिए। ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय में वापस लाने के लिए उनके माता-पिता से मिलकर पहल करनी चाहिए। पंचायत के बच्चे शिक्षित होंगे तो पंचायत भी आगे बढ़ेगी। सरकार की जनप्रतिनिधियों से यही अपेक्षा है।।इस अवसर पर जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष श्रीमती शारदा सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को समय-समय पर विद्यालय में जाना चाहिए। सरकार बच्चों को शिक्षित करने के लिए सारी सुविधाएं दे रही है। उन्होंने कहा कि आठवीं के बाद गांव की बच्चियां स्कूल नहीं जाती है। मुखिया को ऐसी बच्चियों के माता पिता से मिलकर समस्या जाननी चाहिए और उसका समाधान करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। इससे शिक्षा का विकास संभव है। मध्यान भोजन के साथ त्योहारों के दौरान तिथि भोजन की व्यवस्था करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार ने नव साक्षरता कार्यक्रम, जन चेतना केंद्र सहित अन्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विभिन्न पंचायत के मुखिया को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।।कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त, जिला परिषद की अध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायत के मुखिया मौजूद थे।

## सांसद के प्रयास से धनबाद रेडियो स्टेशन को मिलेगा नया स्वरूप

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के लोकप्रिय सांसद ढुलू महतो ने लोकसभा में धनबाद रेडियो स्टेशन के संचालन और उसकी वर्तमान स्थिति को लेकर एक महत्वपूर्ण तारांकित प्रश्न संख्या 193 उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि धनबाद रेडियो स्टेशन के संचालन में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं और क्या स्टेशन की वर्तमान कम क्षमता का प्रभाव मन की बात जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के प्रसारण पर पड़ रहा है।सांसद महतो के इस प्रश्न का उत्तर देते हुए रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वर्तमान में आकाशवाणी धनबाद 2.5 किलोवाट पावर के साथ 10 किलोवाट का एफएम ट्रांसमीटर संचालित कर रहा है। इससे मन की बात सहित अन्य प्रमुख कार्यक्रमों का निर्बाध प्रसारण किया जा रहा है। हालांकि, प्रसारण की गुणवत्ता और कवरेज को और सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा 100 मीटर ऊंचे टॉवर का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर 6 डाइपोल एंटेना लगाए जाएंगे। इस महत्वपूर्ण परियोजना को जून 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंत्रालय से मिले इस उत्तर के बाद सांसद ढुलू महतो ने संतोष व्यक्त किया और इसे धनबादवासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि धनबाद जैसे औद्योगिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहर के लिए रेडियो एक महत्वपूर्ण संचार माध्यम है, जो लाखों लोगों तक शिक्षा, सूचना और मनोरंजन के संदेश आसानी से पहुंचाता है।

### दीप नारायण सिंह को झूठे मुकदमे में मिली अग्रिम जमानत

## गरीबों के हक के लिए संघर्ष जारी रहेगा

संवाददाता



**कतरास।** झारखंड के कतरास में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह को कतरास थाना कांड संख्या-373/24 में धनबाद न्यायालय से अग्रिम जमानत मिल गई। यह जमानत उन्हें उस आंदोलन के बाद मिली, जिसे उन्होंने पूर्व-मध्य रेलवे धनबाद डिविजन में रेल चौड़ीकरण कार्य में विस्थापित एवं प्रभावित रैयतों को रोजगार दिलाने की मांग को लेकर किया था। इस आंदोलन के कारण उन पर झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए थे, लेकिन अब उन्हें न्यायालय से राहत मिल गई है। पूर्व-मध्य रेलवे धनबाद डिविजन में निचितपुर से गोमो तक रेल चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इस परियोजना में सैकड़ों की संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें से कई बेरोजगार हो चुके हैं। इन विस्थापितों एवं प्रभावित रैयतों को रोजगार देने की मांग को लेकर झारखंडी रैयत रेल विस्थापित समिति ने शांतिपूर्ण आंदोलन किया था। इस आंदोलन की अगुवाई दीप नारायण सिंह कर रहे थे। आंदोलन के दौरान ही उनके और उनके परिवार के सदस्यों पर तीन झूठे मुकदमे दर्ज करा दिए गए। लेकिन अब, तीनों मामलों में न्यायालय से उन्हें जमानत मिल गई है, जिससे उन्होंने राहत की सांस ली है। जमानत मिलने के बाद दीप नारायण सिंह ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा विश्वास था और आज वही विश्वास सच साबित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि रेल परियोजना से जुड़ी कंपनी ने स्थानीय थाना प्रभारी और कुछ असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर उनके और उनके परिवार के खिलाफ साजिश रची और तीन झूठे मुकदमे दर्ज करा दिए। लेकिन, भगवान की कृपा से तीनों मामलों में उन्हें न्यायालय से जमानत मिल गई है। दीप नारायण सिंह ने कहा कि कंपनी झूठे मुकदमों के जरिए विस्थापित एवं प्रभावित रैयतों का हक छीनना चाहती है, लेकिन वह ऐसा कभी नहीं होने देंगे। उन्होंने साफ कहा कि झूठे मुकदमों के बल पर उन्हें रोक पाना नामुमकिन है। वह गरीबों और जरूरतमंदों के हक के लिए हमेशा लड़ते रहेंगे और किसी भी कीमत पर अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि बहुत जल्द फिर से एक बड़े आंदोलन की शुरूआत की जाएगी ताकि विस्थापितों और प्रभावित रैयतों को उनका हक मिल सके।

## दस दिनों के अंदर मांगें नहीं मानी गई तो वार्ड सदस्य देंगे सामूहिक इस्तीफा

संवाददाता



**धनबाद।** एग्यारकुंड के वार्ड सदस्यों ने सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को वार्ड सदस्य संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दस दिनों के भीतर उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो सभी वार्ड सदस्य सामूहिक रूप से इस्तीफा दे देंगे। दीपक कुमार सिंह ने कहा कि जब से चुनाव हुआ है, तब से वार्ड सदस्यों के साथ लगातार छल किया जा रहा है। सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधि उनकी उपेक्षा कर रहे हैं और उन्हें उनका हक नहीं दिया जा रहा है। इससे पहले भी वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा था, लेकिन आज तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा शुरू की गई ह्यमईया सम्मान योजनाह्न का लाभ उनके परिवार के सदस्यों को भी नहीं दिया जा रहा है, जिससे वे बेहद नाराज हैं। वार्ड सदस्य संघ के अनुसार, चुने जाने के तीन साल बीत चुके हैं, लेकिन सरकार ने केवल 11 महीने का वेतन भुगतान किया है। वह भी मात्र 500 रुपये प्रति माह, जो कि किसी भी परिवार के भरण-पोषण के लिए बहुत ही कम है। इस कम वेतन में गुजारा करना बेहद कठिन हो रहा है। वार्ड सदस्यों ने मांग की कि सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करे और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ देने की अनुमति प्रदान करे। इसके अलावा, वार्ड सदस्यों ने अपनी सात सूत्री मांगों को भी सामने रखा। पंचायतों में मासिक और कार्यकारी बैठकें कराने, योजनाओं के खातों की जांच कराने, वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 का लंबित मानदेय एवं भत्ता जारी करने, मृत्यु प्रमाण पत्र सत्यापन की जिम्मेदारी वार्ड सदस्यों को देने, ग्राम सभा में उनके हस्ताक्षर अनिवार्य करने और प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र एवं भत्ता जारी करने की मांग की।

## आयुष फाउंडेशन धनबाद ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया

संवाददाता



**धनबाद।** आयुष फाउंडेशन धनबाद ने अपने वार्षिक होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया। यह कार्यक्रम धनबाद शहर के विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक समूहों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। समारोह में धनबाद के कई प्रतिष्ठित लोग, समाजसेवी और युवा कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने होली के इस पावन अवसर पर एकजुट होकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत आयुष फाउंडेशन धनबाद की सचिव अर्पिता अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर की। उन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों और बच्चों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह समाज में एकता, भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है। यह आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने और सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम बनता है। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें लोक नृत्य, गीत-संगीत और पारंपरिक होली खेलने की परंपरा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने भी इस मौके पर रंगों की मस्ती में खूब आनंद उठाया। इसके अलावा, आयुष फाउंडेशन ने समाजसेवा की अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए जरूरतमंदों के बीच होली के रंग और मिठाइयों का वितरण किया, जिससे त्योहार की खुशियां हर वर्ग तक पहुंच सकें।।आयुष फाउंडेशन धनबाद के सदस्य इस आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहते हैं कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे न केवल लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे की भावना प्रबल होती है, बल्कि समाज को एक बेहतर दिशा में ले जाने की प्रेरणा भी मिलती है। इस भव्य समारोह में गणेश शर्मा, कृष्णा अग्रवाल सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भी शिरकत की और इस पहल की सराहना की।

## एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में धूमधाम से मनी होली



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में इस वर्ष होली का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रंगों के इस खास मौके पर अस्पताल के कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशियां बांटी और साथ मिलकर इस त्योहार का आनंद लिया। होली के इस खास अवसर पर अस्पताल के मुख्य परिचालन अधिकारी निकिता सिंह और निदेशक शिवेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने अस्पताल के सभी कर्मचारियों के साथ होली खेली और उन्हें रंगों के त्योहार की शुभकामनाएं दीं। आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। प्री-होली समारोह में अस्पताल के कर्मचारियों ने गानों की धुन पर जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाई। इस आयोजन ने अस्पताल के पूरे वातावरण को खुशनुमा बना दिया। सभी कर्मचारियों ने मिलकर इस त्योहार को पूरी उमंग और जोश के साथ मनाया। निकिता सिंह और शिवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक त्योहार मनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे सकारात्मक ऊर्जा और आपसी रिश्तों को मजबूत करने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन कर्मचारियों के बीच एकजुटता और सौहार्द को बढ़ाते हैं और कार्यस्थल को बेहतर बनाते हैं। इस अवसर पर अस्पताल के प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अस्पताल प्रशासन ने यह भी कहा कि आगे भी इस तरह के आयोजनों को बढ़ावा दिया जाएगा ।

### कतरास में फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर की कार्रवाई

**धनबाद।** खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों की अनदेखी करने वाले व्यवसायों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को कतरास में फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर डॉ. राजा कुमार के नेतृत्व में कई प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें कई अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण के दौरान न्यू इंडियन रेस्टोरेंट में सफाई व्यवस्था बेहद खराब पाई गई, जिसके कारण 10,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसी तरह, न्यू शालीमार स्वीट्स कतरास में भी गंदगी और अस्वच्छ माहौल मिलने के कारण 5,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। न्यू बॉम्बे स्वीट्स कतरास से पनीर और गोद के लड्डू के नमूने जांच के लिए भेजे गए, जबकि बजानिया स्वीट्स कतरास में खाद्य तेल की गुणवत्ता पर संदेह जताते हुए उसे नष्ट करवा दिया गया। इसके अलावा, बेसन के लड्डू और खोवा के सैंपल भी जांच के लिए लिए गए। निरीक्षण के दौरान कई अन्य दुकानों की भी जांच की गई, जहां खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया। इस कार्रवाई के बाद फूड सेफ्टी विभाग ने सभी व्यवसायियों को सख्त चेतावनी दी कि वे स्वच्छता और गुणवत्ता मानकों का पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**बैठक** आज दोपहर 2:00 बजे से 16 मार्च की सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

# 7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

### सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी

संवाददाता



**धनबाद।** होली को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था पीयूष सिन्हा ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी थाना क्षेत्र में पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। होली के अवसर पर 13 मार्च को दोपहर 2:00 बजे से 16 मार्च की सुबह 6 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जबकि डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार पुलिस पदाधिकारी के वरीय प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326 - 2311217, 0326 - 2311807 एवं 112 है। होली के अवसर पर मादक पदार्थ एवं शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए सभी उत्पाद निरीक्षक तथा अवर उत्पाद निरीक्षक कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कंट्रोल रूम से दंडाधिकारी एवं पुलिस के साथ संबंधित स्थल पर पहुंचकर कार्रवाई करेंगे। धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, , पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धमाबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं धनबाद थाना, बैंक मोड़, सरायढेला, झरिया, निरसा, गोविंदपुर, टुंडी, बाघमारा, कतरास सहित 45 थाना क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी।।होली के अवसर पर पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साइबर डीएसपी, साइबर थाना प्रभारी व्हाट्सएप ग्रुप सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर बनाए रखेंगे। होली के अवसर पर सेंट्रल हॉस्पिटल तथा शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सुपरिंटेंडेंट को इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सकों की टीम प्रतिनियुक्ति करने का आदेश है। साथ, प्रतिनियुक्त करने तथा जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे चिकित्सक, एएनएम सहित स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आदेश है। संयुक्त आदेश में पेयजल आपूर्ति, साफ सफाई, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सीय सुविधा सहित अन्य विषयों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## होली, रमजान और ईद को लेकर धनबाद पुलिस का मॉक ड्रिल अभ्यास

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में होली, रमजान और ईद के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। संभावित अशांति और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने अपनी तैयारियों को परखने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया। धनबाद पुलिस लाइन में डीएसपी सुमित कुमार के नेतृत्व में यह अभ्यास किया गया, जिसमें पुलिस बल, जैप के जवान और चौकीदारों समेत सुरक्षा से जुड़े अन्य कर्मी शामिल थे। इस अभ्यास के दौरान बलवा और दंगा नियंत्रण की स्थिति से निपटने की रणनीति बनाई गई। पुलिसकर्मियों को दंगाइयों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक हथियारों और उपकरणों का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। एंटी रायट गन, प्लास्टिक प्लेट्स, चिली बम, टियर गैस गन और वाटर कैनन के इस्तेमाल की बारीकियां बताई गईं। जिले में सुरक्षा को और कड़ा करते हुए एसएसपी ह्रदीप पी जनार्दनन ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त करने और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती के निर्देश दिए हैं। बाजार, मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, गुरुवार 13 मार्च 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**थोड़े दिन रहने वाली विपत्ति अच्छी है क्यों कि उसी से मित्र और शत्रु की पहचान होती है। - रहीम**

# 80000 करोड़पतियों ने छोड़ी भारत की नागरिकता

भारत सरकार की गलत नीतियों के कारण पिछले कुछ वर्षों में 80000 से अधिक कारोबारी और पूंजीपति भारत छोड़कर विदेश की नागरिकता ले चुके हैं। भारत से गए लोग विदेशी नागरिकता के साथ-साथ भारतीय धन को विदेशी मुद्रा के रूप में विदेश में निवेश कर रहे हैं। 2023 में भारतीय निवेशकों ने दुनिया के देशों में 7.07 बिलियन डॉलर का निवेश किया था। 2024 में बढ़कर यह 11.05 बिलियन डॉलर हो गया है। भारतीय कारोबारी और पूंजीपति भारत छोड़कर विदेश में बस रहे हैं। इस पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। भारत में लगभग 2.50 लाख अरबपति थे। इनमें से 80000 भारत से बाल - बच्चों के साथ पलायन कर चुके हैं। इसके बाद भी सरकार ने अपनी तरफ से कोई चिंता नहीं की। इतने बड़े पैमाने में लोग भारत छोड़कर क्यों जा रहे हैं। अमेरिका में एच 1 वीजा लेने की हमेशा होड़ लगी रहती है। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 200 करोड रुपए निवेश करने वाले अरबपतियों को अमेरिका का गोल्ड कार्ड जारी करने की बात कही है। गोल्ड कार्ड से अमेरिका की स्थाई नागरिकता मिलेगी। एक और अमेरिका भारत के अरबपतियों को नागरिकता देने के लिए तैयार है। वहीं भारत से जो गरीब नौकरी और रोजगार के लिए वहां पर गए हुए हैं। उनके वीजा को निरस्त करके उन्हें भारत वापस भेजने की तैयारी कर रहा है। ऐसे लोगो की संख्या 7.50 लाख से ज्यादा है।

रोजगार और नौकरी की तलाश में जो भारतीय गैर कानूनी तरीके से वहां गए थे। अमेरिका की सरकार उन्हें हथकड़ी लगाकर उन्हें भारत वापस भेज रहा है। ऐसा क्यों हो रहा है, भारत सरकार इसको जानने की जहमत भी नहीं उठा रही है भारत की पूंजी विदेश में निवेश हो रही है। विदेशी निवेशकों ने भारत में जो निवेश किया था, वह मुनाफा वसूली के साथ भारतीय बाजार से कमाई करके विदेश ले जा रहे हैं। जिसके कारण भारत का शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था बुरी तरह से गड़बड़ा गई है। भारत में अडानी-अंबानी और कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों के लिए भारत में अलग कानून हैं। सरकार उनके ऊपर हर तरह से मेहरबान है। पिछले 10 वर्षों में मध्य - उच्च वर्ग के लोग भारत से अपना कारोबार बंद करके विदेश की नागरिकता ले रहे हैं। वहॉ पर करोणों - अरबों रुपया निवेश कर कारोबार कर रहें हैं। 2014 के बाद से भारतीय न्यायपालिका में जो निर्णय आ रहे हैं। वह सरकार के पक्ष में आ रहे हैं। अडानी-अंबानी के पक्ष में सारे निर्णय होते हुए दिख रहे हैं। सरकार की कार्यवाही के विरोध में जो भी लोग न्यायपालिका की शरण में गये, उन्हें न्यायपालिका से राहत नहीं मिली। जिस तरह से ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग, जीएसटी और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति न्यायपालिका का जो रुख रहा है। उससे भारतीय कारोबारियों एवं नागरिकों में निराशा फैली। जिस तरह से जांच एजेंसियों ने डर और भय का माहौल बनाया है।

मीडिया को जिस तरह से रौंदा गया। एनडीटीवी जैसा चैनल सरकार और न्यायपालिका से न्याय की आस में गुहार लगाता रहा, न्याय तो मिला नहीं, उल्टे शेयर बाजार की नियामक संस्था सेबी ने एनडीटीवी के खिलाफ कार्यवाही कर अडानी के पक्ष में फैसला कर दिया। इस कार्यवाही से यह संदेश गया, भारत में मीडिया स्वतंत्र नहीं है। इसके बाद भारत में डर और भय का बड़ी तेजी के साथ माहौल बना। रही - सही कसर चुनाव आयोग ने पूरी कर दी है। जिसके कारण भारतीय उद्योगपति और कारोबारी भारत छोड़कर विदेश की नागरिकता लेने लगे। इससे भारत को दोहरा नुकसान हो रहा है। भारत की पूंजी विदेश में निवेश हो रही है। भारतीय अरबपति नागरिक विदेश में शरण ले रहे हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के रोजगार समाप्त होतें जा रहे हैं। देश में बेरोजगारी बड़ी तेजी के साथ फैल रही है। रही - सही कसर कर्ज ने पूरी कर दी है। आम आदमियों के सिर पर इतना कर्जा हो गया है, वह किस्त नहीं चुका पा रहा है। अपने घर का खर्च और बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इससे ज्यादा भयानक स्थिति क्या हो सकती है। रूस और यूक्रेन के बीच में युद्ध चल रहा है। इजराइल और फिलीस्तीन के बीच युद्ध चल रहा है। युद्ध के बीच भारत के लोग मजदूरी करने के लिए रूस यूक्रेन इजराइल इत्यादि देशों में जा रहे हैं। केंद्र सरकार मनी बिल के रूप में मनचाहे नियम बना रही है। जीएसटी एवं अन्य कानून में अभी तक हजारों बार नियम बदले जा चुके हैं। कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को राहत पहुंचाने के लिए अलग नियम होते हैं। अन्य उद्योगपतियों और कारोबारियों के लिए अलग नियम होते हैं। भारत में जिस तरह की स्थिति बन गई है। आर्थिक मंदी के इस दौर में वैश्विक स्तर पर टैरिफ बार जैसी स्थितियां बन गई हैं। उस समय सरकार का खामोश बैठना सबसे बड़ी चिंता का विषय है। समय रहते इस और ध्यान नहीं दिया गया, तो इसके परिणाम भारत के लिए बड़े घातक सिद्ध होंगे। भूख एक ऐसी जरूरत है, जो किसी को भी बागी बना देती है।

# रंग-बिरंगी होती है राजस्थान में होली


रमेश सर्राफ धमोरा



होली का त्यौहार हर साल पूरे भारत में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। राजस्थान में भी उसी उत्साह और जोश के साथ होली मनाई जाती है। होली जिसे मूल रूप से 'होलिका' के नाम से जाना जाता है। केवल एक आधुनिक उत्सव नहीं है बल्कि भारतीय संस्कृति में गहराई से अंतर्निहित सदियों पुरानी परंपरा है। इसके शुरूआती संदर्भ जैमिनी के पूर्व मीमांसा-सूत्र और कथक-गृह्य-सूत्र जैसे प्राचीन धार्मिक कार्यों में पाए जा सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि होली आर्य सभ्यता में मनाई जाती थी। होली का त्योहार वसंत ऋतु की शुरूआत को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। होली महोत्सव की विशिष्ट तिथि हर साल अलग-अलग हो सकती है, क्योंकि यह हिंदू कैलेंडर में फागुन महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न शहरों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं।

राजस्थान में होली के विविध रंग देखने में आते हैं। होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है। बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमें पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूमधाम से मनाते हैं। भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी-भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक-दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं। मेवाड़ अंचल के भीलवाड़ा जिले के बरून्दनी गांव में होली के सात दिन बाद शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं।

डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जाती है। वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौड़गढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। इसमें लकड़ी की सीढ़ी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं। राज्य के डूंगरपुर जिले की होली सबसे अनोखी मानी जाती है। यहां वांगड़वासी होली के एक महीने पहले ही तैयारियों में जुट जाते हैं और होली के खुमार में मस्त हो जाते है। होली के दिन जिले के कोकापुर गांव में लोग होलिका के दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलने की परंपरा आज भी निभाते है। लोगों का मानना है कि होलिका दहन के अंगारों पर चलने से घर में कोई भी विपदा नहीं आती है। डूंगरपुर के भीलूड़ा में पिछले 200 साल से धुलंडी पर लोग पत्थरमार होली खेल रहे है। लोग रंगों के स्थान पर पत्थर बरसा कर खून बहाने को होली के दिन शगुन मानते है। इस दिन भारी संख्या में लोग रघुनाथ मंदिर परिसर में दो टोलियों बनाकर एक दूसरे पर पत्थर बरसाना शुरू कर देते है। इस खेल में घायल लोगों को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया जाता है। इसके अलावा मथुरा के लगता जिला होने के चलते भरतपुर और करौली के नंदगाव में लोग आज भी लठ्ठमार होली खेलते है।

शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्ध है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शुरूआत तब होती है, जबकि बसन्त अपने पूर्ण यौवन पर होता है और बांसुरी की मदहोश करती धुनें और चंग की थाप पर मानव का मन-मयूर नाचने लगता है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। शेखावाटी में होली के अवसर पर बजाया जाने वाला चंग भी इसी क्षेत्र में ही विशेष रूप से बनाया जाता है। चंग की आवाज तो ढोलक की माफिक ही होती है, मगर बनावट ढोलक से सर्वथा भिन्न। चंग ढोलक से काफी बड़ा व गोल घेरे नुमा होता है। होली के प्रारम्भ होते ही गांवों में लोग अपने-अपने चंग (ढप) संभालने लगते हैं। होली चूंकि बसंत ऋतु का प्रमुख पर्व है तथा बसंत पंचमी बसंत ऋतु प्रारम्भ होने की द्योतक है। इसलिए इस अंचल में बसंत पंचमी के दिन से चंग (ढप) बजाकर होली के पर्व की विधिवत शुरूआत कर दी जाती है। क्षेत्र में होली के पर्व पर चंग की धुन पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है। शेखावाटी अंचल में होली पर कस्बों में विशेष रूप से गींदड़ नृत्य किया जाता है। गुजराती नृत्य गरवा से मिलता-जुलता गींदड़ नृत्य में काफी लोग विभिन्न प्रकार की चिताकर्षक वेशभूषा में नंगाड़े की आवाज पर एक गोल घेरे में हाथ में डंडे लिए घूमते हुए नाचते हैं तथा आपस में डंडे टकराते हैं। प्रारम्भ में धीरे-धीरे शुरू हुआ यह नृत्य धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ता जाता है। इसी रफ्तार में डंडों की आवाज भी टकरा कर काफी तेज गति से आती है तथा नृत्य व आवाज का एक अद्भुत दृश्य उत्पन्न हो जाता है।

लोगों का कहना है कि अगर होली के त्यौहार से लोक वाद्य चंग और धमाल को निकाल दिया जाये तो होली का त्यौहार बेजान हो जायेगा। ग्रामीण चंग और धमाल को होली पर्व की आत्मा मानते हैं। आज ये परम्परा धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। पहले यहां होली का त्योहार प्यार के साथ मनाया जाता था, सब साथ मिलकर चंग पर धमाल गाते थे लेकिन आजकल वो सब खत्म-सा हो गया है। क्षेत्र में बढ़ते शराब के प्रचलन के कारण लोग रात्रि में घरों से बाहर निकलने से डरने लगे हैं तथा गांवों में भी पहले की तरह सामंजस्य नहीं रहा। इसके अलावा ऑडियो कैसेटों के बढ़ते प्रचलन से भी इस लोक पर्व को कृत्रिम-सा बना दिया है। इससे पर्व की मौलिकता ही समाप्त होती जा रही है। यदि समय रहते होली पर व्याप्त हो रही कुरीतियों व शराब के चलन की समाप्ति का प्रयास नहीं किया गया तो यह पर्व अपना मूल रूप खो बैठेगा।

# अमेरिका ने वैश्विक आर्थिक नीतियों पर लिया यू टर्न

**प्रहलाद सबनानी**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारत के पूंजी (शेयर) बाजार से अपना निवेश अक्टोबर 2024 माह से लगातार निकाल रहे हैं। फरवरी 2025 माह में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा 34,574 करोड़ रुपए (397 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक) की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से निकाला गया है। वर्ष 2025 में अभी तक 137,000 लाख करोड़ रुपए (1,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा निकाला जा चुका है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश निकालने के पीछे कई कारण गिनाए जा रहे हैं।

सबसे पहिले तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर में आई गिरावट एक मुख्य कारण रही इसके बाद सितम्बर 2024 तिमाही में भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता में आई कमी को दूसरे कारण के रूप में देखा गया। परंतु अब तो अमेरिका में नव निर्वाचित राष्ट्रपति श्री ट्रम्प के प्रशासन द्वारा टैरिफ के संदर्भ में की जा रही नित नयी घोषणाओं को भी एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में आयात किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों पर टैरिफ की दर को बढ़ा दिया गया है और अब यह घोषणा भी की जा रही है कि भारत सहित विभिन्न देशों द्वारा अमेरिकी उत्पादों के आयात पर लगाए जाने वाले टैरिफ की तरह ही अमेरिका भी इन समस्त देशों से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर 2 अप्रेल 2025 से टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प प्रशासन का तो यहां तक कहना है कि भारत अपने देश में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर तो 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अब अमेरिका भी भारत से अमेरिका में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाएगा। इससे बहुत सम्भव है कि भारत के फार्मा क्षेत्र, ऑटोमोबाइल क्षेत्र, इंजीनीयरिंग क्षेत्र एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर विपरीत प्रभाव पड़े।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारत के शेयर बाजार में किये गए निवेश का पोर्टफोलियो लगभग 20 प्रतिशत गिर गया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को यह आभास हो रहा है कि इसमें अभी और गिरावट आ सकती है अतः विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश अभी भी लगातार निकाल रहे है। दूसरे, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को भारतीय बाजार तुलनात्मक रूप से महंगे लग रहे हैं क्योंकि चीन एवं कुछ अन्य देशों की कम्पनियों के शेयर इन देशों के शेयर बाजार में सस्ते में उपलब्ध हैं। अमेरिका में बांड यील्ड के उच्च स्तर (4.75 प्रतिशत से भी ऊपर) जाने के चलते भी अमेरिकी पोर्टफोलियो निवेशक भारत से अपना निवेश निकाल कर चीन, अमेरिका एवं अन्य इमर्जिंग बाजारों में निवेश कर रहे हैं। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होते जाने से भारतीय रुपए पर लगातार दबाव बना हुआ है एवं भारतीय रुपए का अवमूल्यन हुआ है। हाल ही के समय में एक अमेरिकी डॉलर का मूल्य भारत के लगभग 88 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है, इससे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भारत के शेयर बाजार में होने वाली आय भी कम हुई है एवं उनकी लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

सितम्बर 2024 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारतीय कम्पनियों में किए गए निवेश का पोर्टफोलियो 40,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो आज गिरकर 30,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा गया है। इसमें 25 प्रतिशत की भारी भरकम गिरावट दर्ज की गई है। 2 अप्रेल 2025 से ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत पर रेसिपरोकल टैरिफ लगाए जाने की घोषणा के चलते अभी भी भारतीय पूंजी बाजार पर लगातार दबाव बना रह सकता है। हालांकि, इसी समय में भारतीय संस्थागत निवेशक एवं खुदरा (रीटेल) निवेशक भारतीय कम्पनियों के शेयरों में भारी मात्रा में निवेश कर रहे हैं इसीलिए भारतीय शेयर बाजार बहुत अधिक नहीं गिरा है। परंतु फिर भी, भारतीय शेयर बाजार में माहौल तो बिगड़ ही रहा है।

अभी तक तो विकसित देशों द्वारा वैश्वीकरण की नीतियों के आधार पर अपनी आर्थिक नीतियां बनाई जा रही थीं एवं विश्व के अन्य विकासशील देशों पर यह दबाव बनाया जा रहा था कि वे भी इन नीतियों का अनुपालन करते हुए विश्व के विकसित देशों के लिए विकासशील देश अपने द्वार खोलें ताकि इन देशों के संस्थागत निवेशक विकासशील देशों के पूंजी बाजार में अपना निवेश बढ़ा सकें। जबकि आज, विशेष रूप से अमेरिका, वैश्वीकरण की नीतियों को धत्ता बताते हुए केवल अपने देश को प्रथम स्थान पर रखकर वैश्वीकरण की नीतियों के संदर्भ में यू टर्न लेता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश के लिए टैरिफ को अंधाधुंध बढ़ाना दुधारी तलवार की तरह है। जिस भी देश में भारी मात्रा में टैरिफ बढ़ाए जा रहे हैं उस देश के नागरिकों पर निश्चित रूप से इन उत्पादों के महंगे होने के चलते भारी बोझ पड़ने की सम्भावना बढ़ जाती है। क्योंकि, टैरिफ बढ़ाए जाने वाले देश में आयात की जा रही वस्तुओं के महंगे होने का खतरा बढ़ता है जिससे उस देश में मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि होती है और आर्थिक मंदी की सम्भावना बढ़ती जाती है।

अमेरिका की देखा देखी अब रूस ने भी चीन से आयात किए जा रहे चारपहिया वाहनों पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। चीन ने आज रूस के 3/4 ऑटोमोबाइल बाजार पर अपना कब्जा कर लिया है। चीन ने हालांकि रूस में चार पहिया वाहनों के निर्यात के मामले में पश्चिमी देशों को झटका देते हुए अपना निर्यात रूस में बढ़ाया है। शुरू शुरू में तो रूस को यह सब अच्छा लगा परंतु अब उसे महसूस हो रहा है कि किसी भी उत्पाद के आयात के मामले में केवल एक देश पर निर्भरता उचित नहीं है। अतः अब रूस ने चीन से आयात किए जाने वाले चारपहिया वाहनों पर टैरिफ लगाना प्रारम्भ कर दिया है। साथ ही, रूस अब अपने देश में ही चारपहिया वाहनों का उत्पादन करने वाली विनिर्माण इकाईयों की स्थापना करना चाहता है ताकि रूस में ही रोजगार के नए अवसर निर्मित हो सकें।

टैरिफ युद्ध के चलते अमेरिका में भी आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ता जा रहा है। हालांकि इसकी सम्भावना वर्ष 2024 में भी की जा रही है। जे पी मोर्गन ने पूर्व में अपने एक आंकलन में बताया था कि अमेरिका में आर्थिक मंदी की सम्भावना 17 प्रतिशत है जबकि अब अपनी एक नई रिसर्च के आधार पर एक आंकलन में बताया है कि अमेरिकी में आर्थिक मंदी की सम्भावना 31 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इसी प्रकार गोल्डमैन सैचस ने भी पूर्व में अमेरिका में आर्थिक मंदी की 14 प्रतिशत की सम्भावना व्यक्त की थी जो अब बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई है। अमेरिका अपने देश में विभिन्न वस्तुओं के आयात पर टैरिफ लगा रहा है क्योंकि अमेरिका को ट्रम्प प्रशासन एक बार पुनः वैभवशाली बनाना चाहते हैं परंतु इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है। अमेरिकी शेयर बाजार नसदक पिछले माह के दौरान 7 प्रतिशत से अधिक नीचे आया है, डाउ जोनस 4 प्रतिशत के आसपास नीचे आया है एवं एसएंडपी-500, 5 प्रतिशत के आसपास टूटा है।

# बेखबर नहीं रहें गुर्दे की स्वास्थ्य को लेकर

**कुमार कृष्णान**

**(विश्व गुर्दा रोग दिवस 13 मार्च पर विशेष)**

गुर्दा की बीमारी की ओर अक्सर लोग बेखबर रहते हैं, 8 फीसदी से 10 फीसदी वयस्क किसी न किसी तरह की किडनी क्षति से प्रभावित होते हैं। दुर्भाग्ये से आधे से अधिक मरीज अपनी बीमारी के बारे में तब जान पाते हैं जब उनका गुर्दा 60 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्तस हो चुका होता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थातन द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार गुर्दे के लगभग 1.50 लाख नए मरीज हर वर्ष बढ़ जाते हैं जिनमें से बहुत थोड़े लोगों को किसी प्रकार का इलाज उपलब्धी हो पाता है। इस समस्यार ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। हर वर्ष गुर्दे की पुरानी बीमारी से ग्रस्तग लाखों मरीज इलाज के बिना रह जाते हैं अथवा बीमारी का शुरू में पता न लग पाने या गुर्दे के प्रतिरोपण के लिए धन की कमी के कारण या मेल खाते हुए गुर्दे के उपलब्धस न हो पाने के कारण प्रतिरोपण नहीं हो पाता।

भारत में हर साल लगभग पांच लाख गुर्दे का प्रत्यो्रोपण किए जाने की आवश्याकता होती है, लेकिन इस मंहगी प्रक्रिया के माध्याम से कुछ हजार मरीज ही नया जीवन प्राप्ते कर पाते हैं। हर वर्ष मार्च माह के दूसरे बृहस्पतिवार को सारे विश्वर में विश्वी गुर्दा दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व गुर्दा दिवस 13 मार्च को जाएगा। गुर्दे के महत्वै और गुर्दे की बीमारी तथा उससे जुड़ी अन्यह बीमारियों के खतरे को कम करने के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सन् 2006 से प्रतिवर्ष मनाया जाता है। विश्व गुर्दा रोग दिवस 2025 का नारा है, क्या आपकी किडनी ठीक है? जल्दी पता लगाएं, किडनी के स्वास्थ्य की रक्षा करें। यह साल भर चलने वाला अभियान है। इसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और व्यक्तियों को अपनी किडनी के स्वास्थ्य की रक्षा और उसका आकलन करने के लिए प्रेरित करना है। विश्व किडनी दिवस 2025 किडनी रोग के चरणों , प्रारंभिक निदान और जीवनशैली में बदलावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केन्द्रित है जो किडनी से संबंधित विकारों को रोकने में मदद करते हैं। किडनी रोग के बढ़ते प्रचलन को देखते हुए, इस वर्ष के अभियान का मकसद किडनी रोग रक्त परीक्षण , मूत्र में रक्त परीक्षण और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को उजागर करना है। प्रारंभिक अवस्था में किडनी रोग के लक्षणों का पता लगाने से सी.के.डी. और किडनी फेलियर जैसी गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकता है । नियमित जांच, जिसमें रक्त शर्करा स्तर परीक्षण और किडनी रोग रक्त परीक्षण शामिल हैं, किडनी की समस्याओं को जीवन के लिए खतरा बनने से पहले पहचानने में मदद करते हैं। किडनी रोग के सामान्य लक्षण जिन्हें आपको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

किडनी रोग के लक्षण अक्सर शुरूआती चरणों में नजर नहीं आते। किडनी रोग के कुछ सामान्य लक्षणों में शामिल हैं:थकान और कमजोरी, पैरों, टखनों या आंखों के आसपास सूजन,पेशाब के पैटर्न में परिवर्तन (बार-बार पेशाब आना या पेशाब की मात्रा कम होना) मूत्र में रक्त की उपस्थिति,लगातार उच्च रक्तचाप है। चूंकि उच्च रक्त शर्करा स्तर जैसी स्थितियां भी गुर्दे की कार्यप्रणाली को प्रभावित करती हैं, इसलिए मधुमेह से पीड़ित लोगों को नियमित रूप से अपने गुर्दे के स्वास्थ्य की निगरानी करनी चाहिए। किडनी रोग के प्रबंधन के लिए जीवनशैली में बदलाव, दवा और उन्नत चिकित्सा उपचार के संयोजन की आवश्यकता होती है। किडनी की बीमारी को रोकने और समय रहते उसका पता लगाने के लिए हर साल किडनी की जांच करवाना बहुत जरूरी है। नियमित किडनी जांच और स्वस्थ जीवनशैली से किडनी रोग का जोखिम काफी हद तक कम हो सकता है। किडनी रोग के लिए जांच के माध्यम से प्रारंभिक पहचान बेहतर प्रबंधन और उपचार परिणाम सुनिश्चित करती है। मानसिक तनाव और मधुमेह के बाद गुर्दे की पुरानी बीमारी तीसरी सबसे बड़ी गैर संक्रमणकारी बीमारी है। पहली दोनों बीमारियां भी गुर्दो पर असर डालती हैं और अक्सीर गुर्दे की पुरानी बीमारी का रूप ले लेती हैं। आंकड़ों के अनुसार गुर्दे की पुरानी बीमारी के लगभग 60 प्रतिशत मरीज पूर्व में या तो मधुमेह के मरीज रहे होते हैं या फिर उच्चग रक्तप चाप के मरीज रहे होते हैं या फिर वे इन दोनों बीमारियों से ग्रस्ती रहे होते हैं। गुर्दे की बीमारी का यदि शुरू में ही पता चल सके तो उसका इलाज समय से किया जा सकता है और इसके साथ जुड़ी अन्यब जटिलताओं से बचा जा सकता है परिणामस्वकरूप मूत्र तथा हृदयवाहिनी से संबंधित बीमारियों के कारण होने वाली मौतों और विकलांगताओं के बढ़ते हुए बोझ को काफी कम किया जा सकता है। गुर्दे की लंबी बीमारी से जुड़े खतरों को समझना जरूरी है। शुरूआती चरण में बीमारी के लक्षणों का पता नहीं चलता इसलिए इलाज भी संभव नहीं हो पाता।

यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो स्वा स्य्ता सेवाओं को गुर्दे की लंबी बीमारी के मरीजों की बड़ी संख्याम का सामना करना होगा। विश्वं गुर्दा दिवस गुर्दे की पुरानी बीमारी के खिलाफ कदम उठाए जाने की आवश्यीकता की याद दिलाता है ताकि शरीर के इस महत्वीपूर्ण अंग के स्वा स्यीग का महत्वे समझा जा सके और उस पर लगातार नजर रखी जा सके। यह दिन हम सभी के लिए इस जटिल अंग को स्वेस्थव रखने की जानकारी जुटाने के लिए एक अवसर है। गुर्दे से जुड़ी बीमारियों की समय से जानकारी मिलने से समय पर हस्त क्षेप और इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में निश्चेय ही मदद मिलेगी। विश्वं गुर्दा दिवस मनाए जाने का उद्देश्य हर व्यलक्ति को इस विषय में जागरूक करना है कि मधुमेह तथा उच्च रक्तदचाप गुर्दे के स्वादस्य्ज के लिए खतरा हैं अतः मधुमेह और उच्च रक्तबचाप के सभी मरीजों को गुर्दे की नियमित जांच करानी चाहिए। इस विषय में विशेषकर गंभीर खतरे वाले क्षेत्रों में रहने वाली जनसंख्या के बीच जागरूकता फैलाने में चिकित्सा बिरादरी की महत्वेपूर्ण भूमिका हो सकती है। गुर्दे की लंबी बीमारियों को नियंत्रित करने के लिए स्थाबनीय और राष्ट्री य स्वाकस्य्या अधिकारियों को महत्वगपूर्ण भूमिका निभानी होगी। इस दिवस के माध्यरम से सभी सरकारी प्राधिकारियों को गुर्दे की जांच-सुविधाओं में निवेश करने और इस विषय में विभिन्नय कदम उठाए जाने के लिए संदेश दिया जाता है।

गुर्दा खराब होने जैसी आपातकाल स्थिति में गुर्दा का प्रतिरोपण ही सबसे बेहतर विकल्पय है। अतः अंग दान को जीवनदायी कदम के रूप में प्रोत्सागहित किये जाने की आवश्यिकता है। भारत सरकार ने मानव अंग प्रतिरोपण (संशोधन) अधिनियम, 2011 लागू किया है, जिसमें गुर्दा दान तथा मृत व्यतक्तियों के गुर्दे दान को प्रोत्सासहित करने के अनेक प्रावधान हैं। अभी तक सरकार ने गुर्दे की लंबी बीमारियों के रोकथाम और इलाज के लिए अनेक कदम उठाएं हैं। सभी बड़े सरकारी अस्पसतालों में डायलिसिस सुविधा उपलब्धन है। भारत सरकार ने कैंसर, मधुमेह, हृदयवाहिनी की बीमारियों तथा स्ट्रोक के लिए राष्ट्री य कार्यक्रम आरंभ किया है, जिससे गुर्दे संबंधी लंबी बीमारियों और गुर्दे खराब होने से बचाव संभव हो सका है।

## आज का राशिफल

**मेष :** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृष :** विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कर्क :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**सिंह :** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**कन्या :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**धनु :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**मकर :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें।

**कुंभ :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे।

**मीन :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन ने मूकबधिर और बिरहोर बच्चों के साथ मनाई होली



**हजारीबाग।** हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के शिक्षकों ने इस बार होली का पर्व कन्हरी रोड स्थित मूकबधिर आवासीय विद्यालय में जाकर वहां के मूकबधिर और बिरहोर बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने रंग-अबीर लगाकर बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी जैन ने घोषणा की कि सभी शिक्षक मूकबधिर और बिरहोर बच्चों को निःशुल्क शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। शिक्षकों ने बच्चों के बीच फल, बिस्किट, मिठाई, केक आदि का वितरण कर प्रसन्नता की अनुभूति प्राप्त की। शिक्षकों ने कहा कि हम हमेशा अपने परिवार और मित्रों के साथ होली मनाते आए हैं, लेकिन इस बार इन बच्चों के साथ जो आनंद की अनुभूति हुई, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने संकल्प लिया कि अब अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह और अन्य खुशी के अवसर भी इन बच्चों के बीच ही मनाएंगे। कार्यक्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारीगण और अनेक शिक्षक उपस्थित थे, जिन्होंने इस अनोखी होली को यादगार बनाया।

### सीएचसी में जेएसएलपीएस के एक्टिव वूमेन को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित



**कटकमसांडी।** कटकमसांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भूषण राणा की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस के एक्टिव वूमेन के लिए प्रखंड स्तरीय जागरूकता बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 100 डेज टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम एवं वैक्टर जनित रोगों जैसे मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जापानी इंसेफेलाइटिस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इन बीमारियों के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में एमटीएस सुरेंद्र कुमार और एसटीएस शुभम राज ने उपस्थित महिलाओं को विस्तार से समझाया। साथ ही, उन्होंने सक्रिय महिलाओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ग्राम सभाओं का आयोजन कर लोगों को इन बीमारियों के प्रति जागरूक करें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एमओआईसी डॉ. भूषण राणा, प्रशांत राणा, संदीप कुमार, बीपीएम जय नारायण मिस्त्री, संतोष कुमार शर्मा, सुरेंद्र कुमार, शुभम राज, सुरेश चौधरी, आशीष यादव, अंजली रानी, रमेश यादव सहित कई स्वास्थ्यकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

### दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव गौरव पटेल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में गौरव पटेल ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। यह पर्व सभी धर्मों, संप्रदायों और जातियों की सीमाओं से परे जाकर सबको एकजुट करता है।।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति विविधता में एकता का परिचायक है और होली इसका सबसे सुंदर उदाहरण है। उन्होंने छात्रों को संदेश दिया कि वे इस त्योहार को पारंपरिक तरीके से मनाएं और सौहार्द बनाए रखें। कार्यक्रम में आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर और एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ० कुमारी स्वर्णा मिश्रा सहित कई शिक्षकों, कर्मचारियों और बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

### जयंत सिन्हा के होली मिलन समारोह में झूमे लोग



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत सिन्हा द्वारा डेमोटांड़ स्थित ऋषभ वाटिका में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए और जयंत सिन्हा को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। समारोह को विशेष बनाने के लिए स्थानीय कलाकारों द्वारा ढोलक और मंजीरों की थाप पर होली के पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए गए, जिससे उपस्थित लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में हजारीबाग के विशेष पकवानों बर्रा, घुसका, कचरी, मालपुआ और दहीबड़ा का भी भरपूर स्वाद लिया गया। जयंत सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और आनंद का पर्व है। इस अवसर पर सभी को मिलकर खुशियां बांटनी चाहिए और यह ध्यान रखना चाहिए कि किसी की भावना को ठेस न पहुंचे। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे समाज में भाईचारे को बढ़ावा दें और सभी के साथ मिलकर यह पर्व मनाएं। इस कार्यक्रम में कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हजारीबाग में शीघ्र बनेगा विश्वकर्मा भवन, विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया ऐलान

# होली मिलन समारोह में समाज के विकास पर हुई चर्चा, नशामुक्त होली मनाने की अपील




संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज, हजारीबाग जिला समिति द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन 12 मार्च 2025 को भाग्यमणि विवाह भवन, मालवीय मार्ग में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के विकास और संगठन की मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण चचाएं हुईं। इस समारोह में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वहीं, झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा और पूर्व आरक्षी उपाधीक्षक संजय राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के हजारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा ने की, जबकि मंच संचालन जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया। बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए और समाज के भविष्य को लेकर अपने विचार रखे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने विश्वकर्मा समाज के लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं और समाज के उत्थान के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि समाज की तरक्की के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है, इसलिए हर परिवार को अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि बहुत जल्द हजारीबाग में विश्वकर्मा भवन का निर्माण कराया जाएगा, जिससे समाज को एक सशक्त पहचान मिलेगी और उनकी सभाएं तथा कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक स्थायी स्थान मिलेगा।

झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने समाज के सभी लोगों से अपील की कि वे होली को नशामुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और इसे पूरे समाज के लिए एक मिसाल बनाएं। उन्होंने घोषणा की कि सितंबर माह में हजारीबाग जिला में विश्वकर्मा समाज का एक भव्य जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में समाज के महिला और पुरुष सदस्य भाग लेंगे। पूर्व आरक्षी उपाधीक्षक संजय राणा ने कहा कि समाज को अब राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से भी अपनी भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब तक समाज के लोग संगठित नहीं होंगे और प्रशासनिक सेवा व राजनीति में अपनी जगह नहीं बनाएंगे, तब तक उनके अधिकारों की रक्षा करना मुश्किल होगा। उन्होंने युवाओं से आगे आकर समाज की उन्नति में योगदान देने की अपील की। होली मिलन समारोह के दौरान समाज के कई प्रमुख लोग उपस्थित थे। इनमें जिला कोषाध्यक्ष निर्मल राणा, विनोद राणा, जिला सचेतक महावीर राणा, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष उमेश राणा, महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, अनुज राणा, किशोर राणा, नंदलाल राणा, महादेव राणा, अर्जुन राणा, पुनीत राणा, डॉ. टी. कुमार, कैलाश राणा, ममता राणा, देवनाथ शर्मा, सुषमा राणा, बबीता राणा, सुनीता राणा, पिंकी राणा, शंकर राणा सहित हजारीबाग जिला समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य शामिल थे। इसके अलावा, सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड सचिव, प्रखंड कोषाध्यक्ष और समाज के अन्य गणमान्य लोग भी इस समारोह का हिस्सा बने। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और समाज की प्रगति के लिए संकल्प लिया।

## विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधानसभा में रखे कई अहम मुद्दे

### भूमि मुआवजा और विस्थापन पर सरकार से की कार्रवाई की मांग



संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधानसभा में अपने क्षेत्र की समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। अपने भाषण की शुरूआत में उन्होंने झारखंड राज्य के निमार्ता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी और झारखंड आंदोलन के शहीदों को नमन किया।

उन्होंने सरकार के बजट प्रस्तावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि राजस्व, निबंधन, भूमि सुधार, परिवहन, खान एवं भूतत्व विभाग के बजट में कोई नया कार्य नहीं दिख रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्री बिना ऊपरी भुगतान के नहीं होती और हजारों दाखिल-खारिज के मामले लंबित हैं। विधायक ने विस्थापन, पुनर्वास और मुआवजा भुगतान की समस्याओं पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी, अदाणी, जिंदल और अन्य कंपनियों की परियोजनाओं के कारण हजारों लोग विस्थापित हो चुके हैं, लेकिन उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिला। उन्होंने मांग की कि विस्थापितों को मकान के बदले मकान, भूमि के बदले भूमि और स्थायी रोजगार दिया जाए। विधायक ने सरकार से यह भी मांग की कि बड़कागांव, केरेडारी और टंडवा क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही को देखते हुए फोर लेन बाईपास सड़क बनाई जाए, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

## शांतिपूर्ण और नशामुक्त होली को लेकर हजारीबाग में लागू की गई निषेधाज्ञा

### सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट पर रहेगी नजर



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण होली सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू कर दी है। उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के आदेशानुसार 13 मार्च से 16 मार्च तक यह आदेश प्रभावी रहेगा।।सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि होली के दिन किसी भी व्यक्ति को हथियार, लाठी, डंडा या आग्नेयास्त्र लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर भड़काऊ और सांप्रदायिक पोस्ट डालने पर भी सख्त पाबंदी रहेगी। अगर कोई व्यक्ति या व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया है कि होलिका दहन अत्यधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों और बिजली के पोल के पास नहीं किया जाए। साथ ही, किसी को जबरदस्ती रंग लगाने या हुड़दंग मचाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।यह आदेश सरकारी कार्यों में संलग्न अधिकारियों और कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। शव यात्रा और शादी-विवाह जैसे कार्यक्रमों को भी इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। प्रशासन ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई करें।

### होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक

## हुड़दंगियों और शराबियों पर नकेल कसने की जरूरत : थाना प्रभारी



शांति पूर्ण पर्व मनाने का लिया निर्णय

संवाददाता

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी में होली और रमजान को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन और समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि हुड़दंगियों और शराबियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की अशांति न फैले। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बैठक में भाजपा उपाध्यक्ष प्रेमचंद प्रसाद, भाजपा महामंत्री अरविंद कुमार यादव, कटकमसांडी मुखिया कुमारी श्रुति पांडेय, आदित्य दांगी, प्रकाश केशरी, बीस सूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, मिथिलेश सिंह, अनुज सिंह, रंजीत यादव, राजकिशोर सिंह, इस्लाम खान, दिलीप यादव, बाझा मुखिया धनेश्वरी देवी, रहमत अंसारी, रेबर पंचायत मुखिया के प्रतिनिधि हलधर यादव, राजा खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### रामनवमी संरक्षण समिति ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

## आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार, नशामुक्त होली का लें संकल्प : प्रशांत



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में रामनवमी संरक्षण समिति द्वारा बुधवार को बड़ा अखाड़ा, मालवीय मार्ग में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समिति के सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और होली के पारंपरिक गीतों के साथ जमकर उत्सव मनाया। समारोह की अध्यक्षता रामनवमी संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने की। इस अवसर पर उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है, इसे नशामुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हजारीबाग में होली का एक अलग ही महत्व है, क्योंकि इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध रामनवमी उत्सव का भी आगाज होता है। उन्होंने कहा कि होली और रामनवमी के त्योहारों को भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए ताकि समाज में एकता बनी रहे। इस अवसर पर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निशांत प्रधान, महंत विजयानंद दास, राजकुमार यादव, पिंटू सिन्हा, राकेश सिन्हा, संजू सिंह, पिंटू पहलवान, भगत कुमार, पवन गुप्ता, कुशल सिन्हा, धर्मेंद्र शुक्ला, राजेश पहलवान, अमरेश सिंह, बबलू गोप, सन्नी सिंह, मोहित प्रधान सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रंगों के उल्लास के साथ संपन्न हुआ होली मिलन समारोह

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता, सदस्याएं बबीता देवी और सोनी क्षेत्री कृष्णा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में होली के पारंपरिक गीत गाए गए, और विद्यालय के सभी आचार्य बंधु/भगिनियों ने एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर शुभकामनाएं दीं। सभी ने स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। विद्यालय प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया और वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



# हजारीबाग के पंच मंदिर चौक से शुरू हुई होलिका दहन की परंपरा

### 126 वर्षों से चली आ रही है यह विरासत



संवाददाता

**हजारीबाग।** होली के एक दिन पहले, फाल्गुन पूर्णिमा की रात होलिका दहन की परंपरा पूरे देश में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। इसे 'अगजा' के नाम से भी जाना जाता है। यह परंपरा बेहद प्राचीन है, लेकिन हजारीबाग नगर में इसकी शुरूआत आज से 126 वर्ष पूर्व पंच मंदिर चौक से हुई थी। इतिहास के पन्नों में झांकें तो पता चलता है कि राधा-कृष्ण पंच मंदिर से इस परंपरा की शुरूआत हुई थी। इस मंदिर का निर्माण 1880 के आसपास शुरू हुआ था और लगभग 20 वर्षों के बाद यह मंदिर पूर्ण रूप से बनकर तैयार हुआ। सन 1901 में पंच मंदिर में स्थापित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही पंच मंदिर चौक पर सामूहिक रूप से पहली बार होलिका दहन का आयोजन किया गया। तब से लेकर आज तक यह परंपरा उसी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ जारी है। पुराने लोग बताते हैं कि जब पंच मंदिर चौक पर पहली बार होलिका दहन का आयोजन हुआ, तो यह केवल एक पूजा तक सीमित नहीं था। यह आयोजन समाज को एकजुट करने और धार्मिक आस्था को मजबूत करने का भी प्रतीक था। इस चौराहे का नामकरण भी पंच मंदिर के शुभ उद्घाटन के बाद ही हुआ। तब इस परंपरा की शुरूआत स्व. हरसहाय मल, स्व. मैदा कुंवरी, स्व. पंडित गोपीनाथ शर्मा के पिता सहित अन्य लोगों ने की थी। इस आयोजन में पुरोहित के रूप में स्व. पंडित गोपीनाथ शर्मा ने पूजा-अर्चना की थी, जो लंबे समय तक इसे निभाते रहे। आज उनके ही वंशज पंडित पुरुषोत्तम शर्मा पिछले 25 वर्षों से इस परंपरा को निभा रहे हैं। सन 1880 के आसपास राजस्थान से कई अग्रवाल और जैन समाज के लोग हजारीबाग में आकर बसने लगे। उस समय यह नगर किसी गाँव के समान ही था, जहां के अधिकतर मकान खपरैल के थे।

पूरा नगर आम, इमली, पीपल, बरगद और बेल के पेड़ों से आच्छादित था। राजस्थान से आए अग्रवाल समाज के लोगों ने अपनी पारंपरिक रीति-रिवाजों को बनाए रखा और होलिका दहन की अनूठी परंपरा की शुरूआत की। इसके तहत फाल्गुन पूर्णिमा के दिन रेड़ी गाछ (एक प्रकार का वृक्ष) की टहनी को विधिपूर्वक होलिका स्थल पर स्थापित किया जाता है। इसके बाद गाय के गोबर से बनाई गई बड़कुल्या को सुखाकर रखा जाता है और होलिका दहन के दिन इनका अर्पण किया जाता है।

अग्रवाल समाज की महिलाएं इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार करती हैं। जब होलिका दहन की रात आती है, तो हिंदू परिवार अपने-अपने घरों में बने पकवानों को अगजा पर समर्पित करते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से घर में कभी भी अन्न और धन की कमी नहीं होती। यही परंपरा पंच मंदिर चौक से शुरू होकर हजारीबाग के विभिन्न इलाकों में फैल गई। आजादी के बाद भी यह परंपरा आगे बढ़ती गई। स्व० फूलचंद अग्रवाल, स्व० नाथूलाल अग्रवाल, स्व० कस्तूरमल, स्व० हीरालाल महाजन, स्व० पांचू गोप, स्व० यादुनथ बाबू, स्व० गुरु सहाय ठाकुर जैसे गणमान्य लोगों ने अपने-अपने मोहल्लों में होलिका दहन का विस्तार किया।

इसी समय से हिरण्यकश्यप की बहन होलिका और भक्त प्रह्लाद की मूर्ति को अगजा में समर्पित करने की परंपरा शुरू हुई। होलिका दहन के बाद भक्त प्रह्लाद की मूर्ति को वहां से तुरंत हटा लिया जाता है। यह परंपरा आज भी उसी रूप में जारी है। 1950 के आसपास इस परंपरा को और भी भव्य रूप देने में स्व. मुन्ना साव, स्व० द्वारका साव, स्व० बसंत ठठेरा, स्व० डोमन साहू, स्व० काशीलाल अग्रवाल, स्व० सुरेश केसरी, स्व० बद्री साव, स्व० प्रभु चंद साहू, स्व० रामबिलास खंडेलवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। एक समय था जब अगजा से निकली हुई आग से लोग अपने घरों के चूल्हे जलाते थे और उसी पर पकवान बनाते थे। आज भले ही हर घर में गैस चूल्हा उपलब्ध है, लेकिन यह परंपरा आज भी जारी है। वर्तमान समय में हजारीबाग नगर में 100 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाता है। पंच मंदिर चौक की यह परंपरा पूरे शहर में फैल चुकी है। नई पीढ़ी भी इस परंपरा से जुड़कर अपने संस्कृति और धर्म के प्रति आस्था प्रकट कर रही है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, गुरुवार 13 मार्च 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### एक साल की बच्ची का अपहरण, चाइल्ड हेल्पलाइन की मदद से सकुशल बरामद



**किशनगंज।** जिले के बहादुरगंज थाना क्षेत्र में एक साल की मासूम बच्ची की अपहरण का मामला सामने आया है। इस मामले में चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया है। घटना 13 जनवरी को बहादुरगंज थाना क्षेत्र में हुई। नाबालिग लड़की को अल्पावास के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय लाया गया था। काउंसलिंग के दौरान पता चला कि उसकी एक साल की बच्ची का अपहरण कर लिया गया है। पीड़िता ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे गलत काम में शामिल करना चाहा। जब उसने मना किया तो आरोपी उसकी बच्ची को लेकर फरार हो गया।चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार सिंह और आदर्श थाना के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी अनिल शर्मा ने संयुक्त टीम बनाई।

### वन प्रमंडल भागलपुर के टॉस्क फोर्स की बैठक



**भागलपुर।** भागलपुर के समीक्षा भवन में बुधवार को जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में वन प्रमंडल भागलपुर के जिला टॉक्स फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा आरा मिल के संबंध में बताया गया कि बिहार में 2720 आरा मिल सूचीबद्ध हो चुके हैं। भागलपुर के 49 आरा मिल सूचीबद्ध हैं। फिलहाल नया आरा मिल को अनुज्ञप्ति नहीं मिल रहा है। जिलाधिकारी ने जिले में सर्वे कराने का निर्देश दिये ताकि पता चल सके कितने आरा मिल बिना अनुज्ञप्ति के चल रहे हैं। उन्होंने वन विभाग को अपना सूचना तंत्र मजबूत करने का निर्देश दिया। वन प्रमंडल पदाधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि बढ़ई को 18 इंच और 12 इंच की लकड़ी पर काम करने की छूट है। जिलाधिकारी ने वन विभाग के मार्गदर्शन का वृहद प्रचार प्रसार करवाने का निर्देश दिया, ताकि आम लोग उस प्रावधान को जान सके। नीलगाय एवं घोरप्रास के संबंध में बताया गया कि भागलपुर के चार- पांच पंचायत के मुखिया लगातार संपर्क करते हैं कि उनके यहां नीलगाय फसल क्षति कर रहा है। उन्हें बताया गया है की प्रशिक्षित निशानेबाज से नील गाय को मरवाने का अधिकार मुखिया जी को प्रदत्त है। प्रशिक्षित निशानेबाज का नाम और मोबाइल नंबर के साथ सूची उन्हें उपलब्ध करायी गयी है। जिलाधिकारी ने उन मुखिया जी के साथ बैठक कर इसे क्रियान्वित कराने का आदेश दिया। उन्होंने कहा की निशानेबाज को बुलाकर संबंधित मुखिया जी को मुहैया कराया जाए। आद्र भूमि के संबंध में बताया गया कि भागलपुर में कोई भी आद्र भूमि अधिसूचित नहीं है। लेकिन 143 आद्रक्षभूमि की डेटा है।

### पत्नी के हत्यारा पति ने रानीगंज थाना में किया आत्मसमर्पण

**अररिया।** रानीगंज थाना क्षेत्र के बेलसरा गोठ वार्ड संख्या 10 में झाड़ी में मंगलवार की रात एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। शव को शिनाख्त बेलसरा गोठ वार्ड संख्या 10 के ही छोटू कुमार यादव की इतनी 28 वर्षीय उर्मिला देवी के रूप में की गई। रानीगंज थाना पुलिस बुधवार को शव को कब्जे में लेकर मामले की तफ्तीश में ही जुटी थी कि बुधवार दोपहर बाद छोटू कुमार यादव ने पत्नी की हत्या की बात स्वीकार करते हुए थाना में आत्मसमर्पण कर दिया।उन्होंने घरेलू विवाद में पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दिए जाने और शव को ले जाकर झाड़ी में छिपा देने की बात पुलिस को बताई। शव को पोस्टमार्टम कराने हेतु सदर अस्पताल अररिया भेजा है। वहीं मामले में रानीगंज थाना पुलिस अग्रिम विधि सम्मत कार्रवाई में लगी है।

### माला रॉय को प्रबंधन समिति की बैठक में विरोध का सामना करना पड़ा



**कोलकाता।** कोलकाता के योगेश चंद्र चौधरी कॉलेज में सरस्वती पूजा को लेकर व्यापक अशांति फैल गई थी। उस समय शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन हुए थे। पूजा पुलिस सुरक्षा में आयोजित की गई थी। योगेश चंद्र कॉलेज परिसर में फिर से माहौल गरमा गया। इस बार छात्रों के एक वर्ग ने सांसद माला रॉय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ₹बाहरी₹ का नारा भी चला। इतना ही नहीं, बुधवार को कॉलेज में अबीर के खेल को लेकर अस्थायी उत्साह भी था। अबीर के प्रदर्शन को लेकर लॉ कॉलेजों और डे कॉलेजों के छात्रों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। बाहरी लोग फिर से कॉलेज में घुस आए हैं। यह आरोप लगाया गया है। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस कॉलेज परिसर में आयी। स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किये गया। विरोध प्रदर्शन चरणबद्ध तरीके से जारी रहा। कथित तौर पर छात्रों का एक वर्ग अबीर खेलना जारी रखा। कॉलेज प्रशासन इस मामले पर चुप्पी साधे हुए थे। पता चला है कि तृणमूल कांग्रेस की सांसद माला रॉय कॉलेज की प्रबंधन समिति की अध्यक्ष हैं। कॉलेज की प्रबंधन समिति की बैठक बुधवार को थी। माला रॉय उस बैठक में भाग लेने गयी थी। इसके कुछ ही देर बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। आरोप है कि बाहरी लोग माला रॉय के साथ कॉलेज परिसर में घुसे थे। तृणमूल छात्र परिषद के एक वर्ग ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सांसद के जाते ही तनाव पुनः स्पष्ट हो गया। उनकी कार के चारों ओर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। बाहरी नारे भी दिए गए हैं।

# नीतीश और राबड़ी में जमकर तकरार राजद ने किया सदन से वाकआउट

## राबड़ी ने कहा- महिलाओं को अपमानित करना मुख्यमंत्री की आदत

एजेंसी




**पटना।** बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के नौवें दिन आज विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच तकरार देखने को मिला। मुख्यमंत्री के बयान से नाराज होकर राबड़ी देवी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तमाम विधान परिषद सदस्य बाहर निकल आए और पोर्टिको के गेट पर धरने पर बैठ गए। मौके पर राबड़ी देवी ने कहा कि महिलाओं को अपमानित करना मुख्यमंत्री की आदत हो गई है। राबड़ी ने सीएम पर कई गंभीर आरोप लगाए ।

राबड़ी देवी ने कहा कि नीतीश कुमार महिलाओं को कुछ से कुछ बोलते रहते हैं। बार-बार महिलाओं को बेइज्जत करते हैं। वह कहते हैं कि 2005 से पहले महिलाएं कपड़े नहीं पहनती थीं। हम पूछना चाहते हैं कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार से कि क्या पहले की महिलाएं बिना कपड़ों के ही रहती थीं राबडी. ने कहा कि नीतीश कुमार ने मुझे सदन में दूसरी बार बेइज्जत किया है। हम लोगों के लिए सभी जाति-धर्म की महिलाएं एक समान हैं। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बार-बार महिलाओं का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी भी दूसरी बार सदन में बेइज्जती की है। इसलिए हम लोगों ने तय किया है कि आज सदन के अंदर नहीं जाएंगे।

राजद नेता राबड़ी ने कहा कि ललन सिंह, संजय झा, विजय चौधरी और अशोक चौधरी जैसे लोग मुख्यमंत्री का कान फूंकते रहते हैं। नीतीश कुमार असल में भाजपा की गोद में जाकर बैठ गए हैं। इससे पहले आज विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लालू-राबड़ी के शासनकाल का जिक्र करते हुए बोल रहे थे, तभी राजद ने कुछ बातों को लेकर विरोध किया। जिस पर सीएम ने महिलाओं के लिए हमने सबसे ज्यादा काम किया है। ये लोग क्या बोलेंगे, इन लोगों ने (राजद) बिहार के लिए कुछ नहीं किया। पटना में भी कहीं जाने का रास्ता नहीं था, सब हमने बनवाया। इस पर राजद के सदस्यों ने सदन वॉक आउट कर दिया। जब राबड़ी देवी की अगुलाई में वे लोग बाहर निकल रहे थे, तब सीएम ने कहा, 'अब तो भाग गया ना। जब हम बोलते हैं तो भाग गया।

## एक ही परिवार के 5 लोगों ने खाया जहर, 3 की मौत 2 की हालत गंभीर

एजेंसी



**पटना।** बिहार में भोजपुर जिले के बिहिया थाना के बेलवानीय गांव में बीती रात एक ही परिवार के 5 लोगों के कीटनाशक खाने से तीन लोगों की मौत हो गई, दो की हालत गंभीर है। बिहिया थाने के सब इंस्पेक्टर भगत यादव ने बताया कि बेलवानीया गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों ने कीटनाशक दवा खा ली जिससे तीन की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्य शादी समारोह में गए हुए थे तभी इन सभी ने जहर खाया। घटना के बाद घर के बाकी के सदस्य जब शादी समारोह से घर पहुंचे तो दरवाजा खुलवाने लगे लेकिन दरवाजा नहीं खुला जिसके बाद दरवाजे को तोड़ा गया और देखा कि पिता सहित उनके चारों बच्चे गंभीर हालत में पड़े है।

जिसके बाद परिजनों ने उन पांचों को आनन फानन में सदर अस्पताल लाया। जहर खाने वालों में अरविंद कुमार, उनकी पुत्री नंदनी कुमारी (12 वर्ष), डॉली कुमारी (5 वर्ष), आदर्श कुमार (10 वर्ष) एवं टोनी कुमार (6 वर्ष) शामिल हैं।

इनमें नंदनी कुमारी, डॉली कुमारी और टोनी की मौत हो गयी। घटना के कारणों का अभीतक पता नहीं चला है। परिजन कुछ भी बताने से इनकार कर रहे है। हालांकि पत्नी की मौत के बाद से पिता अपने बच्चों को लेकर काफी परेशान चल रहे थे।

## जिले के सभी पंचायतों में खराब चापाकलों की होगी मरम्मति



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के ग्रामीण इलाकों मे गर्मी के कारण पेयजल संकट से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी एवं ढाका के सौजन्य से गठित चलंत मरम्मत दल को जिलाधिकारी सौरव जोरवाल ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। चलंत मरम्मति दल जिले की सभी पंचायतों में जाकर खराब चापाकलों की मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चत करेगी। इसकी जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी एवं ढाका के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि फिलहाल गर्मी की आहट देख जिले में चलंत मरम्मति दल गठन किया गया है।जो प्रखंडो के जिन पंचायतों के गांवों में चापाकल खराब होंगे, उन चापाकलों की मरम्मति करेगा, साथ ही अगर अन्य चापाकलों के खराब होने की सूचना प्राप्त होती है,तो वहां भी पहुंच कर खराब चापाकलों को ठीक करेगा, चलंत मरम्मति दल में एक मिस्त्री सहित दो सहायकों को रखा गया है।

उन्होने बताया कि खराब चापाकलों की मरम्मत को लेकर दोनों प्रमंडलों के लिए अलग-अलग नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

## चलती बस में हथियार के बल पर पश्चिम बंगाल के व्यापारी से हुए लूट मामले में दो गिरफ्तार

एजेंसी



**अररिया।** अररिया नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुसियारगांव के समीप बस में सवार पश्चिम बंगाल के व्यवसायी समरुल शेख से बाइक सवार दो बदमाशों के द्वारा 28 फरवरी को ढाई लाख रुपये के हुए लूटकांड मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है।मामले में पुलिस ने घटना में शामिल दो बदमाशों को दो देशी कट्टा,दो कारतूस,घटना में प्रयुक्त दोनों बाइक,लूट के रकम में से 28 सौ रुपये बरामद किया है।बुधवार को एसपी अंजनी कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी।

एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि 28 फरवरी की शाम पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला के नौदा के रहने वाले व्यापारी समेरुल शेख पिता कियामत शेख से ढाई लाख रुपये की लूट हुई थी।

रानीगंज से पैसों की वसूली कर बस से जा रहे थे। दो बाइक से पीछा कर अज्ञात बदमाशों ने कुसियारगांव के समीप बस में सवार होकर व्यापारी से लूट की घटना को अंजाम दिया था। लूट को लेकर अररिया थाना में मामला दर्ज किया गया।

एसपी ने बताया कि कांड में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं लूटे गए रुपये की बरामदगी के लिए एसडीपीओ रामपुकार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी की टीम ने नगर परिषद के द्वारा लगाए गए सीसीटीवी के फुटेज के साथ तकनीकी अनुसंधान के आधार पर इस घटना में शामिल 35 वर्षीय मो. शमशुल पिता मो. जलील और 25 वर्षीय मो. हसाम पिता- मो. मामूल को गिरफ्तार किया।दोनों सुपौल के जदिया थाना क्षेत्र के फुलकाहा का रहने वाला है।गिरफ्तार बदमाशों के पास से दो देसी कट्टा,दो कारतूस के साथ घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और लूट की रकम में से-26 सौ रुपया बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है। घटना में शामिल अन्य बदमाशों की शिनाख्त की बात करते हुए एसपी ने गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने की बात कही।

## एमजीसीयू में होली मिलन के दौरान अश्लील गाना बजाने पर होगी कारवाई

**पूर्वी चंपारण।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम के दौरान प्रतिबंधित अश्लील भोजपुरी गाना बजाने के मामले में एसपी ने स्थानीय थाना को कारवाई करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है,कि बीते दिनो होली को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात ने आदेश जारी करते हुए द्विअर्थी व अश्लील गाना को प्रतिबंधित किया था।जिसके बाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के बनकट स्थित गांधी भवन परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एसपी द्वारा जारी गाइड लाइन की धज्जी उड़ाते अश्लील भोजपुरी गानों पर जमकर डांस किया। वही इस दौरान विश्वविद्यालय के कई अधिकारी व प्रोफेसर भी मौजूद थे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**सीएम के भाषण के दौरान भाजपा विधायक लगातार नारे लगाते रहे, कागज फाड़ा गया !**

## विधानसभा में फिर से उथल-पुथल मची

संवाददाता



**कोलकाता।** राज्य के विपक्षी नेता शुवेंदु अधिकारी की 'चांगडोला' टिप्पणी को लेकर विधानसभा में एक बार फिर हंगामा मच गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भाषण के दौरान भाजपा विधायकों ने नारेबाजी की। मुख्यमंत्री ने कहा, ₹हम प्रतिदिन अशांति और तोड़फोड़ की इजाजत नहीं देंगे। शुवेन्दु ने विरोध स्वरूप सत्र कक्ष में फिर से कागज फाड़ दिया। वे वहां से चले गए और पुनः विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए। विधायक शंकर घोष ने प्रिंसिपल बिमान बनर्जी के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया है।

विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को मुस्लिम विधायकों पर अभूतपूर्व हमला किया। मंत्री गुलाम रब्बानी ने आज विधानसभा में यह मुद्दा उठाया। इसके बाद भाजपा विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। तभी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोलना शुरू किया। इस बीच भाजपा विधायकों ने नारेबाजी की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा, ह्यह्यमैंने कल का बयान सुना। कुर्सी सबके लिए है। अगर किसी को कुछ कहना है तो वह कह सकता है। मैं बैठूंगा और सुनूंगा। वे मेरी बात नहीं सुनेंगे, वे नारे लगाएंगे, वे चिल्लाएंगे, यह लोकतंत्र नहीं है। मैं लोकतंत्र का सम्मान करता हूं। ₹विपक्ष से अपील है कि मुझे अपनी बात कहने दीजिए। मुख्यमंत्री के बयान के बाद भी भाजपा विधायक नहीं रुके। नारे लगाने के अलावा उन्होंने कागज फाड़े और इस दिन फिर से वाकआउट किया। इसके तुरंत बाद पद्म शिविर के विधायक हाथों में प्लाकार्ड लेकर विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए। उन्होंने मुख्यमंत्री और बिमान बनर्जी को एक हात में लिए। गौरतलब है कि मंगलवार को सत्र से बाहर निकलने के बाद शुभेंदु अधिकारी विधानसभा गेट के बाहर पत्रकारों से भिड़ गए थे। यहीं पर उन्होंने घृणित टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, हम उन्हें हराएंगे। और भाजपा सत्ता में आएगी।

## कॉल सेंटर के नाम पर विदेशी नागरिकों से लाखों रुपए की लूट, चार गिरफ़्तार

संवाददाता





**कोलकाता।** कोलकाता फिर हुआ लाखों रुपये लूटने का फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश! जालसाजों ने अपना जाल देश में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी फैला रखा था। कोलकाता पुलिस ने डीसी दे रॉय रोड, 10 नंबर, टांगरा स्थित एक आवास पर छापा मारकर एक फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश किया। चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से लाखों रूपया, पांच मोबाइल फोन, एक राउटर, एक हार्ड डिस्क और माइक्रोफोन सहित हेडफोन बरामद किए गए।

कैसे चलता था धोखाधड़ी? आरोपी पहले किसी प्रतिष्ठित कंपनी का नाम लेकर फोन करते थे और खुद को उस कंपनी का कर्मचारी बताते थे। वह कंप्यूटर की समस्याओं को ठीक करने के नाम पर लोगों का विश्वास जीतता था। आरोप है कि इसके बाद उसने विभिन्न कंप्यूटर जानकारी चुरा ली और सर्भिस के नाम पर पैसे की मांग की। आरोप है कि धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति की व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी का उपयोग करके भारी मात्रा में धनराशि का गबन किया गया। एक विदेशी नागरिक इस घोटाले में फंस गया और उसने लगभग 9 लाख रुपये मूल्य की भारतीय मुद्रा खो दी।

जांच करने पर पुलिस को पता चला कि टांगरा के उस इलाके से एक धोखाधड़ी गिरोह काम कर रहा था। पुलिस ने गुप्त सूत्र से सूचना मिलने के बाद छापेमारी की। वहां से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों के नाम याशिर इकबाल, अनुभव साव, रयान इकबाल और शाइन मोहम्मद हैं। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। चारों को मंगलवार को अदालत में पेश कर उनको हिरासत में लिया गया। पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि क्या इस घटना में कोई और भी शामिल है।

## कॉफी में जहर, बेहोश होने पर गला की नली काटकर की हत्या

**घोला में ट्रॉली में युवक का शव बरामद होने का सनसनीखेज मामला**

संवाददाता



**कोलकाता।** घोला में ट्रॉली में युवक का शव मिलने की सनसनीखेज सूचना। कृष्णपाल सिंह और करण सिंह ने आठ लाख रुपये के विवाद के चलते भागाराम की हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों ने भागाराम की कॉफी में जहर मिलाने की योजना बनाई थी। आरोप है कि बेहोश होते ही उसका गला काटकर उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद दोनों युवकों ने कुशलतापूर्वक शव की तस्करी की योजना बनायी। लेकिन उनकी योजना तब विफल हो गई जब उनकी टैक्सी चालक से बहस हो गई। इस घटना में 2 युवकों को गिरफ्तार किया गया।

पता चला है कि मृतक भागाराम और दोनों आरोपी कृष्णपाल सिंह और करण सिंह, सभी राजस्थान के निवासी हैं। काम के चलते वे गिरीश पार्क में एक मकान किराए पर लेकर रहने लगे।

व्यापारी भागाराम, करण और कृष्णपाल से चूड़ीदार कपड़े खरीदते थे। गिरफ्तार लोगों का दावा है कि भागाराम पर 8 लाख रुपए का कर्ज था। भागाराम से काफी समय से पैसे मांगे रहे थे, लेकिन उसने पैसे नहीं दिए। समस्या उस पैसे से शुरू हुई। एक समय पर, आरोपियों ने भागाराम की उसके किराए के घर में हत्या की योजना बनाई गयी थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, युवक को पहले कॉफी में जहर मिलाकर पिलाया गया। जब भागाराम बेहोश हो गया तो पहले उसका गला घोंटकर हत्या कर दी गई। इसके बाद गिरफ्तार लोगों ने गला काटकर हत्या की पुष्टि की। हत्या के बाद करण और कृष्णपाल पूरे दिन व्यापार करते हैं। योजना रात में शव की तस्करी करने की थी।

मंगलवार की रात दो युवक टैक्सी में ट्रॉली लेकर नागेरबाजार पहुंचे। वहां से वे ऐप कैब बुक किये। योजना यह थी कि शव को कल्याणी एक्सप्रेसवे पर एक सुनसान जगह पर फेंक देना। लेकिन कोई अंतिम उपाय नहीं था। करण को घटनास्थल पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। भागने के प्रयासों के बावजूद पुलिस ने कृष्णपाल को उसके मोबाइल टावर लोकेशन पर नजर रखकर कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। जांचकर्ताओं का दावा है कि गिरफ्तार लोगों ने बताया कि पैसों को लेकर हुए विवाद के कारण हत्या की गई। हालाँकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि इसके पीछे कोई और रहस्य है या नहीं।

## पानीहाटी में गंगा किनारे महिला का शव मिला, शरीर पर कई चोटों के निशान

संवाददाता

**कोलकाता।** गंगा घाट से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। इस घटना से उत्तर 24 परगना के पानीहाटी इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। संयोगवश, मंगलवार रात को उसी क्षेत्र के निकट कल्याणी एक्सप्रेसवे पर एक ट्रॉली बैग के अंदर एक युवक का शव मिला। इससे क्षेत्र में और अधिक उत्साह पैदा हो गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलवार रात पानीहाटी इलाके में गंगा किनारे कचुरी के पत्तों के बीच कुछ तैरता हुआ दिखाई दिया। यह मानते हुए कि वहां कोई शव है, पुलिस को सूचित किया गया। स्थानीय लोग उस स्थान पर उमड़ पड़े। खड़दह थाने की पुलिस वहां गयी और पानी से एक महिला का शव बरामद किया। प्रारंभिक तौर पर पता चला है कि अधेड़ उम्र की महिला स्थानीय की नहीं है। चेहरे और गर्दन समेत शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान हैं। क्या उस महिला की हत्या हुई थी क्या उसकी हत्या के बाद उसे नदी में फेंक दिया गया है। क्या शव कहीं और से पानी में बहकर आया और वहां फंस गया ये प्रश्न पहले ही उठाए जा चुके हैं। बताया गया है कि पानी में शव न तो सड़ पाया और न ही ज्यादा फूला। जांचकताओं ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह हत्या है या कुछ और। महिला की पहचान का पता लगाने के लिए नजदीकी पुलिस स्टेशन को भी संदेश भेजा गया है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, गुरुवार 13 मार्च 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### नगरपालिका चुनाव की तैयारियां जोरों पर

**मेदिनीनगर।** पलामू में आगामी नगरपालिका चुनाव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। चुनाव प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची को वार्डवार विभाजित कर मतदान केंद्रों के अनुसार तैयार कर लिया गया है। 10 मार्च 2025 को मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगर परिषद, छत्तरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत और हरिहरगंज नगर पंचायत निर्वाचन क्षेत्र की प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई। इस सूची को एनआईसी पलामू की आधिकारिक वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि या सुधार के लिए 20 मार्च तक संबंधित अंचल अधिकारी के कार्यालय में दावा या आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। इसके बाद 22 मार्च को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी प्रविष्टियों को सही से जांच लें और किसी भी गलती की स्थिति में समय रहते सुधार के लिए आवेदन करें।नगरपालिका चुनाव की तैयारियों के तहत प्रशासन ने मतदान केंद्रों की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य चुनावी प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है।

### सेमरवार पंचायत सचिवालय में सामाजिक अंकेक्षण जनसुनवाई कार्यक्रम संपन्न



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सेमरवार पंचायत सचिवालय में बुधवार को पंचायत स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड समन्वयक पंचायती राज अजीत कुमार ने की। पंचायत स्तरीय इस सामाजिक अंकेक्षण जनसुनवाई में अंकेक्षण दल ने वर्ष 2023-24 के अंतर्गत कुल 17 मनरेगा योजनाओं की समस्याओं का निवारण किया। जनसुनवाई के दौरान कई योजनाओं में अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हुईं। मंतोष कुमार के गाय शेड में एमबी से कम भुगतान करने और दीदी बाड़ी योजना में पूर्ण भुगतान न होने की शिकायतें दर्ज की गई थीं। इन शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया गया और दोषियों पर 3,500 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक अंकेक्षण दल के कोऑर्डिनेटर माया कुमारी, सुमन कुमार, बागदेव सिंह, सुधीर पांडेय, भूषण सिन्हा, विद्या कुमार, ज्यूरी सदस्य उमेश यादव, प्रमोद पासवान और जेएसएलपीएस की पूनम कुमारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इसके अलावा, पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान, उप मुखिया मनीष कुमार, पंचायत सचिव उत्तम दास, रोजगार सेवक विजय चौधरी, पंचायत सहायक बलराम राम, मुकेश पासवान, वार्ड सदस्य उपेंद्र यादव, अनिल यादव सहित कई स्थानीय नागरिकों की भी उपस्थिति रही।

### अधिवक्ता संघ में होली मिलन समारोह का आयोजन



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर में जिला अधिवक्ता संघ भवन में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी समरसता और भाईचारे का प्रतीक है। इस अवसर पर सभी अधिवक्ताओं और न्यायिक पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान कलाकारों ने पारंपरिक होली गीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने माहौल को और अधिक रंगीन बना दिया। गीत-संगीत के साथ-साथ कार्यक्रम में पारंपरिक पूआ-पकवान की भी विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसका सभी उपस्थित लोगों ने आनंद लिया। होली मिलन समारोह में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, राज कुमार मिश्रा, स्वेता ढींगरा, शंकर महाराज, आभाष कुमार, संदीप निशित बारा, निशिकांत, अर्पित श्रीवास्तव, कमल प्रकाश, रश्मि चंदेल, संजय सिंह यादव, रोजलिना बारा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी, महासचिव अजय कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, सहायक कोषाध्यक्ष देव कुमार शुल्ला, ललित कुमार शुक्ला, संजय कुमार पांडेय, शशि भूषण दुबे सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे।

### मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में चलाया गया छापामारी अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन और एसपी रीष्मा रमेशन के नेतृत्व में पलामू सेंट्रल जेल में छापेमारी की गई।इस छापेमारी में कई वरीय अधिकारी शामिल थे. पलामू सेंट्रल जेल में डीसी और एसपी के नेतृत्व में कई घंटे तक छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया गया।इस विशेष छापेमारी में सेंट्रल जेल में कोई आपत्तिजनक सामग्री या गतिविधि नहीं मिली।विशेष छापेमारी अभियान में कई पुलिस जवानों को लगाया गया था, जिन्होंने सेंट्रल जेल के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली. इस छापेमारी में सेंट्रल जेल से कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है. छापेमारी एक विशेष रणनीति के तहत की गई, जिसमें अलग-अलग टीमें बनाकर जेल के हर बैरक की गहन तलाशी ली गई. इस अभियान का नेतृत्व जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया।

### उपायुक्त ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की समीक्षा की, कहा

# किसानों से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं प्रगति

**कृषि ऋण माफी योजना से किसानों को लाभान्वित करने का निदेश दिया**



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग एवं अन्य संबद्ध विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत हुए और संबंधित पदाधिकारियों को किसान एवं पशुपालकों से संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए योग्य लाभुकों को योजना से अच्छादित करने का निदेश दिया।कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में गति लाने का निदेश दिया। साथ ही कृषि ऋण माफी योजना से किसानों को लाभान्वित करने का निदेश दिया। इसके अलावा फसलों के अच्छादन की जानकारी ली। वहीं समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के तहत पलामू जिले में विकसित किये जा रहे कृषि फॉर्म के कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को निमार्णाधीन कृषि फॉर्म का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया।मत्स्य विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने मत्स्य पालन की दिशा में बेहतर कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने आदिम जनजाति परिवारों को मत्स्य पालन के लिए जागरूक करते हुए मत्स्य पालन की दिशा में प्रोत्साहित करने का निदेश दिया। साथ ही बायोफ्लॉक तकनीक के माध्यम से मछली पालन की दिशा में कार्य करने का निदेश दिया, ताकि पलामू में मछली उत्पादन एवं मछली के बीज उत्पादन को बढ़ावा मिल सके और पलामू को मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके।उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने पलामू में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए नर्सरी को विकसित करने का निदेश दिया। वहीं गव्य विकास की ओर से संचालित योजनाओं में प्रगति लाने एवं वर्मी कम्पोष्ट की स्थिति में सुधार लाने का निदेश दिया। उपायुक्त ने पशुपालन विभाग, सहकारिता एवं भूमि संरक्षण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की।बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र प्रबंधक दिलीप कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, मत्स्य पदाधिकारी मो. कमरू जमां, गव्य विकास पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सीनियर आईएएस नितिन मदन कुलकर्णी पर घोटाले के आरोप, निलंबन की मांग उठी




संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने राज्यपाल के अपर सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी पर 60 करोड़ रुपये के घोटाले को दबाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कुलकर्णी अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और घोटाले की जांच के बजाय उन्हें धमकाने का प्रयास कर रहे हैं।राजेश गुप्ता ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि नितिन मदन कुलकर्णी ने उनके खिलाफ नोटिस भेजकर उन्हें डराने की कोशिश की है, ताकि वे विश्वविद्यालय में हो रहे घोटाले को उजागर न कर सकें। उन्होंने दावा किया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में घोटाले से जुड़े सबूतों से छेड़छाड़ की जा रही है और इसे बचाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने फिर से अपनी मांग दोहराई कि कुलकर्णी को तत्काल निलंबित किया जाए और स्वतंत्र एजेंसी से पूरे मामले की जांच कराई जाए। राजेश गुप्ता ने कहा कि यदि कुलकर्णी खुद को स्वच्छ और ईमानदार समझते हैं तो उन्हें अपने पद से हटकर निष्पक्ष जांच का सामना करना चाहिए। लेकिन इसके बजाय, वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर जांच को प्रभावित करने और उन्हें धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घोटाले के सबूत मिटाए जाने की आशंका को देखते हुए सरकार को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। इस प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, अधिवक्ता जगत सोनी, रामलखन साहू, विष्णु कुमार, शिव कुमार मेहता समेत कई अन्य नेता उपस्थित थे।

## आवास योजना के लाभुकों को जल्द घर दिलाने के लिए पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को समय पर उनके घर उपलब्ध कराने के लिए जिले की हर पंचायत में विशेष कैंप लगाए गए। इन शिविरों का उद्देश्य आवास निर्माण से जुड़ी सभी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। शिविरों में लाभुकों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां उनकी शिकायतें सुनी गईं और उनका समाधान किया गया। कई लाभुकों को आवास निर्माण की लंबित किश्तों के भुगतान की प्रक्रिया भी समझाई गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि इन शिविरों के आयोजन से लाभुकों को घर मिलने की प्रक्रिया में तेजी आएगी और सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से हो सकेगा। उन्होंने बताया कि अब हर बुधवार को जिले के हर पंचायत में इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आवास योजनाओं से संबंधित सभी समस्याओं का निवारण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लाभुकों को जल्द से जल्द सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएं और सरकारी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि लाभुकों को आवास निर्माण में सहायता प्रदान करने के लिए ग्राम संगठनों का सहयोग लिया जाए। साथ ही, सरकार द्वारा निर्धारित निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जाए ताकि किसी भी लाभुक को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने यह भी घोषणा की कि लंबित किश्तों का भुगतान प्रत्येक माह के एक निश्चित बुधवार को किया जाएगा। इसके लिए लाभुकों, पंचायत सचिवों, ग्राम संगठनों और प्रखंड समन्वयकों को तय स्थल पर उपस्थित रहना होगा ताकि सभी समस्याओं का समाधान किया जा सके ।

## आधार सेवा केंद्रों का निरीक्षण, उप प्रमुख ने दी सख्त हिदायत

संवाददाता

**बरवाडीह।** आधार कार्ड से जुड़ी समस्याएं आम जनता के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। प्रखंड क्षेत्र में आधार सुधार को लेकर लोग रोजाना आधार सेवा केंद्रों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल ने ब्लॉक आधार सेवा केंद्र का निरीक्षण किया और अनियमितताओं पर कड़ी नाराजगी जताई।निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि ब्लॉक आधार सेवा केंद्र में पिछले सोमवार को कुल 36 आवेदन का निष्पादन किया गया था, जबकि मंगलवार दोपहर तक सिर्फ 11 आवेदन निपटाए गए थे। इसके बावजूद बड़ी संख्या में आवेदन लंबित थे, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।दूसरी ओर, बीआरसी आधार सेवा केंद्र में तो हालात और भी खराब निकले। वहां खबर लिखे जाने तक एक भी आवेदक नजर नहीं आया। जांच में यह भी सामने आया कि इस केंद्र पर आधार सुधार के नाम पर प्रति आवेदन 150 रुपये की अवैध वसूली की जा रही थी। इस बात की पुष्टि खुद ऑपरेटर मेहता ने की। इस गंभीर लापरवाही पर संज्ञान लेते हुए उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल ने बीडीओ से दूरभाष पर चर्चा की और दोनों आधार केंद्रों के संचालकों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से टोकन प्रणाली लागू की जाए ताकि लोगों को बार-बार चक्कर लगाने की परेशानी से राहत मिल सके।बरवाडीह प्रखंड में फिलहाल दो आधार सुधार केंद्र संचालित हैं झ एक ब्लॉक आधार सेवा केंद्र और दूसरा बीआरसी आधार सेवा केंद्र। लेकिन इन केंद्रों पर सुविधाओं की भारी कमी और भ्रष्टाचार के कारण आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### डालसा सचिव ने पीएलवी के कार्यों की समीक्षा की

## ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने का निर्देश




संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने पीएलवी (पैरा लीगल वॉलंटियर्स) के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया। यह समीक्षा बैठक कमल पुष्प वाटिका में आयोजित की गई, जहां पीएलवी के कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने पीएलवी को निर्देश दिया कि वे ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा केंद्र पर उपस्थित होकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और उसके समाधान में पूर्ण सहयोग किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कार्य प्रगति रिपोर्ट समय पर प्राधिकरण को प्रस्तुत की जाए और दैनिक गतिविधि रजिस्टर का उचित संधारण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पीएलवी को विधिक जागरूकता शिविरों और कार्यक्रमों में जाकर अधिक से अधिक लोगों को कानून और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना चाहिए। इसके साथ ही, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस समीक्षा बैठक में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, डालसा असिस्टेंट संजीव कुमार सिंह सहित दर्जनों पीएलवी सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान पीएलवी सदस्यों ने अपनी समस्याओं को भी साझा किया, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

## प्रखंड कर्मियों ने मनाया होली मिलन समारोह, एक-दूसरे को दी शुभकामनाएं



संवाददाता

**बरवाडीह।** होली के रंगों से सजी एक अनोखी शाम का आयोजन बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया, जहां प्रखंड कर्मियों ने मिलकर होली मिलन समारोह मनाया। इस दौरान अबीर-गुलाल उड़ाया गया और सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।समारोह में विशेष रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) रेशमा रेखा मिंज उपस्थित रहीं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है और इसे मनाते समय इस मूल भावना को बनाए रखना आवश्यक है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, प्रखंड प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव, पंचायत राज पदाधिकारी, बीपीओ मनरेगा कमलेश कुमार सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर रविकांत रवि, आवास समन्वयक दीपक कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर विजय पप्पू, कनीय अभियंता संजय कुमार, शनि कुमार सिंह, जावेद अख्तर, तरुण कुमार, अरुण कुमार, बनवारी सिंह, शिशुपाल उरांव, राजरौशन किशोर, मनरेगा लेखा सहायक प्रिंस कुमार, पंचायत सचिव सत्येंद्र सिंह, संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। समारोह के दौरान सभी ने एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और गीत-संगीत का आनंद लिया। इस दौरान होली के पारंपरिक गीत गाए गए और वातावरण पूरी तरह रंग-बिरंगा हो गया। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने सभी कर्मियों और क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे होली के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचें और त्योहार को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन त्योहार के दौरान शांति बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क रहेगा। होली मिलन समारोह में शामिल सभी लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर यह संदेश दिया कि होली केवल रंगों का त्योहार ही नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक भी है।

**बैठक** होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। इसे शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग, प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा ने की, जबकि संचालन बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी उत्तम राय, एएसआई आनंद सिंह, एएसआई अजीत दुबे, नबी रसूल अंसारी, भारत भूषण सामड़, अरविंद गुप्ता, सुलेमान अंसारी, अजय तिवारी, उपाध्या सिंह, मुकेश तिवारी, डॉ. सुरेंद्र तिवारी, राजमणि देवी समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे। सदर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, प्रमुख, वार्ड सदस्य और समाज के प्रबुद्ध नागरिक भी इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि होली के अवसर पर बम-पटाखे छोड़े जाते हैं, जिससे खेत-खलिहानों और कच्चे मकानों में आग लगने की संभावना बनी रहती है। ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए अग्निशमन वाहन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। साथ ही, होली के दौरान शराब और नशे के सेवन से कई बार सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसे रोकने के लिए विशेष निगरानी रखने की अपील की गई। सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने और आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करने वालों पर भी प्रशासन से कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। बैठक में उपस्थित सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा ने लोगों से अपील की कि वे होली को प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार खुशियों का है, इसे किसी भी हाल में वैमनस्यता का माध्यम न बनने दें। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा। थाना प्रभारी उत्तम राय ने कहा कि अफवाहें फैलाने और माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूरे सदर प्रखंड में पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रहेगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इसके अलावा, किसी भी आगजनी की घटना से निपटने के लिए अग्निशमन वाहन भी तैनात रहेंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे कानून का पालन करें और शांति बनाए रखें। समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर इस त्योहार को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए ताकि होली का रंग फीका न पड़े, बल्कि प्रेम और सद्भाव का संदेश प्रसारित हो।

## सदिक चौक टेंपो स्टैंड पर चला सघन जांच अभियान, 13 दोपहिया वाहन जब्त




संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर शहर के सदिक चौक टेंपो स्टैंड के पास बुधवार को सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान चार पहिया और दोपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस के वाहन चला रहे थे, जबकि कुछ वाहन चालक ट्रिपल राइडिंग कर रहे थे। सघन जांच अभियान के दौरान कुल 13 दोपहिया मोटरसाइकिलों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया। इसके बाद जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को चालान और फाइन के लिए भेजा गया। इस अभियान में कुल 14,051 रुपये की चालान राशि जिला परिवहन कार्यालय से आई, जबकि सीजीएम कार्यालय, पलामू से एक दुपहिया वाहन पर 7,000 रुपये का चालान जारी किया गया। इस तरह, कुल 21,051 रुपये की चालान राशि वसूली गई।

हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन
बोकारो, गुरुवार 13 मार्च 2025 E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## आयरलैंड के व्यस्त क्रिकेट समर का शेड्यूल जारी, अफगानिस्तान सीरीज रद्द



**नई दिल्ली। एजेंसी**

क्रिकेट आयरलैंड ने मंगलवार (11 मार्च) को घोषणा की कि इस गर्मी में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, जिम्बाब्वे महिला और पाकिस्तान महिला टीम आयरलैंड का दौरा करेंगी। इसके अलावा, आयरलैंड की महिला टीम अगले महीने पाकिस्तान में 4 अप्रैल से 19 अप्रैल तक होने वाले वनडे विश्व कप क्वालीफायर में पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, थाईलैंड और स्कॉटलैंड के खिलाफ खेलेगी। आयरलैंड वॉल्व्स की टीम 7 अप्रैल से 25 अप्रैल तक यूएई में त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी, जिसमें अफगानिस्तान ए और श्रीलंका ए भी शामिल होंगी। इसके बाद, आयरलैंड की पुरुष टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी, जो 21 मई से 25 मई तक क्लॉनटर्फ में आयोजित होंगे।

फिर, 12 जून से 15 जून तक क्लॉनटर्फ में ही तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद, जुलाई और अगस्त के बीच 15 जुलाई से 18 अगस्त तक यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग आयरलैंड में होगी, जिसमें आयरलैंड के खिलाड़ी भाग लेंगे। इसी दौरान, 20 जुलाई से 28 जुलाई तक जिम्बाब्वे महिला टीम के खिलाफ पेमब्रोक और स्टॉर्मोंट में पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। इसके बाद, 7 अगस्त से 11 अगस्त तक स्टॉर्मोंट में पाकिस्तान महिला टीम के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज होगी। सितंबर में, इंग्लैंड पहली बार आयरलैंड के खिलाफ एक द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगा, जो 17 सितंबर से 21 सितंबर तक मलाहाइड में होगी। हालांकि, इस व्यस्त कार्यक्रम के बीच, क्रिकेट आयरलैंड ने यह भी स्पष्ट किया कि अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला अब नहीं होगी। यह श्रृंखला इस वर्ष एक बहु-फॉर्मेट सीरीज के रूप में आयोजित होनी थी, लेकिन इसे रद्द कर दिया गया है। भले ही आईसीसी पर अफगानिस्तान को लेकर कार्रवाई करने का दबाव बढ़ रहा है, लेकिन क्रिकेट आयरलैंड ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने यह निर्णय केवल वित्तीय कारणों से लिया है।

# आईसीसी मेंस रैंकिंग में रोहित, रचिन को फायदा

- रोहित दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं
- दूसरी ओर रचिन रवींद्र ने चैंपियंस ट्रॉफी में जबरदस्त प्रदर्शन किया





**नई दिल्ली। एजेंसी**

आईसीसी मेंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन करने के बाद भारत के कप्तान रोहित शर्मा और न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र को आईसीसी मेंस वनडे बैटिंग रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 83 गेंदों में 76 रन बनाकर भारत को 252 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद करने वाले रोहित दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

दूसरी ओर, रचिन रवींद्र ने चैंपियंस ट्रॉफी में जबरदस्त प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 108 रन और फाइनल में भारत के खिलाफ 37 रन बनाने वाले रवींद्र 14 स्थान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ 14वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। रचिन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार भी मिला, क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट में 263 रन बनाने के अलावा तीन विकेट भी लिए। रैंकिंग अपडेट में वह गेंदबाजी में 22 स्थान ऊपर चढ़कर 98वें और ऑलराउंडर सूची में आठ स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### वनडे बैटिंग रैंकिंग में इन खिलाड़ियों को हुआ फायदा

चैंपियंस ट्रॉफी में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन ने सेमीफाइनल में 69 रनों की पारी खेली, जिससे उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ और अब वह 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

वहीं, न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स छह स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि उनके साथी खिलाड़ी डेविड मिलर को पांच स्थान का फायदा हुआ है और वह अब 26वें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के ही केन विलियमसन दो स्थान ऊपर उठकर 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा एक स्थान की बढ़त के साथ 32वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में सैंटनर और कुलदीप को फायदा

न्यूजीलैंड के मिशेल सैंटनर ने फाइनल में दो और सेमीफाइनल में तीन विकेट लिए, जिससे वह छह स्थान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारत के कुलदीप यादव, जिन्होंने फाइनल में दो विकेट लिए, वह तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा, भारत के रवींद्र जडेजा ने एक बार फिर टॉप-10 में वापसी कर ली है। न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल ने 10 स्थान की छलांग लगाकर 18वीं रैंकिंग हासिल कर ली है, जबकि दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी दो स्थान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल को भी दो स्थान का फायदा हुआ है और अब वह 38वें स्थान पर हैं। वहीं, भारत के ही वरुण चक्रवर्ती ने 16 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 80वें स्थान पर जगह बना ली है।

सैंटनर अब ऑलराउंडर रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ब्रेसवेल सेमीफाइनल में तेजतर्रार 40 गेंदों में 53 रनों की पारी खेलने के बाद सातवें स्थान* पर पहुंच गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद आईसीसी रैंकिंग में कई खिलाड़ियों को फायदा हुआ है, जिससे वनडे क्रिकेट में प्रतिस्पर्धा और भी रोमांचक हो गई है।

## बार्सिलोना ने बेनफिका को 3-1 से हराकर चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

**बार्सिलोना। एजेंसी**

बार्सिलोना ने मंगलवार को खेले गए यूईएफए चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 के दूसरे चरण में बेनफिका को 3-1 से हराकर कुल 4-1 के अंतर से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। कैम्प नू में खेले गए इस मुकाबले में ब्राजीलियाई फारवर्ड राफिन्हा ने दो गोल दागे, जबकि युवा खिलाड़ी लामिन यामाल ने शानदार गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अब बार्सिलोना क्वार्टरफाइनल में लिले और बोरुसिया डॉर्टमुंड के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेगा। 17 वर्षीय स्पेनिश विंगर लामिन यामाल पूरे मैच में बेनफिका के डिफेंस के लिए सिरदर्द बने रहे। उन्होंने 11वें मिनट में शानदार व्यक्तिगत कौशल दिखाते हुए दो डिफेंडरों को छकाया और राफिन्हा को बेहतरीन



क्रॉस दिया, जिस पर उन्होंने करीब से वॉली मारकर गोल कर दिया। हालांकि, बेनफिका ने तुरंत वापसी करते हुए निकोलस ओटामेंडी के हेडर से दो मिनट बाद ही बराबरी कर ली।

लेकिन बार्सिलोना ने हमलों की झड़ी लगा दी। यामाल ने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और डैनी ओल्मो के लिए मौके बनाए और खुद भी बॉक्स के किनारे से एक शॉट लिया जो लक्ष्य से थोड़ा चूक गया। आखिरकार, 28वें मिनट में यामाल ने कमाल का गोल दागा। उन्होंने बेनफिका के डिफेंडर सैमुएल डाहल को चकमा देकर बाएं पैर से शानदार शॉट लगाया, जो सीधा गोलकीपर अनातोली ट्रूबिन के टॉप-राइट कॉर्नर में जाकर लगा।

इस गोल के साथ, 17 साल और 241 दिन की उम्र में, यामाल चैंपियंस लीग में एक ही मैच में गोल और असिस्ट करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने बेसल के लिए 2014 में ब्रील एंबोलो द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को 22 दिनों से तोड़ दिया।

राफिन्हा का दम, ब्राजीलियाई रिकॉर्ड ध्वस्त

बार्सिलोना ने 42वें मिनट में एक त्वरित काउंटर-अटैक के जरिए अपनी बढ़त को 3-1 कर लिया, जब राफिन्हा ने अपना दूसरा गोल किया। इस गोल के साथ, उन्होंने इस सत्र में 11 गोल कर चैंपियंस लीग के टॉप स्कोरर बन गए। 28 वर्षीय राफिन्हा एक ही चैंपियंस लीग सीजन में सबसे ज्यादा गोल करने वाले ब्राजीलियाई खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने 10 गोल के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए जैर्डेल, रिवाल्डो, काका, नेमार और फिरमिनो को पीछे छोड़ दिया।

## बैडमिंटन : शी युकी और ली शिफेंग दूसरे दौर में

**लंदन। एजेंसी**

चीन के शीर्ष वरीय शी युकी ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने मंगलवार को इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वाडोयो को सीधे सेटों में 21-13, 21-8 से हराया। शी (29) का मुकाबले से पहले वाडोयो के खिलाफ 4-0 का सिर-से-सिर रिकॉर्ड था और उन्होंने केवल 34 मिनट में विश्व नंबर 34 वाडोयो (26) को पराजित कर दिया। शी, जो वर्तमान में विश्व नंबर 1 हैं, अब प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के चाउ टिएन-चेन से भिड़ेंगे। चाउ (विश्व नंबर 9) ने फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव को 21-10, 21-12 से मात दी। शी के हमवतन ली शिफेंग, जिन्होंने दो साल पहले ऑल इंग्लैंड खिताब जीता था, ने कनाडा के ब्रायन यांग को 21-11,



18-21, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब वह टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। पुरुष युगल में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां शीर्ष वरीय डेनमार्क की जोड़ी किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन पहले ही दौर में बाहर हो गई। उन्हें इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और डेनियल मार्टिन की जोड़ी ने 22-20, 21-18 से हराया।

महिला एकल वर्ग में शीर्ष दो वरीय, दक्षिण कोरिया की आन से-यंग और चीन की वांग झीयी, बुधवार को अपने-अपने अभियान की शुरूआत करेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### टाइगर वुड्स की हुई एकिलीज टेंडन सर्जरी



**नई दिल्ली।** गोल्फ के दिग्गज खिलाड़ी टाइगर वुड्स को एक और झटका लगा है। मंगलवार को उन्होंने अपने बाएं एकिलीज टेंडन की सर्जरी करवाई, जिससे उनकी वापसी पर फिलहाल अनिश्चितता बनी हुई है। वुड्स ने बताया कि यह चोट फ्लोरिडा के जुपिटर में घर पर ट्रेनिंग के दौरान लगी। वुड्स ने सोशल मीडिया पर कहा जैसे ही मैंने अपनी ट्रेनिंग और प्रैक्टिस बढ़ाई, मुझे बाएं एकिलीज में तेज दर्द महसूस हुआ। जांच में पता चला कि यह पूरी तरह से फट चुका है। आज सुबह वेस्ट पाम बीच, फ्लोरिडा के 'हॉस्पिटल फॉर स्पेशल सर्जरी' में डॉ. चार्लटन स्टकन ने मेरी सर्जरी की, जो सफल रही। डॉ. स्टकन ने भी पुष्टि की कि ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा, लेकिन वुड्स की वापसी को लेकर कोई स्पष्ट समयसीमा नहीं दी गई है।

### बेन सियर्स ने यॉर्कशायर के साथ 2025 सीजन के लिए करार किया

**लंदन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के साथ 2025 सीजन के लिए करार किया है। वह टीम के दूसरे काउंटी चैंपियनशिप मैच से पहले इंग्लैंड पहुंचेंगे, जो हेडिंग्ले में वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ खेला जाएगा। 27 वर्षीय सियर्स अपनी तेज गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए अपने एकमात्र टेस्ट मैच में पांच विकेट लिए थे, जिसमें दूसरी पारी में उन्होंने 4 विकेट के बदले 90 रन देकर प्रभावित किया था। 2021 में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। बेन सियर्स के साथ न्यूजीलैंड के एक अन्य तेज गेंदबाज विल ओ रूर्के भी यॉर्कशायर टीम में शामिल होंगे, जो इस साल के टी20 ब्लास्ट टूनार्मेंट में खेलेंगे।

## इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक

**न्यूयॉर्क। एजेंसी**

पौलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने मंगलवार को खेले गए मुकाबले में चेक गणराज्य की कैरोलीना मुचोवा को 6-1, 6-1 से करारी शिकस्त देकर इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की स्वियाटेक ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में अपने दबदबे को और मजबूत कर लिया है। उन्होंने अब तक तीन मैचों में केवल छह गेम गंवाए हैं और अपने शानदार प्रदर्शन से लगातार आगे बढ़ रही हैं।

बारिश की वजह से मुकाबले में देरी हुई, लेकिन खेल शुरू होते ही स्वियाटेक ने जोरदार लय पकड़ ली। उन्होंने शुरुआती चार गेम तेजी से अपने नाम किए और पहले सेट में अपनी पहली सर्व पर एक भी अंक नहीं गंवाया। दूसरी ओर, मुचोवा, जो पिछले साल कलाई की सर्जरी से उबरने के बाद यूएस ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, इस मुकाबले




में अपनी लय हासिल नहीं कर सकीं। दूसरे सेट में उनकी गलतियां और ज्यादा बढ़ गईं, जिससे स्वियाटेक ने आसानी से मुकाबला अपने नाम कर लिया। स्वियाटेक ने केवल 57 मिनट में मैच खत्म किया और एक शानदार सर्व के साथ जीत दर्ज की। अब क्वार्टरफाइनल में उनका सामना चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन या यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक से होगा।

## वर्ल्ड विंटर गेम्स: भारत ने जीते चार पदक

**नई दिल्ली। एजेंसी**

इटली में चल रहे स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में भारतीय दल ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है। पहले ही दिन भारत ने कुल चार पदक अपने नाम किए, जिसमें दो स्वर्ण और दो रजत पदक हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और संकल्प का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश के लिए गौरव हासिल किया। बारडोनेक्किया में मंगलवार को भारतीय एथलीटों ने अपने सभी छह खेलों में हिस्सा लिया, लेकिन दिन का इकलौता पदक इवेंट स्नोबोर्डिंग रहा। इस इवेंट में भारती और समीर ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश



का नाम रोशन किया। हेम चंद और हर्षिता ठाकुर ने अपने डिवीजन के नोविस जायंट स्लालम फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किए।

भारत ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए 30 एथलीटों और 19 सहयोगी स्टाफ सहित 49 सदस्यीय दल भेजा है। इस टूर्नामेंट में 102 देशों के लगभग 1500 एथलीट भाग ले रहे हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेलों के माध्यम से समावेशिता और प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता के आठ खेलों को चार अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है।

# व्यापार

## गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

### निवेशकों को 1.41 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली। एजेंसी**

दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार बुधवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में जोरदार तेजी भी आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से शेयर बाजार की चाल में जोरदार गिरावट आ गई। दिन के दूसरे सत्र में एक बार फिर खरीदारों ने जोर लगाया, जिसकी वजह से शेयर बाजार काफी हद तक रिकवरी करने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान आईटी, रियल्टी, बैंकिंग और



मेटल सेक्टर में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसके साथ ही कैपिटल गुड्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑयल एंड गैस, हेल्थ केयर, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब डेढ़ करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 392.84 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 394.25 लाख करोड़ रुपये था।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। वहीं, एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हो रहा है। आर्थिक मंदी की आशंका के कारण अमेरिकी बाजार में लगातार दूसरे दिन घबराहट का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.76 प्रतिशत टूट कर 5,572.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,436.10 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के



कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41,513.91 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार भी पिछली सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। एफटीएसई इंडेक्स 104.23 अंक यानी 1.23 प्रतिशत फिसल कर 8,495.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 105.69 अंक यानी 1.33 प्रतिशत लुढ़क कर 7,941.91 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## सर्राफा बाजार में गिरावट से सस्ता हुआ सोना

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में बुधवार को गिरावट का रुख बना हुआ है। सोना 320 रुपये से लेकर 350 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी भी 1 हजार रुपये किलोग्राम तक कमजोर हुई है। भाव में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 87,480 रुपये से लेकर 87,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 80,190 रुपये से लेकर 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी भी 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## क्रिजैक लिमिटेड को 1000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

**नई दिल्ली। एजेंसी**

कोलकाता स्थित अग्रणी छात्र भर्ती समाधान प्रदाता क्रिजैक लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी की योजना इस इश्यू के जरिए 1000 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी ने 18 नवंबर, 2024 को सेबी के समक्ष अपने आईपीओ के कागजात फिर से दाखिल किए थे। यह आईपीओ पूरी तरह से प्रमोटरों पिंकी अग्रवाल और मनीष अग्रवाल के बिक्री के लिए प्रस्ताव के रूप में होगा। इसमें कोई फ्रेश इश्यू शामिल नहीं होगा। क्रिजैक लिमिटेड का 2 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ पूरी तरह से प्रमोटर द्वारा शेयरधारकों को बेचने वाले 1,000 करोड़ रुपये तक की बिक्री का प्रस्ताव है। बिक्री के



प्रस्ताव में पिंकी अग्रवाल द्वारा 841 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों और मनीष अग्रवाल द्वारा 159 करोड़ रुपये तक की बिक्री शामिल है। इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण शामिल है।

कोलकाता स्थित छात्र भर्ती समाधान प्रदाता क्रिजैक लिमिटेड एजेंटों और उच्च शिक्षा के वैश्विक संस्थानों के लिए एक बी2बी शिक्षा प्लेटफॉर्म है। ये कंपनी यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, आयरलैंड गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में उच्च शिक्षा के वैश्विक संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय छात्र भर्ती समाधान प्रदान करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुस्लिम महिलाओं ने जमकर खेली गुलाल होली



**वाराणसी।** वाराणसी में रंगों के पर्व होली के पूर्व की जाति धर्म की बंधन टूट गए हैं। त्यौहार की रौनक और खुमारी चहुंओर दिखने लगी है। बुधवार को लमही स्थित सुभाष भवन में मुस्लिम महिला फाउण्डेशन एवं विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में होली उत्सव में मुस्लिम महिलाओं ने अबीर गुलाल से जमकर होली खेली। वहीं हिन्दू समाज की महिलाओं ने उनका साथ देते हुए परम्परागत होली गीत गाए। गुलाब की पंखुड़ियों के साथ हरे, लाल गुलाल और गुलाब जल के मिश्रण की बारिश के बीच मुस्लिम महिलाओं ने भी ढोल की थाप पर होली खेलें रघुराई अवध में, कृष्ण कन्हाई गोकुल में हो.... गीत गाकर एकता, प्रेम, सद्भाव का संदेश दिया। इस दौरान मुस्लिम महिला फाउण्डेशन की नेशनल सदर नाजनीन अंसारी ने कहा कि होली हमारे पूर्वजों और महान भारतीय संस्कृति का त्यौहार है। इसे नहीं खेलेंगे तो हम जन्नत में जाकर अपने पूर्वजों को क्या जबाव देंगे। हम न अरबी हैं, न ईरानी और न तुर्की। इसलिए हम उनकी संस्कृति किसी कीमत पर नहीं मानेंगे।

### रोडवेज बस खाई में गिरी, एक यात्री की मौत

**वाराणसी।** जिले के चोलापुर थाना क्षेत्र में बुधवार को तेज रफ्तार रोडवेज विभाग की अनुबंधित बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस हादसे में 15 से अधिक यात्री घायल हो गए। घटना देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इस बीच मौके पर पहुंचे कुछ लोगों ने खाई में गिरी बस से यात्रियों को निकालना शुरू किया। जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारियों व थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से सभी घायल यात्रियों को एंबुलेंस से निकट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया। घायलों में इलाज के दौरान एक यात्री की मौत हो गई है। वहीं तीन की हालत गंभीर बनी हुई है।

### सड़क हादसे में बाइक चालक घायल

**राजगढ़।** कालीपीठ थाना क्षेत्र के ग्राम घोघरियाखुर्द में बुधवार सुबह टर्न लेने के दौरान तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में 60 वर्षीय बाइक चालक गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार ग्राम घोघरियाखुर्द में टर्न लेने के दौरान तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई, हादसे में बाइक चालक 60 वर्षीय शंकरलाल पुत्र ओंकारनाथ तंवर गंभीर रुप से घायल हो गया।

### मां-बेटी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरिद्वार।** श्यामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नौरंगाबाद गैंडीखाता में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां मां-बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की वजह पारिवारिक कलह बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह मां-बेटी के फांसी लगाने की दुःखद घटना हुई। दोनों के फांसी लगाने की सूचना पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। इसी दौरान मृतका के पड़ोसी अशोक सैनी ने पुलिस को सूचना दी।

### अज्ञात व्यक्ति ने किया धारदार हथियार से प्रहार,पति की मौत, पत्नी घायल

**राजगढ़।** बोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलीयारसोड़ा में बुधवार अलसुबह रोड पर स्थित एक घर का दरवाजा खुलवाकर अज्ञात बदमाश ने बुजुर्ग दम्पत्ति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें 70 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी को गंभीर चोटें आई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार ग्राम पीपलीयारसोड़ में रोड पर स्थित घर का दरवाजा खुलवाकर अज्ञात बदमाश ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

### पुलिस ने इनोवा कार से बरामद किया साढ़े चार करोड़ रुपये, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के आमानाका में बीती देर रात चैकिंग पॉइंट में चेकिंग के दौरान पुलिस ने इनोवा कार से करीब साढ़े 4 करोड़ रुपये नगद बरामद किया है। नगद के साथ पुलिस ने 2 आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है, जिससे पैसे के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है। आजाद चौक सब डिवीजन सीएसपी आईपीएस अमन झा ने बताया कि सफेद इनोवा (नंबर 23 इल्ल 8886 ख) कार से रायपुर से करीबन साढ़े चार करोड़ रुपये नगद लेकर महाराष्ट्र मुंबई के लिए रवाना हुई थी।

### रायपुर में जन सेवा केंद्र में लूट

**देहरादून।** देहरादून के रायपुर क्षेत्र स्थित एक जन सेवा केंद्र में लूट की घटना सामने आई है। स्कूटी पर सवार तीन बदमाशों ने जन सेवा केंद्र में तंमचे के बल पर करीब साढ़े तीन लाख रुपये की लूट को अंजाम दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना मंगलवार की शाम वाणी विहार स्थित जन सेवा केंद्र में हुई, जब तीन बदमाश स्कूटी पर सवार होकर आए और तमंचा दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया।

# पात्र व्यक्ति को समय पर मिले योजनाओं का लाभ : हरिभाऊ

● गांवों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और कोई भी आवास शौचालय रहित नहीं रहना चाहिए



**जयपुर/दौसा। एजेंसी**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसे सभी स्तरों पर सुनिश्चित किया जाए। राज्यपाल बुधवार को दौसा कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राष्ट्र और समाज की प्रगति के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास हो कि हर वर्ग के बालक-बालिका को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से जिले में कुपोषित बच्चों की जानकारी लेते हुए हर बालक-बालिका को पूर्ण पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा करते हुए पेंशन एवं छात्रवृत्ति राशि का समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि गांवों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और कोई भी आवास शौचालय रहित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने मनरेगा के माध्यम से गांवों में अच्छे खेल मैदानों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीविका गतिविधियों की समीक्षा करते हुए स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की ओर से बनाए जाने वाले उत्पादों और उनसे होने वाली वार्षिक आय की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने इन उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग कर बाजार मुहैया कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तर पर इन समूहों की आय के समुचित आंकड़े संधारित करते हुए हर वर्ष लक्षित वृद्धि हासिल कर महिलाओं को आर्थिक सशक्त बनाएं। राज्यपाल ने जिले में सड़कों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में कोई भी गांव और ढाणी सड़क से वंचित नहीं रहें।

हर ढाणी तक मनरेगा के माध्यम से ग्रेवल सड़क के माध्यम से सुगम रास्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने हाइवे की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए समय पर मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पेयजल की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की मंशा है कि देश में पीने के पानी की समस्या का स्थाई समाधान हो और आगामी 25-30 साल तक कहीं भी पेयजल की परेशानी नहीं आए।

हर घर नल योजना शुरू कर घर-घर पानी पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने इसरदा पेयजल परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और निश्चित समय सीमा में इसका काम पूर्ण कर लोगों को पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने जिले के कृषि परिदृश्य की जानकारी लेते हुए बूंद-बूंद सिंचाई एवं मिनी स्प्रिंकलर को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं की अनुदान राशि समय पर काश्तकार को मिल जानी चाहिए।

### 15 मार्च से शुरू होगी सरसों की सरकारी खरीद


**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश अनुसार प्रदेश में 15 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू होगी। जिला महेंद्रगढ़ में इन्हीं तैयारी को लेकर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बुधवार को लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रबी खरीद सीजन-2025 में सरकारी खरीद के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के नोडल अधिकारी होंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पांच हजार नौ सौ 50 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देश है कि फसल बेचने के 48 से 72 घंटे के अंदर-अंदर किसान के खाते में उसकी फसल की रकम डाल दी जाए। अधिकारी इस टाइमलाइन की पालना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर नब्बे हजार चार सौ 36 किसानों ने तीन लाख चोबीस हजार सात सौ 51 एकड़ के लिए पंजीकरण करवाया है। एक दिन में एक किसान 25 किवंटल सरसों ला सकता है। इनमें से पिचयासी हजार नौ सौ 36 किसानों ने दो लाख तिहेतर हजार दो सौ 33 एकड़ में सरसों का पंजीकरण करवाया है।

### बिजली बिल माफ करने की कोई योजना नहीं : सरकार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने बुधवार को असाध्य रूप से बीमार मरीजों वाले परिवारों या मछुआरा समुदाय से संबंधित लोगों के लिए बिजली बिल माफ करने की किसी भी योजना से इनकार किया। विधायक हिलाल अकबर लोन के एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने सदन को सूचित किया कि उसकी चल रही माफी योजना में, 275,081 घरेलू उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिलों पर ब्याज अधिभार पर 100% छूट का लाभ मिला है। विद्युत विकास विभाग (पीडीडी) के प्रभारी मंत्री ने कहा कि अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) श्रेणी के तहत घरेलू उपभोक्ताओं के परिवारों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी जैसा कि सरकार ने हाल ही में घोषणा की है। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि असाध्य रूप से बीमार मरीजों या मछुआरा समुदाय के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है।

## भारतीय अपराधी को नेपाली नागरिकता दिलाने वाले अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू

**काठमांडू। एजेंसी**



फरवरी के महीने में फिलीपींस से प्रत्यर्पण करके लाए गए कुख्यात अपराधी जोगिंदर उर्फ जोगा डॉन को नेपाली नागरिकता और पासपोर्ट उपलब्ध कराने में मदद करने वाले सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच शुरू की गई है। भारत से अपराध करके नेपाल में दो साल तक रहने वाले जोगा डॉन ने नेपाल के धनुषा जिले से नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र हासिल किया था। इसी आधार पर उसने नेपाली पासपोर्ट बनवाया और फिलीपींस भाग गया था।

गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस की एक विशेष टीम गठन करते हुए इस मामले की जांच शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय अपराधी को नागरिकता दिलाने में मदद करने वाले सभी लोग और नागरिकता का प्रमाण पत्र जारी करने वाले सरकारी कर्मचारियों को जांच के दायरे में लाया गया है। इसी तरह पासपोर्ट जारी करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ भी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि नेपाल पुलिस की जांच से अब तक पता लगा है कि 2018 में जोगा डॉन ने कुछ वर्षों तक नेपाल में रहने बाद धनुषा जिला के जनकपुरधाम से कांति गुप्ता के नाम से नागरिकता हासिल की थी। इसी नागरिकता के आधार पर उसने काठमांडू से पासपोर्ट जारी करवाया था।

काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल के इमिग्रेशन रिकॉर्ड से पता चला है कि जोगा डॉन नेपाल से कांति गुप्ता के नाम के पासपोर्ट से 20 जुलाई, 2020 को फिलीपींस की राजधानी मनीला गया था। इसी तरह 15 फरवरी, 2024 को उसके फिलीपींस से नेपाल वापसी का रिकॉर्ड भी दर्ज है। इसकी जांच से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि वह 15 दिन नेपाल में रहने के बाद 1 मार्च, 2024 को वापस मनीला गया था। उसे फरवरी के महीने में फिलीपींस से प्रत्यर्पण करके नेपाल लाया गया है। उसके भारत में आपराधिक इतिहास के बारे में भारत की खुफिया एजेंसी से जानकारी मिलने के बाद नेपाल में जांच शुरू की गई है।

## भारत में प्रवेश कर रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को एसएसबी ने किया गिरफ्तार

**काठमांडू। एजेंसी**



नेपाल से बिहार के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। भारत-नेपाल की खुली सीमा का फायदा उठाते हुए बिहार में घुसपैठ करते मंगलवार को पकड़े गए दोनों बांग्लादेशी नागरिक इस समय बिहार के किशनगंज पुलिस की हिरासत में हैं। किशनगंज जिले के गलगलिया बॉर्डर से दो बांग्लादेशी नागरिकों को एसएसबी ने गिरफ्तार किया है। किशनगंज के एसपी सागर कुमार ने इन दोनों की गिरफ्तारी पाठामारी सीमा से किए जाने की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों बांग्लादेशी नागरिक की पहचान सहरियार सजीब खान और सागर के रूप में हुई है जो नेपाल से भारत में एंट्री करने की फिराक में थे। इनके पास न तो नेपाल का वीजा था, ना ही भारत में घुसने का कोई आधिकारिक दस्तावेज।

गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशियों की तलाशी लेने पर इनके पास से विदेशी मुद्रा, संदिग्ध दस्तावेज, रेलवे टिकट, होटल बुकिंग, इमिग्रेशन संबंधी कागजात और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। स्लोवेनिया और क्रोएशिया के वीजा व निवास परमिट से जुड़े दस्तावेज भी तलाशी में हाथ लगे हैं। किशनगंज के एसपी सागर कुमार ने बताया कि पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के पास से 590 अमेरिकी डॉलर, 3735 नेपाली मुद्रा, 7507 बांग्लादेशी टका और भारतीय रुपये का एक सौ का नोट मिला है। इसके अलावा पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट, जन्म प्रमाणपत्र, मतदाता पहचान पत्र, डिप्लोमा प्रमाणपत्र, रेडमी 5जी मोबाइल और तीन तीन बांग्लादेशी और नेपाली सिम कार्ड तथा एक भारतीय सिमकार्ड भी इनके पास से बरामद हुए हैं।

## सीएम योगी विकास और विरासत को प्रत्येक घर में पहुंचा रहे : देव सिंह

**प्रयागराज। एजेंसी**



मुख्यमंत्री योगी आस्था का भव्य जागरण के साथ विकास और विरासत को प्रदेश के हर घर में पहुंचा रहे हैं। यह बात बुधवार को जिला पंचायत सभागार में प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रीफिल सब्सिडी के वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल शक्ति एवं जिले के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2014 से करोड़ों गरीब परिवार की महिलाओं एवं बेटियों को मिट्टी के चूल्हे से निकले वाले धुआं से मुक्ति दिलाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। करोड़ों गरीब परिवार को उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराई। इसी तरह प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गरीब महिलाओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ देने की मुहिम चलाई है। मंत्री ने सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जब से देश में चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बना है, वह गरीबों के विकास के लिए काम कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी भी गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि सभी गरीब महिलाओं के खाते में गैस सिलेंडर की सब्सिडी का पैसा जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष बी.के.सिंह, महापौर गणेश केसरवानी, सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक प्रभाशंकर ओझा समेत कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण के लिए गिफ्ट डीड अनिवार्य: विक्रमादित्य

**शिमला। एजेंसी**



प्रदेश में अब सड़क निर्माण कार्य तभी शुरू होगा, जब संबंधित सड़क की पूरी जमीन लोकनिर्माण विभाग के नाम गिफ्ट डीड के रूप में हस्तांतरित होगी। लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिना गिफ्ट डीड के कोई भी नई सड़क नहीं बनाई जाएगी। मंत्री ने विधायकों से भी आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्रों में जनता को इस प्रक्रिया के बारे में जागरूक करें ताकि सड़कों के निर्माण में बाधा न आए। विक्रमादित्य सिंह विधायक डॉ. हंसराज के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि लोकनिर्माण विभाग द्वारा पहले से निर्मित सड़कों के मुआवजे के रूप में करीब 1200 करोड़ रुपये की देनदारी लंबित है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने बिना गिफ्ट डीड के सड़क न बनाने का निर्णय लिया है। मंत्री ने बताया कि चंबा जिले में 12 ब्लैक स्पॉट को हटाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। चंबा-तीसा-बैरागढ़ मुख्य सड़क पर मौजूद एक ब्लैक स्पॉट को हटाने के लिए 300 मीटर फार्मेशन कटिंग का कार्य किया गया है।

### जल जीवन मिशन योजना के कार्य तेजी से पूरे किए जाएं : राजेश

**जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बुधवार को जल जीवन मिशन झ्र हर घर जल परियोजना के तहत निमार्णाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की और मैसर्स जीवीपीआर लिमिटेड एवं मैसर्स बीजीसीसी लिमिटेड को निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को दो दिन के अंदर सभी विद्युत समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन गांवों में नियमित रूप से शुद्ध जलापूर्ति की जा रही है, वहां जल्द से जल्द हर घर जल सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी की जाए। इसके अलावा, जिन गांवों में पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें तोड़ी गई थीं, वहां जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत करने का भी आदेश दिया गया।

**पहल** शिकारपुर में एनएसएस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया गया जागरूक

## मौत के करीब ले जाते हैं तंबाकू में मौजूद रसायन : राहुल

● धूम्रपान से फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक और कई अन्य जानलेवा बीमारियां हो सकती हैं

**हिसार। एजेंसी**




जिला नागरिक अस्पताल के काउंसलर एवं नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल का कहना है कि तंबाकू में मौजूद हानिकारक रसायन न केवल व्यक्ति को गंभीर बीमारियों से ग्रसित करते हैं, बल्कि धीरे-धीरे मौत के करीब भी ले जाते हैं। ऐसे में हमें तंबाकू व अन्य नशों का कभी प्रयोग नहीं करना चाहिए। राहुल शर्मा बुधवार को जिले के गांव शिकारपुर में गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित कैंप में ग्रामीणों व विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। वे कैंप में मुख्य वक्ता रहे जबकि अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी सोनू सिंह ने की। राहुल शर्मा ने ग्रामीणों को धूम्रपान छोड़? और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि धूम्रपान से फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक और कई अन्य जानलेवा बीमारियां हो सकती हैं।

तंबाकू का सेवन न केवल हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को तंबाकू और धूम्रपान के खतरों से अवगत कराया।

गांव के युवाओं ने ली नशामुक्त जीवन की शपथइस कार्यक्रम के दौरान गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने धूम्रपान और नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ ली। राहुल शर्मा ने ग्रामीणों को यह संकल्प दिलाया कि वे खुद तंबाकू से दूर रहेंगे और अपने परिवार व दोस्तों को भी इसके खिलाफ जागरूक करेंगे। होली पर्व को नशामुक्त बनाने की अपीलराहुल शर्मा ने होली पर्व के मद्देनजर ग्रामीणों से अपील की कि वे इस पर्व को नशामुक्त और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि गुलाल लगाओ-जल बचाओ-नशा न अपनाओ-होली पर्व को खुशी से मनाने आह्वान किया। राहुल शर्मा ने कहा कि होली रंगों और खुशियों का पर्व है, इसे शराब, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूषित न करें। उन्होंने ग्रामीणों को संदेश दिया कि वे अपने परिवार और बच्चों को स्वस्थ भविष्य देने के लिए नशे से दूर रहें और समाज में एक सकारात्मक उदाहरण पेश करें। इस मौके पर डॉ. दिनेश नैन, प्रशांत जोगी, अंजलि जागलान, जयराम श्योराण, सतबीर सिंह, साधुराम आदि ग्रामीण लोग एवं एनएसएस छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की।

## एम्स से जनता को लाभ, कांग्रेस को हो रही परेशानी : डॉ. राजीव बिंदल

**शिमला। एजेंसी**




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि एम्स बिलासपुर के माध्यम से प्रदेश की जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी इससे आहत दिख रही है। उन्होंने कहा कि एम्स जैसी विश्वविख्यात संस्था से हिमाचल प्रदेश की आधी से ज्यादा आबादी को लाभ मिल रहा है परंतु कांग्रेस को यह हजम नहीं हो रहा। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर कांग्रेस को जनता की भलाई से इतनी परेशानी क्यों हो रही है? डॉ. बिंदल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा लगातार अपने मंत्रालय के माध्यम से एम्स को नई सौगातें दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि एम्स बिलासपुर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से एक सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में उभर रहा है। अभी तक 3,000 करोड़ रुपये से अधिक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और यह संस्थान एक मॉडल चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एम्स जैसी संस्था पर कांग्रेस अगर उंगली उठाएगी, तो उसे करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के शासन में प्रदेश में तालाबंदी जैसा माहौल बन गया है, क्या एम्स भी उनकी इस नीति के निशाने पर है? कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर एम्स को लेकर अनर्गल प्रचार कर रही है, जो पूरी तरह से अनुचित है। डॉ. बिंदल ने बिलासपुर में एक मरीज का उदाहरण देते हुए कहा कि एक महिला तीन महीने से पीईटी स्कैन की तिथि का इंतजार कर रही थी।

